सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट 2025-26

पशुपालन और डेयरी विभाग
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2025-26

पशुपालन और डेयरी विभाग
मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
भारत सरकार

fo”k; lwph		
Ø-l-	v/;k; dk uke	i`”B l-

Ø-l-	v/;k; dk uke	i`”B l-
1-	miyfC/k;ksa dk flagkoyksdu	1&12
2-	laxBu	13&28
3-	xksi’kq fodkl	29&78
4-	Ms;jh fodkl	79&92
5-	i’kqikyu	93&110
6-	i’kq/ku LokLF;	111&140
7-	i’kqikyu lkaf[;dh	141&158
8-	0;kikj lac/kh ekeys	159&162
9-	vuqlwfpr tkfr mi&;kstuk ¼,l lh,l ih½ vkSj tutkrh; mi&;kstuk ¼Vh,l ih½	163&166
10-	efgyk l’kfädj.k	167&178
11-	vUrjk”Vªh; lg;ksx	179&182
12-	tSo&tUrq dY;k.k	183&192
13-	_.k] foLrkj vkSj çpkj	193&224
14-	foHkkxh; y[kk laxBu	225&240
15-	laln vuqHkkx dk dk;Zdyki	241&246
16-	foHkkx dh lkbcj lqj{kk fLFkfr	247&252

vuqca/k

Ø-l-	v/;k; dk uke	i`"B l-
1-	vuqca/k&I 20oha i'kq/ku lax.kuk o"kZ 2019 ds nkSjku jkT; okj i'kq/ku vkSj iksYVªh dh dqy la[;k	255
2-	vuqca/k&II çeq[k i'kq/ku mRikn dk mRiknu – vf[ky Hkkjrh;	257
3-	vuqca/k&III o"kZ 2024&25 vkSj o"kZ 2025&26 ¼fnukad 31-12-2025 rd½ ds nkSjku foÙkh; vkcaVu rFkk 0;;	259
4-	vuqca/k&IV laxBukRed pkVZ eRL;ikyu] i'kqikyu vkSj Ms;jh ea=ky; ¼i'kqikyu vkSj Ms;jh foHkkx½	260
5-	vuqca/k&V i'kqikyu vkSj Ms;jh foHkkx dks vkcafVr fo"k;ksa dh lwph	262
6-	vuqca/k&VI i'kqikyu vkSj Ms;jh foHkkx ds lac)/v/khuLFk dk;kZy;ksa dh lwph	266
7-	vuqca/k&VII Þjk"Vªh; Ms;jh fodkl dk;ZØeß ds ?kVd ^d* ds vUrxZr jkT;&okj foÙkh; çxfr & ¼fnukad 31-12-2025 rd	268
8-	vuqca/k&VIII Þjk"Vªh; Ms;jh fodkl dk;ZØeß ds ?kVd ^d* ds vUrxZr jkT;&okj okLrfod çxfr & ¼fnukad 31-12-2025 rd½	270
9-	vuqca/k&IXI & 31 fnlacj] 2025 rd vLirkyksa] fMLiassfj;ksa vkSj i'kq fpfdRlk lgk;rk dsaæksa dh la[;k	273
10-	vuqca/k& X & ESVHD-MVU ds vUrxZr enn iku okys jkT;ksa vkSj la?k jkT;{ks=ksa dh dqy la[;k rFkk tkjh dh xbZ fuf/k;ka	275
11-	vuqca/k& IX & 2025 ¼tuojh&tqu½ ds nkSjku Hkkjr esa i'kq/ku jksxksa çtkfrokj ?kVuk,a	276
12-	vuqca/k& XII & i'kq/ku okf"kZd fjiksVZ 01-01-2025 &fnukad 31-12-2025	278
13-	vuqca/k & XIII & ys[kkijh{kk ds vuqPNsn esa dh xbZ dkjZokbZ dh fjiksVZ	317
14-	vuqca/k XIV & eRL;ikyu] i'kqikyu vkSj Ms;jh ea=ky; esa ys[kk laxBu dh LFkkiuk	324

अध्याय-1

miyfC/k;k dk flgkoykdu

miyfC/k;ksa dk flagkoyksdu

अध्याय 1

1-1 भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुधन क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यह रोजगार सृजन और किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। वर्ष 2023–24 में वर्तमान मूल्य पर कृषिगत GVA में इसका 30.87% और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5.5% का योगदान है। हालिया वर्षों में इस क्षेत्र की मजबूत और निरंतर वृद्धि, जीवनशैली और खान–पान में बदलाव, जनसंख्या वृद्धि, पशुपालन में उन्नत प्रबंधन पद्धतियों एवं तकनीक जैसे कारकों से प्रेरित है। शहरीकरण की संभावित चुनौती के बावजूद, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांस, दूध और अंडे जैसे पशुधन उत्पादों की बढ़ती मांग इस क्षेत्र की अपार विकास क्षमता को दर्शाती है। सरकारी पहलें किसानों को प्रति पशु उत्पादकता बढ़ाने और अपर्याप्त अवसंरचना, पशु रोगों और आनुवंशिक गुणवत्ता जैसी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने में सहायता करके इस गति को और बढ़ावा देती हैं। पिछले एक दशक में, इस क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसका सकल मूल्य वर्धन (GVA) वर्ष 2014&15 ls o"kZ 2023&24 तक लगभग तीन गुना हो गया है। यह 12-77% की औसत वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। इस निरंतर वृद्धि ने पशुधन को भारत के कृषि क्षेत्र के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में मजबूती से स्थापित कर दिया है, जो इसके कुल आर्थिक आउटपुट में लगभग एक तिहाई का योगदान देता है।

1-2 पशुपालन और कृषि एक दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं और टिकाऊ खाद्य प्रणालियों के लिए आवश्यक हैं। अपने पारंपरिक महत्व से परे, पशुपालन अब ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के लिए नवाचार और शक्ति का स्रोत बन गया है। जलवायु–अनुकूल पशु देखभाल, स्वच्छ ऊर्जा के लिए बायोगैस उत्पादन और भूमि को उर्वर बनाने के लिए चराई जैसी आधुनिक पद्धतियों को अपनाकर, यह क्षेत्र पर्यावरण को स्वस्थ बनाने में सक्रिय रूप से सहयोग करता है। इसके अतिरिक्त, पशुपालन, विशेष रूप से महिलाओं और वंचित समुदायों के लिए व्यवसाय शुरू करने के अवसर प्रदान करता है, जिससे व्यापक वित्तीय भागीदारी और निष्पक्ष आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

1-3 पशुधन क्षेत्र के GVA में पशुओं के गोबर का महत्वपूर्ण योगदान है। वर्ष 2023–24 में इसका GVA में योगदान 92,958 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2014–15 में यह 45,455 करोड़ रुपये था। इसमें से पशुओं के गोबर का उपयोग कुल गोबर के उपयोग का लगभग दो–तिहाई रहा है, जो सतत कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इसके स्थिर और महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। पशुओं का गोबर मिट्टी के रासायनिक, वास्तविक और जैविक गुणों में सुधार करके उसकी उर्वरता

बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पोषक तत्वों और कार्बनिक पदार्थों के साथ मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है, साथ ही पोषक तत्वों को बनाए रखने की मिट्टी की क्षमता को भी बढ़ाता है। भौतिक रूप से गोबर, मिट्टी के संघनन को कम करने, छिद्र स्थान बढ़ाने, नमी बनाए रखने की क्षमता में सुधार करने और कटाव के प्रतिरोध को बढ़ाने में मदद करता है। जैविक रूप से, यह विविध सूक्ष्मजीवों को पनपने में मदद करता है जो पोषक तत्व चक्रण और मिट्टी की दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

हालांकि, ये लाभ किस सीमा तक मिल पाएंगे यह खाद के प्रकार, प्रयोग की मात्रा और स्थानीय पर्यावरणीय परिस्थितियों जैसे कारकों पर निर्भर करता है। खाद, रासायनिक उर्वरकों का एक टिकाऊ विकल्प तो है, लेकिन पोषक तत्वों के बहाव और असमान परिणामों जैसी समस्याओं से बचने के लिए इसके सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता होती है। इसलिए, इससे प्राप्त होने वाले लाभ अधिकतम करने और संभावित जोखिमों

को कम से कम करने के लिए इनके प्रयोग की उचित विधियां महत्वपूर्ण हैं।

1-4 जुलाई 2023 – जून 2024 और जुलाई 2024–जून 2025 के दौरान आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, राष्ट्रीय उद्योग वर्गीकरण (NIC–2008) के उद्योग समूह 014 (पशु उत्पादन) और उद्योग समूह 015 (मिश्रित खेती) में कार्यरत सामान्य स्थिति (PS+SS) के श्रमिकों का अनुमानित प्रतिशत नीचे तालिका में दिया गया हैः–

rkfydk 1% PLFS o"k 2023&24 vkj o"k 2024&25 d nkjku NIC&2008 d m|kx leg 014 vkj 015 e lkekU;r% dk;jr 0;fä ;k ¼PS+SS½ dk çfr'kr

m|kx leg ¼3&vadh; dkM½ ¼NIC- 2008 d vu|lkj½	m|kx leg dk fooj.k	lkekU;r% dk;jr 0;fä ;k dk ifr'kr (PS+SS) o"k 2023&24	lkekU;r% dk;jr 0;fä ;k dk ifr'kr ¼PS+ SS½ o"k 2024&25
014	पशु उत्पादन	6.34	6.34
015	मिश्रित खेती	4.34	4.34

स्रोतः आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट, वर्ष 2023–24 और वर्ष 2024–25, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

0;k[;kRed fVIi.kh

(i) श्रमिक (नियोजित व्यक्ति) परिभाषाः वे व्यक्ति जो संदर्भ अवधि के दौरान किसी आर्थिक कार्यकलाप में लगे हुए थे या जो आर्थिक कार्यकलाप से जुड़े होने के बावजूद रोग, चोट या अन्य शारीरिक अक्षमता, खराब मौसम, त्योहारों, सामाजिक या धार्मिक समारोहों या अन्य आकस्मिकताओं के कारण अस्थायी रूप से काम से अनुपस्थित रहे, श्रमिक कहलाते हैं।

(ii) सामान्य स्थिति वाले श्रमिक (ç/kku fLFkfr vkj vu|'kxh fLFkfr½ dh ifjHkk"kk% सामान्य स्थिति वाले श्रमिकों (PS+SS) की पहचान सामान्य प्रधान स्थिति (PS) और सहायक स्थिति (SS) दोनों को मिलाकर की जाती है। सामान्य स्थिति वाले श्रमिकों (PS+SS) में निम्न शामिल हैं: (क) वे व्यक्ति जिन्होंने सर्वेक्षण की तिथि से पूर्व के 365 दिनों में अपेक्षाकृत लंबे समय तक काम किया हो, और (ख) शेष जनसंख्या में से वे व्यक्ति जिन्होंने सर्वेक्षण की तिथि से पूर्व के 365 दिनों की संदर्भ अवधि के दौरान कम से कम 30 दिन काम किया हो।

1.5 भारत की नवीनतम पशुधन संगणना देश में फार्म पशुओं की विशाल आबादी को दर्शाती है, जो ग्रामीण आजीविका और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग बने हुए हैं। 303.76 मिलियन गोपशु, भैंस, मिथुन और याक सहित बोवाइन आबादी भारत के दूध उद्योग और कृषि श्रम का आधार है। छोटे रूमिनेंट्स भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंः वर्ष 2019 में, भेड़ों की संख्या 74.26 मिलियन और बकरियों की संख्या 148.88 मिलियन थी, जो विशेष रूप से शुष्क और अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में मांस, दूध और ऊन की आपूर्ति करती हैं। 9.06 मिलियन की आबादी के साथ सूअर उत्तर–पूर्वी और आदिवासी समुदायों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। लगभग 851.81 मिलियन पक्षियों के साथ पोल्ट्री, किफायती अंडों और मांस की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करती है।

विभिन्न क्षेत्रों में पशुधन – वितरण, स्थानीय जलवायु परिस्थितियों और सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुकूलन को दर्शाता है। यह विविधता छोटे किसानों और व्यावसायिक उद्यमों दोनों को सहारा देती है। पशुधन क्षेत्र, रोजगार सृजन करके, स्थिर आय प्रदान करके और फसल खराब होने की स्थिति में बफर के रूप में कार्य करके भारतीय कृषि में महत्वपूर्ण योगदान देता

है – विशेष रूप से छोटे किसानों के लिए यह एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस क्षेत्र के इतना महत्वपूण होने के बावजूद, इसे लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख बाधाओं में अपर्याप्त चारा संसाधन, पशु रोगों का प्रसार और जलवायु परिवर्तन के प्रति

बढ़ती संवेदनशीलता शामिल हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए लक्षित पहलों की आवश्यकता है, जैसे नस्लों का आनुवंशिक सुधार, पशु चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करना, जलवायु–अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और उत्पादकों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना।

पशु उत्पादों की वैश्विक मांग में वृद्धि के साथ, भारत का पशुधन क्षेत्र आर्थिक विकास और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए रणनीतिक रूप से उपयुक्त स्थिति में है। पिछली दो संगणनाओं के दौरान पशुधन और पोल्ट्री आबादी का प्रजातिवार वितरण तालिका 1.2 में दिया गया है।

rkfydk 1-2% i'kq/ku vkj ikYVh dh vkcknh

Ø-l-	çtkfr;k	19oh i'kq/ku lx.kuk o"k 2012 ¼ l[;k yk[k e½	20oh i'kq/ku lx.kuk o"k 2019 ¼ l[;k yk[k e½	fodkl nj o"k 2012&19 ¼çfr'kr e½
1	गोपशु	190.90	193.46	1.34
2	भैंस	108.70	109.85	1.06
3	याक	0.08	0.06	–24.90
4	मिथुन	0.30	0.39	29.52
dqy ckokbu		299-98	303-76	1-26
5	भेड़	65.07	74.26	14.13
6	बकरी	135.17	148.88	10.14
7	सूअर	10.29	9.06	–12.03
8	अन्य पशु	1.54	0.79	–48.70
dqy i'kq/ku		524-34	536-76	4-82
9	पोल्ट्री	729.21	851.81	16.81

पशुधन और पोल्ट्री की विभिन्न प्रजातियों की राज्य वार आबादी का विवरण vuqc/k&I में दिया गया है।

1-6 i'kq/ku mRiknu

1-6-1 मई 2025 में जारी MoSPI के सकल मूल्य वर्धन (GVA) के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023–24 में पशुधन क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था में 15,05,615 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो कुल कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के GVA का 30.87% और उस वर्ष के लिए भारत के संपूर्ण GVA का 5.49% है। स्थिर कीमतों (वर्ष 2011–12) पर, वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान पशुधन क्षेत्र का GVA लगभग 7,27,481 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 5.41% की वृद्धि दर्शाता है।

ग्राफ 1.1: वर्तमान कीमतों पर कृषि क्षेत्र के GVA और कुल GVA में पशुधन क्षेत्र का योगदान



ग्राफ 1.2: वर्तमान कीमतों पर कृषि क्षेत्र के GVA और कुल GVA में अन्य कृषि कार्यकलापों का योगदान



1-6-2 n/k mRiknu

Hkkjrh; M;jh m|ksx dh 'kkunkj lQyrk tkjh g

दूध उत्पादन में निरंतर और प्रभावशाली वृद्धि के कारण भारत ने स्वयं को विश्व के शीर्ष दूध उत्पादक के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है। वर्ष 2014–15 से वर्ष 2024–25 के दशक में, दूध उत्पादन में 5.41% की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (CAGR) से लगातार बढ़ोतरी हुई और वर्ष 2024–25 में यह रिकॉर्ड 247.87 मिलियन टन तक पहुंच गया। FAO के अनुसार, भारत अब अमेरिका, पाकिस्तान, चीन और ब्राजील जैसे देशों से आगे निकलकर दूध उत्पादन में विश्व में अग्रणी है।

ग्राफ 1.3: वर्ष 2015–16 से वर्ष 2024–25 तक दूध उत्पादन और उसके संगत वार्षिक वृद्धि दर



1-6-2-1 दूध उत्पादन की औसत दर: वर्ष 2024–25 के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पशुओं से प्रति दिन प्रति पशु दूध उत्पादन की औसत दर नीचे दी गई है:

rkfydk 1-3 % n/k dk vklr mRiknu

fon'kh@ ladj uLy dh xk; ¼fdxk@ fnu@i'k½	ladj uLy dh xk; ¼fdxk-@ fnu@i'k½	n'kh xk; ¼fdxk@ fnu@i'k½	u,u&fMfLØIV xk; ¼fdxk@ fnu@i'k½	n'kh Hkl ¼fdxk@ fnu@i'k½	u,u&fMfLØIV Hkl ¼fdxk-@ fnu@i'k½	cdjh ¼fdxk@ fnu@i'k½
11.11	8.95	4.25	3.48	6.92	5.57	0.57

स्रोत: मूलभूत पशुपालन सांख्यिकी– वर्ष 2025

1-6-2-2 o"kZ 2024&25 ds nkSjku nw/k mRiknu dk çfr'kr fgLlk

ग्राफ 1.4: वर्ष 2024–25 में प्रजाति–वार दूध का योगदान



भारत में दूध का उत्पादन मुख्य रूप से भैंसों, गोपशु और बकरियों से होता है। भैंसें, विशेष रूप से देसी और नॉन–डिस्क्रिप्ट नस्लें, सबसे बड़ा योगदान देती हैं, जो कुल दूध आपूर्ति का 43.15% हिस्सा हैं। इसके बाद, संकर नस्ल और विदेशी गोपशुओं का योगदान 32.69% है, जबकि देशी और नॉन–डिस्क्रिप्ट गोपशुओं का योगदान 20.84% है। बकरियों का योगदान भले ही कम हो, लेकिन महत्वपूर्ण है, जिनका देश के कुल दूध उत्पादन में 3.32% हिस्सा है। ये सभी पशु मिलकर भारत के डेयरी उद्योग की विविध नींव बनाते हैं।

1-6-3 vaMk mRiknu

Hkkjr us vaMk mRiknu esa ,d çHkko'kkyh miyfC/k gkfly dh gSA

वर्ष 2014–15 और वर्ष 2024–25 के बीच, अंडे के उत्पादन में 6-62% की **CAGR** से वृद्धि हुई और वर्ष 2024–25 में यह 149.11 बिलियन अंडों के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारत को चीन के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंडा उत्पादक देश बना दिया है। देश ने अब संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनेशिया और ब्राजील जैसे अन्य अग्रणी उत्पादकों को पीछे छोड़ दिया है। यह इस महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र में इसकी ताकत और क्षमता को दर्शाता है।

ग्राफ 1.5: वर्ष 2015–16 से वर्ष 2024–25 तक अंडा उत्पादन और उसके संगत वार्षिक वृद्धि दर



1-6-4 ekl mRiknu

Hkkjr e ekl mRiknu e etcr of) n[kh xbl gA

वर्ष 2014–15 और वर्ष 2024–25 के बीच, इसके उत्पादन में 4.61% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ोतरी हुई, और वर्ष 2024–25 में यह रिकॉर्ड 10.50 मिलियन टन तक पहुंच गया। इस उपलब्धि के साथ भारत चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राजील के बाद विश्व का चौथा सबसे बड़ा मांस उत्पादक बन गया है। यह निरंतर वृद्धि वैश्विक मांस उद्योग में भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव को दर्शाती है।

चार्ट 1.6: वर्ष 2015–16 से वर्ष 2024–25 तक मांस उत्पादन और उसके संगत वार्षिक वृद्धि दर



1-6-5 Åu mRiknu

ifjorlu dh gok% Hkkjr dk Åu m|kx ubl pukfr;k dk lkeuk dj jgk g

भारत के कृषि क्षेत्र ने भले ही कई सफलताएँ हासिल की हों, लेकिन इसका ऊन उद्योग परिवर्तन और अनुकूलन की एक अलग ही कहानी बयां करता है। वर्ष 2014–15 से वर्ष 2024–25 तक, ऊन उत्पादन में

3.25% की CAGR से गिरावट आई है। इस गिरावट के परिणामस्वरूप वर्ष 2024–25 में ऊन का उत्पादन 34.57 मिलियन किलोग्राम रहा, जो भारत के पारंपरिक ऊन उत्पादक क्षेत्रों की गतिशीलता में बदलाव का संकेत देता है।

चार्ट 1.7. वर्ष 2015–16 से वर्ष 2024–25 तक ऊन उत्पादन और उसके संगत वार्षिक वृद्धि दर



वर्ष 2011–12 से वर्ष 2022–23 तक प्रमुख पशुधन उत्पादों (MLP) के उत्पादन का विवरण अनुबंध–II में दिया गया है।

1-6-6 Hkkjr dk i'kq/ku mRiknk dk oSfÜod ifj–';%



स्रोतः FAO वेबसाइट और BAHS वर्ष 2025

1-7 ,& gYi ¼LokLF; vkj i'k/ku mRiknu dk foLrkj dk fy, ekU;rk çkIr ,tV½

- ग्रामीण आर्थिक विकास के लिए स्वयं सहायता समूहों (SHG) का लाभ उठाने के उद्देश्य से, भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (MFAHD) के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय (MORD) के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) ने दिनांक 1 सितंबर 2021 को एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार, पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ''ए–हेल्प'' नामक एक नए मान्यता प्राप्त मॉडल के माध्यम से पशुधन संसाधन व्यक्तियों और प्राथमिक सेवा प्रदाताओं के रूप में पशुसखियों (स्वयं सहायता समूहों (SHG)) के सदस्यों की सेवाओं का लाभ उठाएगा।
- यह कार्यक्रम वर्ष 2022 में शुरू किया गया था, और तब से अब तक 293 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और 908 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। NDDB द्वारा तैयार किए गए राज्य–वार मास्टर ट्रेनरों का विवरण निम्नलिखित है:

ekLVj Vªul çkxke dh lefdr fLFkfr

Ø-la-	jkT;@la?k jkT; {ks=	vk;kftr dk;Øeka dh la[;k	mifLFkr çfrHkkfx;ka dh la[;k
1	मध्य प्रदेश	5	60
2	जम्मू और कश्मीर	2	40
3	उत्तराखंड	4	59
4	झारखंड	4	59
5	महाराष्ट्र	3	59
6	बिहार	3	60
7	गुजरात	4	99
8	कर्नाटक	4	126
9	केरल	3	65
10	असम	2	40
11	राजस्थान	3	74
12	छत्तीसगढ़	3	61
13	मिजोरम	2	10
14	सिक्किम	1	5
15	अंडमान और निकोबार द्वीप	2	5
16	त्रिपुरा	2	10
17	ओडिशा	2	33
18	उत्तर प्रदेश	2	43
	dqy	51	908

- केरल, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड, झारखंड, असम, महाराष्ट्र, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, ओडिशा, त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ सहित 16 राज्यों में ए–हेल्प के कुल 293 जमीनी स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 7504 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम एएचडी प्रशिक्षण केंद्रों/आरएसईटीआई/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों / एनजीओ/ न्यास/एलडीबी प्रशिक्षण केंद्रों/ निजी प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किए जाते हैं।
- ए–हेल्प कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों का राज्य वार विवरण नीचे दिया गया है:

Ø-l-	jkT;@la?k jkT; {ks=	dk;Øeksa dh la[;k	çf'kf{kr çfrHkkfx;ksa dh la[;k
1	मध्य प्रदेश	41	1047
2	जम्मू और कश्मीर	24	599
3	बिहार	50	1246
4	गुजरात	21	486
5	कर्नाटक	18	542
6	झारखंड	12	294
7	उत्तराखंड	20	506
8	असम	6	150
9	केरल	15	438
10	महाराष्ट्र	24	651
11	मिजोरम	9	225
12	राजस्थान	3	70
13	सिक्किम	4	100
14	ओडिशा	37	928
15	त्रिपुरा	5	120
16	छत्तीसगढ़	4	102
dqy		293	7504

1-8 o"kZ 2024&25 vkSj o"kZ 2025&26 dh okf"kZd ;kstuk

1-8-1 वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए विभाग को बीई चरण में 4931.24 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो आरई चरण में घटकर 4014.25 करोड़ रुपये रह गए। वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वास्तविक व्यय 3649.25 करोड़ रुपये था। वर्ष 2025–26 के लिए विभाग को बीई चरण में 5055.40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो आरई चरण में घटकर 5482.83 करोड़ रुपये रह गए हैं। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आवंटित निधि में से 3461.42 करोड़ रुपये (दिनांक 31.12.2025 तक) का व्यय किया है।

1-8-2 वित्तीय वर्ष 2024–25 और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए योजना वार बीई, आरई और वास्तविक व्यय (दिनांक 31.12.2025 तक की स्थिति के अनुसार) अनुबंध–III में दिया गया है।

***

अध्याय-2

lxBu

lxBu

अध्याय 2

2-1 l|jpuk

2.1.1 पशुपालन और डेयरी विभाग, दिनांक 14.06.2019 के मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना संख्या एसओ 1972 (ई) के अनुसार मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभागों में से एक है। पशुपालन और डेयरी विभाग मूल रूप से दिनांक 1 फरवरी, 1991 को कृषि और सहकारिता विभाग के दो प्रभागों अर्थात पशुपालन और डेयरी विकास को एक अलग विभाग में विलय करके अस्तित्व में आया था। कृषि और सहकारिता विभाग का मत्स्यपालन प्रभाग और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का एक हिस्सा बाद में दिनांक 10 अक्टूबर, 1997 को इस विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्ष 2019–20 की अंतरिम बजट घोषणा अनुसरण में, मत्स्यपालन प्रभाग को मंत्रिमंडल सचिवालय की दिनांक 05.02.2019 अधिसूचना संख्या एसओ 762 (ई) के अनुसार पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग से अलग करके मत्स्यपालन विभाग नामक एक नए विभाग के रूप में अलग किया गया है।

2.1.2 यह विभाग श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के समग्र प्रभार में है। उन्हें दो राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और श्री जॉर्ज कुरियन द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। विभाग के प्रशासनिक प्रमुख पशुपालन और डेयरी सचिव हैं।

2.1.3 इस विभाग को सौंपी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन में विभाग के सचिव को पशुपालन आयुक्त, दो अपर सचिव, एक संयुक्त सचिव और एक सलाहकार (सांख्यिकी) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। विभाग का संगठनात्मक चार्ट और विभिन्न प्रभागों के बीच कार्य आवंटन vu|c/k&IV में दिया गया है ।

2-2 dk;l

2.2.1 विभाग पशुधन उत्पादन, संरक्षण, स्टॉक की सुरक्षा और सुधार, डेयरी विकास, दिल्ली दुग्ध योजना, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, भारतीय जीव–जंतु कल्याण बोर्ड और पशुओं पर प्रयोगों के नियंत्रण और पर्यवेक्षण समिति (CCSEA) से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार है ।

2.2.2 विभाग पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण में राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह देता है। कार्यकलाप का मुख्य ध्यान (क) पशु उत्पादकता में सुधार के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अपेक्षित अवसंरचना के विकासः (ख) दूध और दूध उत्पादों की हैंडलिंग, प्रसंस्करण और विपणन के लिए अवसंरचना को बढ़ावा देनाः (ग) स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान के माध्यम से पशुधन का संरक्षण और सुरक्षाः (घ) राज्यों को वितरण के लिए बेहतर जर्मप्लाज्म के विकास के लिए केंद्रीय पशुधन फार्मों (गोपशु, भेड़ और पोल्ट्री) को सुदृढ़ करना और (ड) भारतीय जीव–जंतु कल्याण बोर्ड (AWBI) और पशुओं पर प्रयोगों के नियंत्रण और पर्यवेक्षण समिति (CCSEA) से संबंधित मामलों पर है।

2.2.3 विभाग को आबंटित विषयों की सूची vu|c/k&V में दी गई है।

2-3 v/khuLFk dk;ky;

2-3-1 विभाग पूरे देश में फैले निम्नलिखित क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रशासन की देखभाल करता है (तालिका 2.1)।

rkfydk 2-1% v/khuLFk dk;ky;

Ø- l-	v/khuLFk dk;ky;	l[;k
(i)	पशुपालन उत्कृष्टता केंद्र*	1
(ii)	नस्ल सुधार संस्थान	10
(iii)	केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन	4
(iv)	केंद्रीय भेड़ प्रजनन फार्म	1
(v)	क्षेत्रीय चारा केंद्र	7
(vi)	चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान, बागपत	1
(vii)	पशु संगरोध प्रमाणन सेवा केंद्र	5
(viii)	दिल्ली दुग्ध योजना	1
	कुल	30

*पशुपालन उत्कृष्टता केंद्र (CEAH) की स्थापना भारत सरकार, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पशुपालन और डेयरी विभाग के तहत हेसरघट्टा, बेंगलुरु में 5 संगठनों के एक संघ के रूप में दिनांक 14 मार्च, 2023 के आदेश संख्या एफए–430011/3/2023–स्था. (मुख्यालय), तहत की गई है। यह भारत सरकार के ''मिशन कर्मयोगी'' के तहत राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (NPCSCB) के लिए डीओपीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार बनाया गया है। सीईएएच 642 एकड़ में फैला हुआ है, जो हेसरघट्टा, बेंगलुरु में पांच संस्थानों में फैला है, अर्थात् (i) केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन और प्रशिक्षण संस्थान (CPDO&TI), (ii) केंद्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान (CFSPTI), (iii) केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म (CCBF), (iv) पशु संगरोध और प्रमाणन सेवाएं (AQCS), बेंगलुरु और (v) क्षेत्रीय चारा स्टेशन (RFS)।

INDEX	
Heads	Symbol
Central Cattle Breeding Farm (CCBF)-7 Nos.	●
Central Herd Registration Unit (CHRU)-4 Nos.	▮
Regional Fodder Station (RFS)-8 Nos.	*
National Institute of Animal Health (NIAH), UP-1 Nos.	◆
Animal Quarantine & Certification Service Station (AQCS)-6 Nos.	T

Central Sheep Breeding Farm - 1 No.	▲
Central Poultry Development Organization (CPDO)- 5 Nos.	✚
Central Frozen Semen Production and Training Institue	⬮

2-3-2 mi;|ä v/khuLFk dk;kZy;ksa dh lwph vuqc/k&VI esa nh xbZ gSA

2-4 o/kkfud@Lok;Ùk fudk;

2-4-1 jk"Vªh; MsjhfodkldkMZ (NDDB)

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) का मुख्यालय आणंद, गुजरात (भारत) में है, जिसकी स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी और तत्पश्चात वर्ष 1987 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया। एनडीडीबी ने वर्ष 1970 से वर्ष 1996 तक ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम की सफलतापूर्वक योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया। हाल ही में, एनडीडीबी राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) और मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सहायता/सहयोग भी कर रहा है।

एनडीडीबी सहकारी रणनीतियों का पालन करते हुए डेयरी तथा अन्य कृषि और संबद्ध उद्योगों के विकास के लिए कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है, योजना बनाता है और उनका आयोजन करता है और डेयरी सहकारी समितियों को तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए सहायता प्रदान करता है। एनडीडीबी और इसकी सहायक कंपनियों का मुख्य ध्यान पशु प्रजनन, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, अभियांत्रिकी सेवाएं, सहकारी सेवाएं, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, बायोगैस/खाद प्रबंधन आदि के माध्यम से सतत डेयरी आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर डेयरी क्षेत्र को अधिक कुशल, प्रभावी और टिकाऊ बनाना है। एनडीडीबी अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से अपनी स्वयं की योजनाएं भी चला रहा है जैसे– प्रगति संभावी दूध संघों को पुनर्जीवित करना, डेयरी सहकारी समितियों को समर्थन देने के लिए विपणन पहल, एथनो–पशु चिकित्सा दवाओं के माध्यम से रोग नियंत्रण कार्यक्रम, वन हेल्थ आदि।

वर्तमान में एनडीडीबी झारखंड दूध परिसंघ (JMF), वाराणसी दूध संघ, पश्चिम असम दूध उत्पादक सहकारी संघ (WAMUL), पूर्वी असम दूध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (EAMUL), नॉर्थ ईस्ट डेयरी और आहार लिमिटेड (NEDFL), विदर्भ मराठवाड़ा डेयरी विकास परियोजना (VMDDP), लद्दाख डेयरी परिसंघ लिमिटेड, छत्तीसगढ़ सहकारी डेयरी परिसंघ और महाराष्ट्र राज्य सहकारी दुध महासंघ मर्यादित के संचालन को प्रबंधित कर रहा है।

एनडीडीबी भारत को ''विश्व की डेयरी'' बनाने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिसके लिए कई पहलें की जा रही हैं। एनडीडीबी श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों और केन्या जैसे छोटे स्तर की डेयरी प्रणाली वाले देशों को सहकारी रणनीतियों और वैज्ञानिक हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन के माध्यम से अपने डेयरी क्षेत्र की बदलाव में सहायता करने के लिए पहलों का समन्वय भी कर रहा है।

एनडीडीबी अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों तथा राज्य सरकारों की योजनाओं और कार्यक्रमों का भी लाभ उठा रहा है। एनडीडीबी राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड, भारतीय बीज सहकारी संघ लिमिटेड का मुख्य प्रवर्तक है, जो राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्यीय सहकारी समितियां हैं, जो संबंधित मूल्य श्रृंखला में एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करती हैं, जिसमें पशुपालन और डेयरी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ।

2-4-2 i'kq fpfdRlk i)fr dk fofu;eu%

Hkkjrh; i'kq fpfdRlk ifj"kn

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (VCI) भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 के प्रावधान के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। भारतीय पशु चिकित्सा परिषद पशु चिकित्सा पद्धतियों को विनियमित करने के साथ–साथ देश भर के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक के माध्यम से पशु चिकित्सा शिक्षा के समान मानकों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद में 27 सदस्य होते हैं – 5 (पांच) सदस्य, जो भारत सरकार द्वारा उन राज्यों के पशुपालन निदेशकों में से नामित होते हैं, जिन राज्यों पर यह अधिनियम लागू होता है, 4 (चार) सदस्य, जिन राज्यों पर यह अधिनियम लागू होता है, वहां के पशु चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों में से, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा नामित 1 (एक) सदस्य, पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए 1 (एक) सदस्य, भारतीय पशु चिकित्सा संघ द्वारा नामित 1 (एक) सदस्य, उन राज्यों के राज्य पशु चिकित्सा परिषदों के अध्यक्षों में से नामित 1 (एक) सदस्य, जिन राज्यों पर यह अधिनियम लागू होता है और उन राज्यों के राज्य पशु चिकित्सा संघों के अध्यक्षों में से नामित 1 (एक) सदस्य, जिन राज्यों पर यह अधिनियम लागू होता है। भारतीय पशुचिकित्सा व्यवसायी रजिस्टर में नामांकित व्यक्तियों में से 11(ग्यारह) सदस्य चुने जाते हैं। भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त और भारतीय पशुचिकित्सा परिषद के सचिव, परिषद के पदेन सदस्य हैं।

देश में प्रशिक्षित पशु चिकित्सा कर्मियों की कमी को पूरा करने के लिए, देश में मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या अब बढ़कर 70 हो गई है, जिसमें सरकारी क्षेत्र के 58 मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय शामिल हैं।

देश में पशु चिकित्सा शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और पशु चिकित्सा शिक्षा के न्यूनतम मानकों – डिग्री कोर्स (BVSC&AH) विनियम, वर्ष 2016 के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए परिषद पशु चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, वर्ष 1984 की धारा 19 और 20 के प्रावधानों के तहत समय–समय पर बीवीएससी और एएच डिग्री प्रदान करने वाली परीक्षाओं के संबंध में पशु चिकित्सा महाविद्यालयों का निरीक्षण करती है।

परिषद ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, वर्ष 1984 की धारा 24 और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (पंजीकरण) विनियम, वर्ष 1992 के प्रावधानों के अनुसार भारतीय पशु चिकित्सा परिषद में अपना नाम पंजीकृत कराने के इच्छुक 1049 चिकित्सकों को सीधे पंजीकृत किया है। वर्ष के दौरान, परिषद ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, वर्ष 1984 की धारा 52 के प्रावधानों के अनुसार एक राज्य से दूसरे राज्य में पशु चिकित्सा चिकित्सकों के पंजीकरण के हस्तांतरण के लिए 645 आवेदनों का निपटारा किया।

वर्ष 2025 के दौरान परिषद ने अखिल भारतीय कोटा की 15% सीटें भरने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग आयोजित की और बी.वी.एस.सी. एवं ए.एच. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 731 सीटें भरी गईं।

वर्ष 2025 के दौरान, नए पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए 14 आशय पत्र (LOI) जारी किए गए हैं। इनमें से 7 नए महाविद्यालयों को अंतिम मान्यता दी गई है, जिनमें से 5 को भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम वर्ष 1984 की पहली अनुसूची में अधिसूचित किया गया है और 2 अधिसूचित होने की प्रक्रिया में हैं। पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या वर्ष 2014 में 36 से बढ़कर वर्ष 2025 में 84 हो गई है। प्रवेश NEET स्कोर के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग प्रणाली द्वारा समर्थित हैं। विदेशी पशु चिकित्सा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चुके विदेशी पशु चिकित्सा स्नातकों

के पंजीकरण को सक्षम बनाने के लिए 'भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (विदेशी पशु चिकित्सा स्नातक पंजीकरण) नियम, वर्ष 2025' को दिनांक 26.12.2025 को अधिसूचित किया गया है।

2-4-3 Hkkjrh; tho tUrq dY;k.k cksMZ

भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड पशु कल्याण कानूनों पर एक वैधानिक सलाहकार निकाय है और देश में पशु कल्याण को बढ़ावा देता है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का क्रमांक 59) की धारा 4 के तहत 1962 में स्थापित, भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड की शुरुआत स्वर्गीय श्रीमती रुक्मिणी देवी अरुंडेल, जो एक प्रसिद्ध मानवतावादी थीं, के नेतृत्व में हुई थी। देश में पशु कल्याण कानूनों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने से लेकर पशु कल्याण संगठनों को अनुदान प्रदान करने और पशु कल्याण के मुद्दों पर भारत सरकार को सलाह देने तक, बोर्ड पिछले 62 वर्षों से देश में पशु कल्याण आंदोलन का चेहरा रहा है।

2-5 fo'ks"k vfHk;ku 5-0

विशेष अभियान 5.0 (SC 5.0) के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यकालपों का विवरण

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने दिनांक 2 से 31 अक्टूबर, 2025 के बीच "विशेष अभियान 5.0" का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक शिकायतों का समाधान करना, स्वच्छता अभियान आयोजित करना, रिकॉर्ड प्रबंधन आदि है।

पशु संगरोध एवं प्रमाणन सेवा (AQCS), कपासहेड़ा, नई दिल्ली में माननीय राज्य मंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान।

पशु संगरोध और प्रमाणन सेवा (AQCS), कापसहेड़ा, नई दिल्ली में ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यकलाप

माननीय राज्य मंत्री (FAHD और PR) कार्यालय कक्ष का दौरा करते हुए।

माननीय राज्य मंत्री द्वारा विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत हुई प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित समीक्षा बैठक

SC 5.0 के दौरान लक्ष्य और उपलब्धि का विवरणः–

fo’k”k vfHk;ku 5-0			
Ø-l-	ekunM	y{;	miyfC/k
1.	जन शिकायतें	214	302
2.	जन शिकायतें अपील	35	43
3.	संसदीय आश्वासन	5	5
4.	राज्य सरकार के संदर्भ	8	8
5.	प्रधानमंत्री कार्यालय का संदर्भ	3	3
6.	नियमों/प्रक्रियाओं में सरलीकरण	1	1
7.	वास्तविक (Physical) फाइलों की समीक्षा	24645	30020
8.	वास्तविक (Physical) फाइलों की छंटनी	22648	22648
9.	ई–फाइलों की समीक्षा	680	680
10.	ई–फाइलों को बंद करना	182	182
11.	स्थलों की स्वच्छता	221	237
12.	सांसदों से संदर्भ	15	11
12	राजस्व सृजन	5,86,973/– रु. (पांच लाख छियासी हजार नौ सो तिहत्तर रुपए)	
13	स्क्रैप निपटान और फाइलों को छांटने से खाली हुई जगह (वर्ग फुट)	5334	

fo’k”k vfHk;ku (SC) 5-0 dk nkjku foHkkxh; lokÙke dk;l

डीएएचडी के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म (CCBF), चिपलिमा, संबलपुर ने स्क्रैप लोहे का उपयोग करके एक गाय की प्रतिमा बनाई है। यह कलाकृति गोपशुओं और पशुधन के प्रति सम्मान का प्रतीक है, साथ ही अपशिष्ट पदार्थों के रचनात्मक पुनः उपयोग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देती है। कलात्मक अभिव्यक्ति ''अपशिष्ट से कला'' की अवधारणा को दर्शाती है, जो सौंदर्य मूल्य (Aesthetic value) के साथ नवाचार का प्रदर्शन करती है।

संबलपुर के चिपलिमा स्थित केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म (CCBF) में स्क्रैप लोहे से बनी गाय की प्रतिमा

fo'ks"k vfHk;ku 5-0 ds nkSjku vk;ksftr vU; dk;Zdyki%

- चित्रकारी द्वारा दीवारों का सौंदर्यीकरण
- वृक्षारोपण – एक पेड़ माँ के नाम
- स्वास्थ्य जाँच
- किसान सम्मेलन
- चित्रकारी प्रतियोगिता
- अपशिष्ट से कला
- अपशिष्ट से संपत्ति

<table>
<tr>
<td>
</td>
<td>
</td>
<td>
</td>
</tr>
<tr>
<td>सौरा चित्रकला – ओडिशा की एक पारंपरिक आदिवासी कला शैली – केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, चिपलिमा, संबलपुर (ओडिशा) द्वारा बनाई गई भित्ति चित्रकला</td>
<td>सुनाबेड़ा स्थित केंद्रीय पशु प्रजनन फार्म ने कोरापुट मेडिकल कॉलेज के सहयोग से ''विशेष अभियान 5.0'' के तहत सभी अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया।''</td>
<td>केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, चिपलिमा, संबलपुर (ओडिशा) द्वारा आयोजित दंत स्वास्थ्य शिविर।</td>
</tr>
<tr>
<td>
</td>
<td>
</td>
<td>
</td>
</tr>
<tr>
<td>क्षेत्रीय चारा केंद्र, सूरतगढ़ (जिला श्री गंगानगर, राजस्थान) ने एक सराहनीय पहल की है – खेतों में गिरे सूखे पत्तों और जैविक कचरे का उपयोग करके ''कम्पोस्ट खाद'' तैयार की जा रही है।</td>
<td>हैदराबाद स्थित पशु संगरोध एवं प्रमाणीकरण सेवा ने एमपीपीएस सरकारी प्राथमिक विद्यालय, थुक्कूगुडा में ''स्वच्छता'' विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।</td>
<td>केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, चिपलिमा, संबलपुर (ओडिशा) द्वारा विभिन्न शहरों के 3 कृषि विज्ञान केंद्रों में ''स्वच्छ दूध उत्पादन'' पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया।</td>
</tr>
</table>

आरएफएस चेन्नई ने कार्यालय परिसर की सफाई और ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।	हेसरघट्टा (बेंगलुरु) स्थित पशुपालन उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन पर जागरूकता शिविर।	केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, सुनाबेड़ा (ओडिशा) द्वारा पाल्मा गांव के पशुपालकों के लिए टीकाकरण, स्वच्छ दूध उत्पादन, कृमिनाशक, पशु स्वच्छता और स्वच्छ पर्यावरण के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

2-6 SC/ST/OBC/PWD/EWS d fy, lid vf/kdkjh

विभाग के मुख्यालय के साथ–साथ अधीनस्थ/क्षेत्रीय कार्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) और विकलांग व्यक्तियों (PWD) के लिए संपर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, सेवा में आरक्षण पर सरकारी नीति के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टर में अधीनस्थ कार्यालयों के लिए भी संपर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

2-7 lrdlrk bdkbl

2.7.1 सतर्कता इकाई इस विभाग और इसके अधीनस्थ कार्यालयों से संबंधित सतर्कता मामलों/शिकायतों की जांच और कार्रवाई करती है। नियमित मासिक और त्रैमासिक रिपोर्ट डीओपीटी, सीवीसी, पीएमओ आदि को प्रस्तुत की जाती है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ; सीवीसी की सलाह लेने से लेकर आरोप–पत्र जारी करने तक और सलाह और संबंधित निर्देशों के लिए सीवीसी और यूपीएससी के साथ नियमित समन्वय करके मामलों को अंतिम रूप देने तक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। मुख्य सतर्कता अधिकारी नियमित आधार पर सतर्कता मामलों की निगरानी करते हैं।

2.7.2 विभाग ने अपनी क्षेत्रीय इकाइयों के साथ दिनांक 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" था। सचिव (AHD) ने दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 को सुबह 11:00 बजे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। पूरे सप्ताह कृषि भवन और चंद्रलोक भवन परिसर के प्रमुख स्थानों पर सीवीसी की थीम को प्रदर्शित करते हुए बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए। सभी अधीनस्थ कार्यालयों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह और संबद्ध कार्यकलाप के पालन के संबंध में निर्देश दिए गए। डीएएचडी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों

को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने और राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (दिनांक 19.10.2024 से 25.10.2024) के दौरान आईगॉट प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम ''मिशन कर्मयोगी'' करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, वर्ष 2024 के अनुपालन के संबंध में दिनांक 30 नवंबर, 2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में सचिव, एएचडी (कमरा सं 218), के सम्मुख कृषि भवन में ''शपथ समारोह'' में पशुपालन और डेयरी विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी

सप्ताह भर कृषि भवन और चंद्रलोक भवन परिसर के प्रमुख स्थानों में द्विभाषिक बैनर प्रदर्शित किए गए तथा कर्मचारियों में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया तथा पर्चे बांटे गए।

2-8 fgUnh dk çxfr'khy ç;kx

2.8.1 विभाग ने वर्ष के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। राजभाषा अनुभाग वार्षिक रिपोर्ट, संसदीय प्रश्न, संसदीय स्थायी समितियों से संबंधित दस्तावेजों और कैबिनेट नोट आदि जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अनुवाद के साथ–साथ सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में भी सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

2.8.2 वर्ष 2025 के दौरान सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से दिनांक 28 अप्रैल 2025 को संयुक्त सचिव (रा.भा.) और उप निदेशक (रा.भा.) द्वारा केन्द्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, चिपलिमा, संबलपुर, ओडिशा कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण किया गया।

केन्द्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, चिपलिमा, संबलपुर, ओडिशा का राजभाषायी निरीक्षण

2.8.3 इस विभाग में संयुक्त सचिव (रा.भा.) की अध्यक्षता में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्य कर रही है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। इसके अनुपालन में विभाग द्वारा वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसका विवरण इस प्रकार है:–

Ø- l-	foHkkxh; jktHkk"kk dk;kZUo;u lfefr dh cSBd dh frfFk
1.	22/04/2025
2.	24/06/2025
3.	11/09/2025
4.	21/11/2025

राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी समिति की अप्रैल, 2025 तिमाही की बैठक

राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी समिति की सितंबर, 2025 तिमाही की बैठक

2.8.4 सचिव, पशुपालन और डेयरी विभाग तथा संयुक्त सचिव (रा.भा.) की ओर से सभी अधिकारियों/अनुभागों को समय–समय पर परिपत्र जारी किए गए, जिसमें सरकार की राजभाषा नीति के उचित कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया और उन्हें हिंदी में कार्य करने करने के लिए विनिर्दिष्ट किया गया।

2.8.5 राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का पूरी तरह से अनुपालन किया गया। हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए गए। इसी प्रकार, विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों को अधिकांशतः हिंदी में ही पत्र भेजे गए। संयुक्त सचिव (रा.भा.) द्वारा नवंबर, 2025 में आयोजित तिमाही बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से अधिक कार्य हिंदी में ही करने का प्रयास करें और वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें।

2.8.6 विभाग में दिनांक 14 सितंबर 2025 से दिनांक 28 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। माननीय मंत्री जी व राज्य मंत्री जी द्वारा हिंदी दिवस पर एक संयुक्त संदेश जारी किया गया।

संदेश

विभाग में पहली बार हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन कॉस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में किया गया। इस समारोह में विभाग के सचिव, श्री नरेश पाल गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसमें बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह में गीत–संगीत का कार्यक्रम और नाट्य मंचन का भी आयोजन किया गया।

फोटोसचिव : महोदय दीप प्रज्जवलित करते हुए। कलाकारों द्वारा संगीत का सुमधुर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभाग के मुख्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी पखवाड़ा, 2025 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अधिकारी/कर्मचारी

इसके अतिरिक्त, इस बार काव्य संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य जगत के प्रतिष्ठित कवियों को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया गया था।

हिंदी पखवाड़ा, 2025 के दौरान काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया

2.8.7 पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विजेताओं के साथ–साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक सरकारी कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विजेताओं के साथ माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल जी।

2.8.8 मंत्रालय की संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन भी हो चुका है और 10 जनवरी 2026 को विज्ञान भवन में इसकी बैठक होनी है।

2.8.9 विभाग के अधीनस्थ कार्यालय राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद, गुजरात को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के बोर्ड/स्वायत्त निकाय/ट्रस्ट/सोसायटी आदि की श्रेणी में राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, 2024–25 में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यालय को पिछले वर्ष भी द्वितीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया था।

'ख' क्षेत्र में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करते हुये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष

2.8.10 उप सचिव (प्रशासन) और उप निदेशक (रा.भा.) ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस, 2025 और पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लिया।

अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस 2025 और पांचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

2-9 lpuk dk vf/kdkj ¼vkjVhvkbl½ vf/kfu;e] 2005 dk dk;kUo;u

2.9.1 जनहित की सूचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग ने आरटीआई अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (CPIO) और अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किए हैं। इसी प्रकार, विभाग के अधीन विभिन्न अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त संगठनों के लिए आरटीआई अधिनियम के तहत अलग–अलग सीपीआईओ और अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त आरटीआई आवेदनों को शीघ्र निपटान के लिए संबंधित सीपीआईओ को ऑनलाइन भेजा जाता है।

2-10 vuqlfpr tkfr (SC)] vuqlfpr tutkfr (ST)] vU; fiNMh tkfr (OBC) vkj vU; d fy, vkj{k.k

विभाग ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, भूतपूर्व सैनिकों और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए सेवाओं में आरक्षण के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के सख्त कार्यान्वयन के लिए अपना प्रयास जारी रखा है। सेवा में आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए विभाग में आरक्षण पर सरकारी नीति के उचित कार्यान्वयन के लिए एक समर्पित प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

2-11 efgyk depkfj;k d mRihMu dh jkdFkke

महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के लिए विभाग में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एक समिति मौजूद है। ''कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह'' के उपलक्ष्य में दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को कृषि भवन में यौन उत्पीड़न जागरूकता और POSH (यौन उत्पीड़न की रोकथाम) अनुपालन पर हाईब्रिड रूप में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभाग और अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

2-12 fe’ku de;kxh d vrxr {kerk fuek.k

विभाग में कार्यान्वित मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों की दक्षताओं को बढ़ाना है। कौशल विकास को बढ़ावा देने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के माध्यम से, मिशन पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों में कुशल सेवा वितरण और बेहतर शासन का समर्थन करता है। विभाग ने मिशन कर्मयोगी के तहत क्षमता निर्माण के लिए कई कदम उठाए हैं। संयुक्त सचिव (प्रशासन) की अध्यक्षता में एक क्षमता निर्माण इकाई बनाई गई है। एमटीएस और स्टाफ कार ड्राइवरों सहित सभी अधिकारियों को iGOT प्लेटफॉर्म पर शामिल किया गया है।

विभाग ने "अपने मंत्रालय को जानें" मॉड्यूल को अंतिम रूप दे दिया है और इसे iGOT पोर्टल पर अपलोड कर दिया है ताकि कर्मचारियों को विभागीय कार्यों और जिम्मेदारियों की व्यवस्थित समझ मिल सके। मिशन कर्मयोगी के तहत अनिवार्य पाठ्यक्रम पूरा करने और व्यापक मूल्यांकन को सुनिश्चित किया गया है, जिससे जवाबदेही मजबूत हुई है और अधिकारियों के बीच निरंतर सीखने को बढ़ावा मिला है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और दूसरा चरण वर्तमान में जारी है, जो विभाग की अपने कर्मचारियों के कौशल और क्षमताओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

****

अध्याय-3

xksi'kq fodkl

xki’k fodkl

अध्याय 3

3-1 jk”Vh; xkdy fe’ku

राष्ट्रीय गोकुल मिशन की शुरुआत दिसंबर 2014 में विशेष रूप से वैज्ञानिक समावेशी तरीके से देशी बोवाइन नस्लों के विकास और संरक्षण के लिए की गई थी। भारत सरकार की पिछली योजनाओं में देश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए क्रॉसब्रीडिंग पर जोर दिया गया है। यह योजना ग्रामीण गरीबों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कम उत्पादन वाले 80% से अधिक देशी पशु छोटे और सीमांत किसानों और भूमिहीन मजदूरों के पास हैं।

यह योजना दूध की बढ़ती मांग को पूरा करने और देश के ग्रामीण किसानों के लिए डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने के लिए दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना से देशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं की संख्या में वृद्धि हुई है और देशी पशुओं की उपलब्धता में वृद्धि हुई है।

भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग की योजनाओं और दूसरे उपायों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप, पिछले 11 वर्षों में दूध का उत्पादन 69.42% बढ़ा है जो वर्ष 2014–15 के 146.3 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 247.87 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है। पिछले 11 वर्षों में दूध का उत्पादन 6.3% की AGR से बढ़ रहा है, जबकि विश्व में दूध के उत्पादन में 2% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ोतरी हो रही है।

देश में बोवाइन पशुओं की कुल उत्पादकता वर्ष 2014–15 में 1640 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 2250 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष हो गई है, जो 36.63% की वृद्धि को दर्शाता है। यह विश्व में किसी भी देश द्वारा प्राप्त सबसे अधिक उत्पादकता है।

इसी प्रकार, देशी और नॉन–डिस्क्रिप्ट गोपशुओं की उत्पादकता वर्ष 2014–15 में 927 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 1343.2 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष हो गई है, जो 44.89% की वृद्धि को दर्शाता है। भैंसों की उत्पादकता वर्ष 2014–15 में 1880 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 2365.2 किलोग्राम प्रति पशु प्रति वर्ष हो गई है, जो पिछले 11 वर्षों के दौरान 25.80% वृद्धि को दर्शाता है। देश में दूध का उत्पादन वर्ष 2014–15 में 146.31 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 247.87 मिलियन टन हो गया है, जो पिछले 11 वर्षों के दौरान 69.41% अधिक है।

वर्ष 2024–25 में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 394 ग्राम प्रतदिन के वैश्विक औसत की तुलना में 485 ग्राम प्रतिदिन है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता वर्ष 2014–15 में 319 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 485 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन हो गई है, जो 52.03% बढ़ोतरी को दर्शाता है।

नीचे दिए गए ग्राफ भारत में दूध उत्पादन में पिछले कुछ वर्षों में हुई वृद्धि को दर्शाते हैं, जो वर्ष 2001–02 में 84 एमएमटी से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 247.87 एमएमटी हो गया है। ग्राफ वर्ष 2013–14 से वर्ष 2024–25 तक बोवाइन पशुओं की उत्पादकता (किग्रा/वर्ष) में हुई वृद्धि को भी दर्शाता है।

दूध उत्पादन (एमएमटी में)



उत्पादकता में वृद्धि (सभी आंकड़े किग्रा/पशु/दिन में)



राष्ट्रीय गोकुल मिशन को 5 वर्ष (वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक) के लिए 2400 करोड़ रुपए के आबंटन के साथ संशोधित, पुनर्संरेखित और कार्यान्वित करने के लिए बढ़ाया गया है। योजना के सफल कार्यान्वयन और राज्यों की ज्यादा मांग को देखते हुए, सरकार ने मार्च 2025 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन को 1000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त परिव्यय के साथ संशोधित किया है, जो 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान अर्थात् वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक कुल 3400 करोड़ रुपये का परिव्यय है।

योजना के कार्यान्वयन का ध्यान राज्यों में गोपशु और भैंस प्रजनन अवसंरचना के निर्माण से हटकर किसानों के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं, आईवीएफ तकनीक और लिंग–सॉर्टेड वीर्य सहित गुणवत्तापूर्ण प्रजनन सेवाएं लाने पर केंद्रित किया गया है।

bl {ks= dh eq[; fo'ks"krk,¡ çeq[k miyfC/k;k

- वर्ष 1998 से दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक और वर्तमान में दुनिया के कुल दूध उत्पादन में 25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है
- वर्ष 2024–25 में दूध उत्पादन 247.87 एमएमटी, उत्पादन का मूल्य 12.21 लाख करोड़ रुपए

- 8.5 करोड़ ग्रामीण परिवारों को आजीविका प्रदान करना
- कुल बोवाइन आबादी में 0.86% की वृद्धि हुई (वर्ष 2012 में 29.96 करोड़ से वर्ष 2019 में 30.22 करोड़ तक) जबकि दूध देने वाली बोवाइन आबादी में 24.29% की वृद्धि हुई (वर्ष 2014 में 8.56 करोड़ से वर्ष 2024 में 10.64 करोड़ तक)
- आरजीएम के कार्यान्वयन की अवधि के दौरान बड़ी संख्या में अनुत्पादक पशु उत्पादक बन गए
- एनएआईपी (NAIP) के तहत, 605 जिलों में किसानों के द्वार पर निःशुल्क एआई सेवाएं प्रदान की गईं और अब तक 9.54 करोड़ पशुओं को कवर किया गया, 14.99 करोड़ एआई (AI) किए गए और 5.69 करोड़ किसान लाभान्वित हुए
- AI की अखिल भारतीय कवरेज 25% से बढ़कर 40% हो गई
- 623 जिलों में से 126 जिलों में एआई कवरेज 50% से अधिक हो गया है
- आधुनिक प्रजनन तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए, 24 आईवीएफ प्रयोगशालाएँ स्थापित की गईं
- अब तक सेक्स सॉर्टेड वीर्य की 13.4 मिलियन खुराक का उत्पादन किया गया
- पिछले 4 वर्षों में 39,810 मैत्री को शामिल किया गया
- पीटी–पीएस कार्यक्रम के अंतर्गत, 4466 उच्च आनुवंशिक गुणता वाले सांडों का उत्पादन कर उन्हें सीमन उत्पादन के लिए सीमन केंद्रों को उपलब्ध कराया गया है
- 132 नस्ल वृद्धि फार्म स्वीकृत किए गए
- डीएएचडी ने एनडीडीबी के साथ मिलकर "भारत पशुधन" नामक डेटाबेस तैयार किया है। यह डेटाबेस प्रत्येक पशु को दी गई 12 अंकों की विशेष टैग ID का इस्तेमाल करके बनाया गया है, इस डेटाबेस पर 36.42 करोड़ पशु पंजीकृत हैं।

mís';

क. राष्ट्रीय दूध रिकॉर्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत देशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं की पहचान और प्रसार के माध्यम से देशी बोवाइन नस्लों की उत्पादकता बढ़ाने को लक्षित करना

ख. उच्च आनुवंशिक गुणता वाले पशुओं का राष्ट्रीय दुधारू झुंड बनाना, जिसमें दाता पशु शामिल हों और आधुनिक प्रजनन जैविक तकनीकों का उपयोग करके सर्वश्रेष्ठ पशुओं का प्रसार करना।

ग. किसानों के स्तर पर बोवाइन पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रजनन तकनीकों जैसे सेक्स सॉर्टेड सीमन, आईवीएफ तकनीक, जीनोमिक्स आदि के उपयोग को मुख्यधारा में लाना।

घ. किसानों के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की प्रदायगी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाना।

3-1-1 fuf/k;u iSVuZ

योजना के सभी घटक 100% अनुदान सहायता के आधार पर लागू किए जा रहे हैं, इन घटकों को छोड़कर: I) सेक्स–सॉर्टेड सीमन को बढ़ावा देना, इस घटक के अंतर्गत भागीदार किसानों को सेकस–सॉर्टेड सीमन की लागत के 50% तक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी II) कार्यान्वयन एजेंसियों को आवास सुविधा स्थापित करने और हीफर पालन केंद्रों में हीफर को शामिल करने के लिए पूंजीगत लागत का 35% एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

3-1-2 vkjth,e dk ?kVd

1- mPp vkuqof'kd x|.krk oky| telykTe dh miyC/krk%

d- lkM mRiknu dk;Øe

- संतति परीक्षण
- वंशावली चयन
- जीनोमिक चयन
- जर्मप्लाज्म का आयात
- राष्ट्रीय दूध रिकॉर्डिंग कार्यक्रम (NMRP)

[k- oh;l LV'kuk dk lgk;rk% ekStnk lheu LV'kuk dk l–<hdj.kA

x- vkbZoh,Q rduhd dk dk;kUo;u

- आईवीएफ प्रयोगशालाएं
- इन विट्रो भ्रूण उत्पादन तकनीक का कार्यान्वयन
- सुनिश्चित गर्भावस्था प्राप्त करने के लिए आईवीएफ तकनीक का कार्यान्वयन

?k- uLy of) Qke@ghQj ikyu dæ

2- —f=e xHkk/kku uVodZ dk foLrkj

क. मैत्री की स्थापना

ख. राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम

ग. सुनिश्चित गर्भावस्था प्राप्त करने के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग

घ. राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन (पशुधन) का कार्यान्वयन

3- dk'ky fodkl

4- fdlkuk dk tkx:d djuk

3-1-3 dk;kUo;u dh fLFkfr

वर्ष वर्ष 2025–26 के दौरान योजना के अंतर्गत 700 करोड़ रुपए का आबंटन उपलब्ध कराया गया है तथा 553.18 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रारंभ से अब तक वर्षवार आबंटन तथा व्यय निम्नानुसार है:

वर्ष 2021–22 से आरजीएम के अंतर्गत किया गया आबंटन और व्यय

foRrh;	djkM #i, e					
	o"k 2021&22	o"k 2022&23	o"k 2022&23	o"k 2024&25	o"k 2025&26	dy
आबंटन	663.00	600.00	869.54	568.00	700.00	3400.00
व्यय	663.84	599.84	869.13	424.00	553.18	3019.99

3-1-4 ik- Rofjr uLy l/kkj dk;Øe%

इस घटक के अंतर्गत, डेयरी किसानों के लिए बछियां पैदा करने के लिए आईवीएफ तकनीक और सेक्स–सॉर्टेड वीर्य के साथ कृत्रिम गर्भाधान का लाभ उठाया जा रहा है। IVF, तेजी से बोवाइन आबादी के आनुवंशिक उन्नयन के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है, जो काम 7 पीढ़ियों (गोपशुओं और भैंस के मामले में 21 वर्ष) में किया जाता है, वह आईवीएफ के माध्यम से 1 पीढ़ी (गोपशुओं और भैंस के मामले में 3 वर्ष) में किया जा सकता है। इस तकनीक में 4000 किलोग्राम प्रति लैक्टेशन दूध उत्पादन की आनुवंशिक क्षमता वाली केवल बछियों के उत्पादन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की बहुत संभावना है, जिससे किसानों की आय कई गुना बढ़ जाती है। त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत योजना के अंत तक 2 लाख

आईवीएफ गर्भधारण स्थापित किए जाएंगे। किसानों को प्रति सुनिश्चित गर्भावस्था के लिए 5000 रुपये की दर से सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। देश में यह कार्यक्रम पहले ही शुरू हो चुका है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत, देशी नस्लों के विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 7462 भ्रूण स्थानांतरित किए गए, 1406 गर्भावस्थाएं स्थापित हुईं हैं और 982 बछड़े–बछियों का जन्म हुआ है, जिनमें 913 बछिया शामिल हैं।

देश में लिए 90% सटीकता के साथ केवल बछियों के उत्पादन के सेक्स सॉर्टेड सीमन उत्पादन शुरू किया गया है। सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग न केवल दूध उत्पादन को बढ़ाने में बल्कि आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करने में भी गेम चेंजर साबित होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशी नस्लों के सेक्स सॉर्टेड सीमन को बढ़ावा दिया जाता है। इस घटक के अंतर्गत, किसानों को सुनिश्चित गर्भावस्था पर सेक्स सॉर्टेड सीमेन की लागत का 50% तक प्रोत्साहन दिया जाता है।

विभाग फरवरी 2014 से पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन, दूध एवं दूध उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और विपणन के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण/मजबूती के उद्देश्य से ''राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD)'' लागू कर रहा है। यह कार्यक्रम राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (SIA) यानी राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन के माध्यम से चलाया जा रहा है।

जुलाई 2021 में इस योजना का पुनर्गठन किया गया और इसे वर्ष 2021–22 से 2025–26 के दौरान लागू करने के लिए कुल 1790 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। दिनांक 19.03.2025 को एनपीडीडी योजना में 1000.00 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया

गया, जिससे वित्त आयोग के 15वें चक्र वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26) के दौरान कुल आवंटन 2790 करोड़ रुपये हो गया। पुनर्गठित योजना के दो घटक होंगेः

घटक 'क' का उद्देश्य राज्य सहकारी डेयरी संघों/जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघों/स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित निजी डेयरी/दुग्ध उत्पादक कंपनियों/किसान उत्पादक संगठनों के लिए गुणवत्तापूर्ण दुग्ध परीक्षण उपकरण और प्राथमिक शीतलन सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण/मजबूती करना है। यह योजना वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए पूरे देश में लागू की जाएगी।

mís';

क) संगठित दुग्ध खरीद नेटवर्क का निर्माण, सुदृढ़ीकरण और विस्तार करना

ख) दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पाद निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और सुदृढ़ीकरण करना

ग) ग्राम स्तर पर कोल्ड चेन और दुग्ध परीक्षण सहित दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और सुदृढ़ीकरण करना

घ) गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन पर प्रशिक्षण प्रदान करना और जागरूकता पैदा करना

fuf/k;u iSVuZ

क) दूध की खरीद, दूध को ठंडा करने, दूध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन घटकों के लिए पूर्वोत्तर राज्यों और पहाड़ी राज्यों के लिए 75:25 और अन्य राज्यों के लिए 50:50 का अनुपात;

ख) दूध और दूध उत्पाद परीक्षण प्रयोगशालाओं, प्रमाणन और मान्यता के लिए पूर्वोत्तर राज्यों और पहाड़ी राज्यों के लिए 70:30 और अन्य राज्यों के लिए 50–50 का अनुपात;

ग) अनुसंधान एवं विकास और दूध उत्पादक कंपनियों की स्थापना घटकों के लिए 35:65 का अनुपात; और

घ) प्रशिक्षण और योजना एवं निगरानी घटकों के लिए 100% अनुपात।

dk;ldyki d fuf/k;u çkIr ?kVd

ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना, प्राथमिक स्तर पर दूध ठंडा करने की सुविधाएँ (बीएमसी सहित), दूध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर), पहाड़ी क्षेत्रों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में, दूध परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, प्रमाणन और मान्यता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, अनुसंधान और विकास, दूध उत्पादक कंपनी की स्थापना और योजना एवं निगरानी।

,uihMhMh d rgr miyfC/k;k

28 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों में 257 परियोजनाओं को वर्ष 2014–15 से वर्ष 2024–25 दिनांक 31.12.2025) तक कुल 4126.48 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 2987.31 करोड़ रुपये) की लागत से मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कुल 2410.18 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिनमें से 2066.13 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है और दिनांक 31.12.2025 तक 262.77 करोड़ रुपये अप्रयुक्त हैं। एनपीडीडी योजना के घटक क के तहत दिसंबर 2025 तक राज्यवार वित्तीय प्रगति अनुबंध VII में दी गई है।

,uihMhMh d vrxr okLrfod çxfr

- परियोजनाओं के अंतर्गत 22,434 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन/पुनर्सथापन किया गया, 19.03 लाख नए किसानों को डेयरी सहकारी समितियों की सदस्यता का लाभ दिया गया और 102.18 लाख लीटर अतिरिक्त दूध की खरीद की गई।
- प्रतिदिन 28.76 लाख लीटर की नई दूध प्रसंस्करण क्षमता स्थापित की गई है।
- ग्राम स्तरीय दुग्ध सहकारी समितियों में 140.32 लाख लीटर की शीतलन क्षमता वाले

5732 बल्क मिल्क कूलर, 47728 स्वचालित दूध संग्रहण इकाई/डेटा प्रोसेसिंग और दूध संग्रहण इकाई/दूध एनालाइजर और 7890 इलेक्ट्रॉनिक दूध मिलावट परीक्षण उपकरण स्थापित किए गए हैं।

- दूध के घटकों, रासायनिक एवं सूक्ष्मजैविक मानकों, मिलावटों, अवशेषों, भारी धातुओं आदि के परीक्षण हेतु 13 राज्य स्तरीय केंद्रीय प्रयोगशालाएँ स्थापित की गईं तथा 259 जिला/क्षेत्रीय स्तर की डेयरी संयंत्र प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया गया।
- एनपीडीडी योजना के घटक क के अंतर्गत राज्यवार भौतिक उपलब्धियों का विवरण अनुबंध–VIII में दिया गया है।

?kVd [k& lgdkjh lfefr;k d ek/;e l M;jh

उद्देश्य "संगठित बाजार तक किसानों की पहुंच बढ़ाकर, डेयरी प्रसंस्करण सुविधाओं और विपणन अवसंरचना को उन्नत करके और उत्पादकों के स्वामित्व वाली संस्थाओं की क्षमता में वृद्धि करके दूध और डेयरी उत्पादों की बिक्री में वृद्धि करना, जिससे परियोजना क्षेत्र में दूध उत्पादकों को मिलने वाले लाभ में वृद्धि करने में योगदान दिया जा सके"।

fuf/k;u lkr

lkr	fuf/k jkf’k ¼djkM #i; e½
कुल परियोजना लागत	1568.28
ईएफसी द्वारा अनुमोदित केंद्रीय हिस्सा	475.54 (30.3%)
जेआईसीए ऋण	924.56 (59.0%)
अंतिम कार्यान्वयन एजेंसी का योगदान	168.18 (10.7%)

dk;kUo;u ,tlh & jk”Vh; M;jh fodkl ckM ¼,uMhMhch½

ik= jkT;–यह योजना उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है और इसे अतिरिक्त सात राज्यों, अर्थात् मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और पंजाब तक विस्तारित किया गया है। उत्तराखंड राज्य को JICA की सैद्धांतिक मंजूरी के बाद अनुदान सहायता के साथ चारा संबंधी पायलट परियोजना के लिए शामिल किया गया है।

ik= lgHkkxh lLFkk,&दुग्ध संघ/दुग्ध उत्पादक कंपनियाँ/राज्य दुग्ध परिसंघ/बहु–राज्य दुग्ध सहकारी समितियाँ

?kVd&दूध खरीद अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना, प्रसंस्करण अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना, विपणन अवसंरचना के लिए सहायता, आईसीटी के लिए सहायता, पोषण हस्तक्षेप के माध्यम से उत्पादकता वृद्धि – परियोजना प्रबंधन और शिक्षण एवं प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

ifj;ktuk vkmViqV%

परियोजना से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होंगे:

I. 4470 गांवों में नई/ग्राम स्तरीय संस्थाओं की स्थापना/सुदृढ़ीकरण

II. लगभग 1.5 लाख अतिरिक्त दूध उत्पादकों (जिनमें 50% महिला दूध उत्पादक होंगी) से दूध प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके परिणामस्वरूप दूध की खरीद में प्रतिदिन लगभग 14.20 लाख किलोग्राम में वृद्धि होगी।

III. 4694 एएमसीयू की स्थापना तथा दूध संग्रहण एवं स्थानांतरण के लिए 104 दूध टैंकरों को शामिल करना, ताकि कार्यक्रम के अंत में 8 एलएलपीडी दूध स्थानांतरित किया जा सके।

IV. गांव स्तर पर 8.96 एलएलपीडी की अतिरिक्त शीतनलन क्षमता का सृजन, लगभग 7 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रतिदिन) की प्रसंस्करण क्षमता, 190 एमटीपीडी मूल्य संवर्धित उत्पाद (वीएपी) विनिर्माण क्षमता।

V. कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत डीप फ्रीजर और विजी कूलर के साथ 3000 मिल्क पार्लर, 198 वॉक–इन–कोल्ड स्टोरेज और 5 केएल क्षमता के 96 इंसुलेटेड वैन की स्थापना करके POI के मार्केटिंग कोल्ड चेन अवसंरचना को मजबूत करना।

VI. 3000 गांवों में चारा विकास और पशु पोषण सलाहकार सेवाएं।

VII. 724 एमटीपीडी की आहार और आहार सप्लीमेंट विनिर्माण क्षमता का निर्माण।

miyfC/k;k

foÙkh;% दिनांक 31.12.2025 तक, 9 राज्यों की 42 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत ऋण राशि 918.34 करोड़ रुपये और अनुदान राशि 381.58 करोड़ रुपये है, जिसमें से 563.43 करोड़ रुपये का ऋण और 243.96 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया जा चुका है।

okLrfod% ¼fnukad 31-12-2025 rd½

कुल 42 परियोजनाओं में से 12 परियोजनाएं बिहार में, 8 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में, 5 मध्य प्रदेश में, 8 राजस्थान में, 2 पंजाब में, 3 आंध्र प्रदेश में, 2 पश्चिम बंगाल में और एक–एक परियोजना तेलंगाना और उत्तराखंड में स्वीकृत की गई हैं।

- देशभर में दूध खरीद को सुदृढ़ किया गया: 6802 नई डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) का गठन, 4700 मौजूदा समितियों का सुदृढ़ीकरण, 446 हजार लीटर प्रतिदिन (टीएलपीडी) की शीतलन क्षमता वाले 140 बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) की स्थापना और 1.86 लाख नए सदस्यों के नामांकन के साथ दूध खरीद में 13.87 लाख किलोग्राम प्रतिदिन की वृद्धि।
- दूध प्रसंस्करण क्षमता में विस्तार: दूध पाउडर उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 मीट्रिक टन प्रति दिन कर दिया गया है और 262 मीट्रिक टन प्रति दिन मूल्यवर्धित प्रसंस्करण क्षमता का सृजन किया गया है।
- उन्नत विपणन अवसंरचना: डेयरी उत्पादों की कोल्ड चेन और खुदरा विपणन को बढ़ावा देने के लिए 127 नए दूध पार्लर स्थापित किए गए और 3487 डीप फ्रीजर/विजी–कूलर लगाए गए।
- दूध संग्रहण का डिजिटलीकरण: 290 स्थानों पर स्वचालित दूध संग्रहण प्रणाली (एएमसीएस) समाधान लागू किए गए, जिससे दूध संग्रहण और भुगतान प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा मिला।
- उत्पादकता और पशु स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार: 7009 गांवों में बछड़ा पालन कार्यक्रम और पशु पोषण सेवाएं लागू की गईं, जिससे 59,000 से अधिक पशुओं को लाभ हुआ। 6409 मीट्रिक टन से अधिक चारा और 595 मीट्रिक टन चारे के बीज वितरित किए गए, साथ ही 496 भूसा काटने की मशीनें और 46 साइलेज इकाइयां स्थापित की गईं।

4-4-2 Ms;jh çlLdj.k vkj vol¡jpuk fodkl fuf/k ¼DIDF½

डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (DIDF) का क्रियान्वयन दूध प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और प्रशीतन सुविधाओं के (सृजन/सुदृढ़ीकरण) के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसका कुल परिव्यय 11,184 करोड़ रुपये है; इसमें डेयरी सहकारी समितियों, बहु–राज्य डेयरी सहकारी समितियों, दूध उत्पादक कंपनियों (एमपीसी), एनडीडीबी की सहायक कंपनियों, स्वयं सहायता समूहों (SHG) और राज्य सहकारी और कंपनी

अधिनियम के तहत पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के लिए 8,004 करोड़ रुपये का ऋण घटक है। इस योजना के तहत, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) बाजार से धन जुटाता है, जिसे वह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB)/राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को उधार देता है और एनडीडीबी/एनसीडीसी इसे पात्र अंतिम उधारकर्ताओं (EEB) को उधार देता है। एनडीडीबी को अपने स्वयं के स्रोतों से ऋण प्रदान करने की भी अनुमति दी गई है। भारत सरकार नाबार्ड को 2.5% ब्याज सबवेंशन प्रदान करती है। वित्तपोषण अवधि मार्च, 2022–23 तक है, जबकि भुगतान अवधि 2030–31 तक है, जो वित्तीय वर्ष 2031–32 की पहली तिमाही तक है।

योजना के अंतर्गत दूध प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और शीतनलन सुविधाओं के सृजन/सुदृढ़ीकरण के अलावा निम्नलिखित घटकों को शामिल किया गया

- गोपशु चारा/चारा अनुपूरक संयंत्र
- दूध परिवहन प्रणाली (रेफ्रिजरेटेड वैन/इंसुलेटेड टैंकर आदि)
- विपणन अवसंरचना (ई–मार्केट सिस्टम, बल्क वेंडिंग सिस्टम, पार्लर, डीप फ्रीजर, कोल्ड स्टोरेज आदि सहित)
- कमोडिटी और गोपशु चारा गोदाम
- आईसीटी (जैसे ब्लॉक चेन तकनीक, सर्वर, आईटी समाधान, नियर रियल टाइम डिवाइस आदि)
- अनुसंधान और विकास (प्रयोगशाला एवं उपकरण, नई तकनीक, नवाचार, उत्पाद विकास आदि)
- नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना/संयंत्र, ट्राइजन/ऊर्जा दक्षता अवसंरचना। तीनों मामलों में, उत्पादित या बचाई गई ऊर्जा मौजूदा संयंत्र/बीएमसी इकाई/दूध संग्रह इकाई आदि की परिचालन लागत के लाभ के लिए होनी चाहिए।
- डेयरी उद्देश्यों के लिए पेट बोतल/पैकेजिंग सामग्री निर्माण इकाइयाँ आदि।
- प्रशिक्षण केंद्र (सिविल और अन्य आवश्यक अवसंरचना के साथ पूर्ण)

miyfC/k%

¼d½ foÙkh; ¼fnukad 31-12-2025 rd½%

(i) कुल अनुमोदित परियोजना परिव्ययः 6776.87 करोड़ रुपये

(ii) स्वीकृत ऋणः 4575.22 करोड़ रुपये

(iii) संवतरित ऋणः 3747.57 करोड़ रुपये

(iv) भारत सरकार द्वारा जारी ब्याज सबवेंशनः 231.94 करोड़ रुपये

¼[k½ okLrfod ¼fnukad 31-12-2025 rd½%

(i) दूध प्रसंस्करण क्षमता स्थापितः 103.95 एलएलपीडी

(ii) दूध शीतनलन क्षमता स्थापितः 3.40 एलएलपीडी

(iii) ड्राईंग क्षमता स्थापितः 265 एमटीपीडी

(iv) वीएपी क्षमता स्थापितः 24.87 एलएलपीडी (दूध समतुल्य)

vkxs dh jkg% दिनांक 01.02.2024 को डीआईडीएफ को पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) में समाहित कर दिया गया है और अब सहकारी समितियां एएचआईडीएफ के माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।

4-4-3 M;jh dk;Zdykiksa esa yxh M;jh lgdkjh lfefr;ksa vkSj fdlku mRiknd laxBuksa ¼SDCFPO½ dks lgk;rk%

laf{kIr fooj.k%

यह योजना वर्ष 2017–18 के दौरान शुरू की गई थी। इस योजना को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैः

. डेयरी कार्यकलापों में लगी सहकारी

समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को गंभीर रूप से प्रतिकूल बाजार स्थितियों या प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न संकट से निपटने के लिए आसान कार्यशील पूंजीगत ऋण प्रदान करके सहायता प्रदान करना।

ii. डेयरी किसानों को स्थिर बाजार पहुंच प्रदान करना।

iii. डेयरी कार्यकलापों में लगी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को किसानों को बकाया राशि का समय पर भुगतान जारी रखने में सक्षम बनाना।

iv. डेयरी कार्यकलापों में लगी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को किसानों से लाभकारी मूल्य पर दूध खरीदने में सक्षम बनाना, यहां तक कि फ्लश सीजन के दौरान भी।

अस्थायी रूप से, ?kVd ^d* अर्थात् 'कार्यशील पूंजीगत ऋण' को वर्ष 2020–21 से निलंबित रखा गया है।

डेयरी क्षेत्र पर कोविड–19 के आर्थिक प्रभाव के कारण, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने वर्ष 2020–21 के लिए 203 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ घटक "ख" के रूप में एक नया घटक "डेयरी क्षेत्र के लिए कार्यशील पूंजीगत ऋण पर ब्याज सबवेंशन" शुरू किया है। इस प्रकार योजना का वास्तविक कार्यान्वयन वर्ष 2020–21 के दौरान शुरू हुआ।

वित्तीय सहायता का स्वरूपः योजना के घटक ''ख'' के अंतर्गत उत्पादक स्वामित्व वाले संस्थानों (POI) को कार्यशील पूंजीगत ऋण पर 2% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सबवेंशन प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, शीघ्र और समय पर भुगतान के लिए, ऋण भुगतान/ब्याज सेवा अवधि के अंत में अतिरिक्त 2% प्रति वर्ष ब्याज सबवेंशन देय है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ अम्ब्रेला योजना "अवसंरचना विकास निधि" के एक हिस्से के रूप में डेयरी कार्यकलापयों में लगी डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों (SDCFPO) को सहायता देने वाली केंद्रीय क्षेत्र योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है। यानी हर साल 100 करोड़ रुपये। इसके अलावा, दिनांक 01.02.2024 के कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, यह मंजूरी दे दी गई है कि एसडीसीएफपीओ का कार्यान्वयन स्वीकृत परिव्यय (यानी वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक 500 करोड़ रुपये) के भीतर अवसंरचना विकास निधि (आईडीएफ) के एक घटक के रूप में जारी रहेगा।

,lMhlh,Qihvks dk vrxZr lap;h miyfC/k%

दिनांक 31.01.2026 तक, एनडीडीबी ने देश भर में 64 दूध संघों के लिए 80,047.93 करोड़ रुपये के कार्यशील पूंजीगत ऋण राशि के मुकाबले 2% प्रति वर्ष की दर से 937.53 करोड़ रुपये की ब्याज सबवेंशन राशि की मंजूरी दी है और 693.21 करोड़ रुपये जारी किए हैं (नियमित ब्याज सबवेंशन के रूप में 370.82 करोड़ रुपये और अतिरिक्त ब्याज सबवेंशन राशि के रूप में 322.39 करोड़ रुपये)।

o"kZokj çxfr@miyfC/k ¼fnukad 31-01-2026 rd½

- एनडीडीबी ने देश भर के 55 दूध संघों के लिए 10588.64 करोड़ रुपये के कार्यशील पूंजीगत ऋण के मुकाबले 2% çfr o"kZ dh nj से 151.02 करोड़ रुपये की ब्याज सबवेंशन राशि की मंजूरी दी है और वर्ष 2020–21 के लिए 156.69 करोड़ रुपये (नियमित ब्याज सबवेंशन के रूप में 78.96 करोड़ रुपये और अतिरिक्त ब्याज सबवेंशन राशि के रूप में 77.73 करोड़ रुपये) जारी किए हैं।
- वर्ष 2021–22 के लिए, एनडीडीबी ने 60 दूध संघों के लिए 14117.85 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी ऋण राशि के मुकाबले 2% प्रति वर्ष की दर से 210.08 करोड़ रुपये की ब्याज सबवेंशन राशि की मंजूरी दी है और 201.13 करोड़ रुपये (नियमित ब्याज सबवेंशन के रूप में 101.26 करोड़

रुपये और अतिरिक्त ब्याज सबवेंशन राशि के रूप में 99.87 करोड़ रुपये) जारी किए हैं।

- वर्ष 2022–23 के लिए, एनडीडीबी ने 64 दूध संघों/परिसंघों के लिए 15144.02 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजीगत ऋण राशि के मुकाबले 2% प्रति वर्ष की दर से 169.05 करोड़ रुपये की ब्याज सबवेंशन राशि की मंजूरी दी है और 139.26 करोड़ रुपये (नियमित ब्याज सबवेंशन के रूप में 68.59 करोड़ रुपये और अतिरिक्त ब्याज सबवेंशन राशि के रूप में 70.67 करोड़ रुपये) जारी किए हैं।
- वर्ष 2023–24 के लिए, एनडीडीबी ने 58 दूध संघों/महासंघों के लिए 2% प्रति वर्ष की दर से 21315.17 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजीगत ऋण राशि के मुकाबले 168.66 करोड़ रुपये की ब्याज सबवेंशन राशि की मंजूरी दी है और 157.52 करोड़ रुपये (नियमित ब्याज सबवेंशन के रूप में 81.31 करोड़ रुपये और अतिरिक्त ब्याज सबवेंशन राशि के रूप में 76.21 करोड़ रुपये) जारी किए हैं।
- वर्ष 2024–25 के लिए, एनडीडीबी ने 34 दुग्ध संघों/संघों के लिए 18882.25 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजीगत ऋण राशि के मुकाबले 2% प्रति वर्ष की दर से 238.72 करोड़ रुपये की ब्याज सब्सिडी राशि की स्वीकृति दी है और नियमित ब्याज सब्सिडी के रूप में 38.62 रुपये जारी किए हैं।

***

अध्याय-5

i'kqikyu

i'kqikyu

अध्याय 5

5-1 jk"Vh; i'k/ku fe'ku

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) वर्ष 2014–15 में आरंभ किया गया जिसका उद्देश्य डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र में प्राप्त सफलता का अनुकरण करते हुए सभी प्रजातियों और क्षेत्रों का विकास करते हुए पशुधन क्षेत्र का सतत और निरंतर विकास को सुनिश्चित करना है। इस मिशन को पशुधन क्षेत्र के सतत विकास के उद्देश्य से तैयार किया गया था, जिसमें गुणवत्तापूर्ण आहार और चारे की उपलब्धता में सुधार, जोखिम कवरेज, प्रभावी विस्तार, ऋण के बेहतर प्रवाह और पशुधन किसानों/पशुपालकों आदि के संगठन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता सृजन पर ध्यान केंद्रित किया गया।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन को वर्ष 2021–22 से पांच वर्षों के लिए 2300 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ संशोधित और पुनर्संरेखित किया गया। पुनर्संरेखित योजना को दिनांक 14.07.2021 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस योजना में रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास, प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि और इस प्रकार अम्ब्रेला योजना विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत मांस, बकरी के दूध, अंडे और ऊन के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अतिरिक्त उत्पादन घरेलू मांगों को पूरा करने के बाद निर्यात आय में मदद करेगा। एनएलएम योजना की अवधारणा असंगठित क्षेत्र में उपलब्ध उत्पादन के लिए आगे और पीछे की कड़ी बनाने और संगठित क्षेत्र से जोड़ने के लिए उद्यमी तैयार करना है। इस योजना को 21 फरवरी, 2024 को और संशोधित किया गया, जिसमें बंजर भूमि/अवक्रमित वन भूमि से चारा उत्पादन के साथ–साथ ऊंट, घोड़े और गधे की नस्ल–उन्नयन को शामिल किया गया।

इस योजना का कार्यान्वयन निम्नलिखित तीन उप–मिशनों के साथ किया गया है:

(I) पशुधन और पोल्ट्री नस्ल विकास संबंधी उप–मिशन

(II) पशु आहार और चारा विकास संबंधी उप–मिशन

(III) विस्तार और नवाचार संबंधी उप–मिशन

5-1-1 i'k/ku vkj ikYVh uLy fodkl lc/kh mi&fe'ku

इस उप–मिशन में व्यक्तियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs), किसान सहकारी संगठनों (FCOs), संयुक्त देयता समूहों (JLGs), स्वयं सहायता समूहों (SHGs), धारा 8 कंपनियों जैसी पात्र संस्थाओं को उद्यमिता विकास के लिए और नस्ल सुधार अवसंरचना के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहन प्रदान करके पोल्ट्री, भेड़, बकरी और सूअर पालन में उद्यमिता विकास और नस्ल सुधार पर गहन ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव है।

5-1-1-1 xkeh.k ikYVh dh uLy fodkl d fy, m|fe;k dh LFkkiuk

इस घटक के अंतर्गत केंद्र सरकार हैचरी और ब्रूडिंग इकाई के साथ न्यूनतम 1000 मादा पक्षियों और 100 नर पक्षियों वाले ग्रामीण पोल्ट्री पक्षी पेरेंट लेयर फार्म की स्थापना के लिए 25 लाख रुपये तक की 50% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति, एफपीओ, एफसीओ, जेएलजी, एसएचजी और धारा 8 कंपनियां आवेदन कर सकती हैं।

इस योजना में आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के सहयोग से www.nlm.udyamimitra.in नामक एक समर्पित डिजिटल पोर्टल भी बनाया गया है। यह पोर्टल आवेदकों को संबंधित दस्तावेज अपलोड करने और ऋण देने वाली संस्थाओं को चुनने सहित आवेदन प्रक्रिया पूरा करने में सक्षम बनाता है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन और डेयरी विभाग ने ग्रामीण पोल्ट्री प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 16 उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदन दिया। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 856.34 लाख रुपये है, जिसमें 386.75 लाख रुपये की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।

fp= 1

fp= 2

fp= 1 vkj 2% xkeh.k ikYVh uLy Qke dk vrxr m|ferk fodkl dk ,d Hkkx dk :i e] e/; çn'k e 1100 i'kq;Fk vkdkj dk ,d xkeh.k ikYVh Qke LFkkfir fd;k x;k gA

5-1-1-2 txkyh djuk okyk NkVk i'kq {k= ¼HkM ,o cdjh ikyu½ e uLy fodkl grq m|eh dh LFkkiuk

इस घटक के अंतर्गत, केंद्र सरकार न्यूनतम 100 मादा पशुओं और 5 नर पशुओं के भेड़ या बकरी प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए 50% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करती है। आवेदक 100+5 इकाई के गुणकों में आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 500 मादा पशु और 25 नर पशु है। पात्र सब्सिडी की सीमा योजना के आकार के अनुपात में 10 लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक होती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति, एफपीओ, एफसीओ, जेएलजी, एसएचजी और धारा 8 कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल www.nlm.udyamimitra.in के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन और डेयरी विभाग ने भेड़/बकरी प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 481 उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदन दिया। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 25532.85 लाख रुपये है, जिसमें 11581.92 लाख रुपये की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।

fp= 3

fp= 4

fp= 3 vkj 4% txkyh djuk okyk NkVk i"kvk okyk {k= e uLy fodkl dk vrxr m|ferk fodkl dk Hkkx dk :i e] vk/k çn'k e 525 LV,d vkdkj dk ,d HkM Qke LFkkfir fd;k x;k gA

5-1-1-3 HkM vkj cdjh dh uLyk dk vkuqof’kd l/kkj

उद्देश्यः कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से श्रेष्ठ नर जर्मप्लाज्म के प्रसार द्वारा चयनात्मक प्रजनन के माध्यम से भेड़/बकरी की नस्लों में आनुवंशिक सुधार करना भेड़ और बकरी की नस्लों के आनुवंशिक सुधार के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यकलाप हैंः–

5-1-1-3-1 HkM vkj cdjh d fy, {k=h; lheu mRiknu ç;kx’kkyk vkj lheu cd dh LFkkiuk%

इस घटक के अंतर्गत, केन्द्र सरकार क्षेत्रीय स्तर पर रणनीतिक स्थान पर बकरी के लिए हिमित सीमन उत्पादन प्रयोगशाला तथा भेड़ के लिए तरल सीमन उत्पादन प्रयोगशाला की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करती है, ताकि उक्त क्षेत्र के निकटवर्ती राज्यों को उत्कृष्ट पशुओं का सीमन उपलब्ध कराया जा सके।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में, पश्चिम बंगाल, असम और संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर की राज्य सरकारों को भेड़ और बकरी के लिए क्षेत्रीय बकरी सीमन उत्पादन प्रयोगशाला की स्थापना हेतु 326.00 लाख रुपये जारी किए गए।

5-1-1-3-2 jkT; lheu cd dh LFkkiuk

इस घटक के अंतर्गत, बकरी के हिमित सीमन को संग्रहीत करने और वितरित करने के लिए मौजूदा गोपशु और भैंस सीमन बैंक को सुदृढ़ करने के लिए राज्य को 10.00 लाख रुपये तक की एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2025–26 के दौरान, भेड़ और बकरी के सीमन बैंक के लिए असम राज्य को 10.00 लाख रुपये और राजस्थान राज्य को 5.00 लाख रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई।

5-1-1-3-3 ekStnk xksi’kq vkj Hkl —f=e xHkk/kku dæk d ek/;e l HkM vkj cdjh e —f=e xHkk/kku dk çlkj

इस घटक के अंतर्गत, बकरी और भेड़ के कृत्रिम गर्भाधान के लिए गोपशु और भैंस कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों को आवश्यक उपकरण (बकरी एआई ट्रैविस, एआई गन, वेजाइनल स्पेकुलम, हेड लाइट) की आपूर्ति और गोपशु कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करके सुदृढ़ किया जाता है।

वर्ष 2025–26 के दौरान , एआई केंद्रों के उन्नयन के लिए 207.00 लाख रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई।

5-1-1-3-4 fon’kh HkM vkj cdjh teIykTe dk vk;kr

इस घटक के अंतर्गत, राज्य को जीवित पशुओं के रूप में भेड़ और बकरी के जर्मप्लाज्म के आयात के लिए एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2025–26 के दौरान, विदेशी भेड़ और बकरी के जर्मप्लाज्म के आयात के लिए केरल राज्य को 10.00 लाख रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई।

5-1-1-4 lvj ikyu m|eh dk c<kok

इस घटक के अंतर्गत, केंद्र सरकार 50 मादा पशुओं के साथ 5 नर पशुओं या 100 मादा पशुओं के साथ 10 नर पशुओं के सूअर प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए 50% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करती है। पात्र सब्सिडी की सीमा योजना के आकार के अनुपात में 15 लाख रुपये से 30 लाख रुपये तक भिन्न भिन्न होती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति, एफपीओ, एफसीओ, जेएलजी, एसएचजी और धारा 8 कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल www.nlm.udyamimitra.in के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने सूअर प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 48 उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदन दिया है। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 2357.97 लाख रुपये है, जिसमें 1052.83 लाख रुपये की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।

fp= 5

fp= 6

fp= 5 vkSj 6% lwvj ikyu QkeZ fodkl ds vUrxZr mi&ferk fodkl ds ,d Hkkx ds :i esa] f=iqjk esa 110 LV,d vkdkj dk ,d lwvj ikyu QkeZ LFkkfir fd;k x;k gSA

5-1-1-5 lwvj dh uLyksa dk vkuqoaf'kd lq/kkj

lwvj lheu laxg.k vkSj çlaLdj.k ç;ksx'kkyk dh LFkkiuk% इस घटक के अंतर्गत, केन्द्र सरकार कृत्रिम गर्भाधान के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सूअर के तरल सीमन का उत्पादन करने हेतु सरकारी सूअर फार्म में सूअर सीमन प्रसंस्करण प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करती है।

अरुणाचल प्रदेश और तमिलनाडु की राज्य सरकारों को सूअर सीमन संग्रह एवं प्रसंस्करण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए केंद्रीय हिस्से के रूप में क्रमशः 81 लाख रुपये और 87 लाख रुपये जारी किए गए हैं, और केरल राज्य को वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान सूअर जर्मप्लाज्म के आयात के लिए 5 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

5-1-1-6 ns'kh ?kksM+k] x/kk vkSj ÅaV esa m|ferk fodkl

इस घटक के अंतर्गत केंद्र सरकार संगठित पालन और देशी नस्ल सुधार को लक्षित करते हुए घोड़े, गधे और ऊंट प्रजनन में उद्यमशीलता को बढ़ावा देती है। पात्र लाभार्थियों में व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह (SHGs), किसान उत्पादक संगठन (FPOs), किसान सहकारी समितियां (FCOs), संयुक्त देयता समूह (JLGs) और धारा 8 कंपनियां शामिल हैं। यह योजना प्रजनन फार्म स्थापित करने के लिए प्रति परियोजना 50 लाख रुपये तक की 50% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करती है, जिसमें आवास, पशु खरीद, चारा खेती और आवश्यक उपकरण शामिल हैं। सब्सिडी केवल देशी नस्लों तक सीमित है और आयातित शुद्ध नस्ल के घोड़ों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। उद्यमियों को शेष निधि बैंक ऋण, वित्तीय संस्थानों या स्व–वित्तपोषण के माध्यम से जुटानी होगी।

5-1-1-7 ?kksM+s] x/ks vkSj ÅaV dk vkuqoaf'kd lq/kkj

¼d½ ?kksM+s] x/ks vkSj ÅaV ds fy, {ks=h; lheu mRiknu ç;ksx'kkyk dh LFkkiuk

इस घटक के अंतर्गत केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और ICAR संस्थानों को चुनिंदा प्रजनन, उच्च आनुवंशिक नरों के साथ क्रॉसब्रीडिंग और कृत्रिम गर्भाधान जैसी सहायक प्रजनन तकनीकों के माध्यम से देशी घोड़े, गधे और ऊंट की नस्लों के आनुवंशिक सुधार के लिए क्षेत्रीय सीमन उत्पादन प्रयोगशालाएं स्थापित करने में सहायता करेगी। ये

प्रयोगशालाएँ सीमन प्रसंस्करण के लिए मानक प्रोटोकॉल का पालन करेंगी और आस–पास के राज्यों में उत्कृष्ट पशु सीमन वितरित करेंगी। ICAR संस्थान सीमन को व्यावसायिक रूप से उपलब्ध कराएंगे। सभी राज्यों के लिए निधियन 60:40 पैटर्न, उत्तर पूर्व और पर्वतीय राज्यों के लिए 90:10 और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% होगा। अधिकतम निधियन सीमा 10 करोड़ रुपये है, जिसमें ICAR संस्थानों के लिए 100% निधियन होगा। राज्य पशुपालन विभाग और ICAR संस्थान परियोजना के उद्देश्यों को सुनिश्चित करने वाली प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसियां होंगी।

¼ii½ ?kkMk] x/kk vkj ÅV d fy, U;fDy;l çtuu Qke dh LFkkiuk%

इस घटक के अंतर्गत, केंद्र सरकार श्रेष्ठ जर्मप्लाज्म का प्रसार करके देशी और संकटापन्न घोड़े, गधे और ऊंट की नस्लों के संरक्षण और आनुवंशिक सुधार में सहायता करती है। आवश्यक अवसंरचना के साथ न्यूक्लियस ब्रीडिंग फार्म स्थापित करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को 100% केंद्रीय सहायता के रूप में 10 करोड़ रुपये तक की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। न्यूक्लियस ब्रीडिंग फार्म उद्यमियों और क्षेत्रीय सीमन प्रयोगशालाओं को आगे के प्रजनन और सीमन उत्पादन के लिए उत्कृष्ट नर और मादा पशुओं की आपूर्ति करेंगे।

अनुदान इन–सीटू (प्रजनन क्षेत्र के भीतर) और एक्स–सीटू (प्रजनन क्षेत्र के बाहर) संरक्षण प्रयासों के लिए प्रदान किए जाएंगे। राज्य विश्वविद्यालय और ICAR/NBAGR (राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो) नई नस्लों का अध्ययन और पंजीकरण करने के लिए सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य और केंद्र स्तर पर पशुपालन विभाग शामिल होंगे ताकि देशी प्रजातियों के प्रभावी कार्यान्वयन और संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।

¼iii½ ?kkM] x/k vkj ÅV d fy, uLy iathdj.k lklk;Vh dh LFkkiuk%

इस घटक के अंतर्गत, केंद्र सरकार नस्ल पंजीकरण समितियों की स्थापना करेगी। देशी नस्लों के पंजीकरण, रिकॉर्ड बनाए रखने और ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए सोसायटी को एकमुश्त 100% केंद्रीय सहायता 1 करोड़ रुपये तक प्रदान की जाएगी। इस निधियन में सोसायटी का पंजीकरण, डीएनए परीक्षण, कर्मचारियों का वेतन और पंजीकरण नेटवर्क की स्थापना शामिल होगी। जागरूकता पैदा करने में भी सहायता की जाएगी। पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा अनुमोदित पंजीकृत नस्ल समितियां पात्र संस्थाएं होंगी।

5-1-1-8 i’k vkgkj vkj pkjk fodkl lc/kh mi&fe’ku%

इस उप–मिशन का उद्देश्य चारा उत्पादन के लिए आवश्यक प्रमाणित चारा बीज की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए चारा बीज श्रृंखला को सुदृढ़ करना और प्रोत्साहन के माध्यम से चारा ब्लॉक/घास बांधने (Hay Bailing) साइलेज बनाने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है।

पशु आहार चारा और विकास उप–मिशन में निम्नलिखित कार्यकलाप शामिल हैं:

dk;dyki ¼i½% x.koÙkkiw.k pkjk cht mRiknu d fy, lgk;rk

हरे चारे के उत्पादन का पशुधन उत्पादन और उत्पादकता में सुधार से सीधा संबंध है। हरे चारे के उत्पादन के लिए गुणवत्ता वाले चारे के बीज मूल इनपुट हैं। इसलिए पुनर्गठित एनएलएम के अंतर्गत, गुणवत्ता वाले चारा बीज के उत्पादन और चारा बीज श्रृंखला यानी ब्रीडर, फाउंडेशन और प्रमाणित बीजों को सुदृढ़ करने के प्रयास किए गए हैं।

दिनांक 31.12.2025 तक, गुणवत्तापूर्ण चारा बीज उत्पादन के लिए सहायता घटक के अंतर्गत विभाग ने वर्ष 2025–26 के दौरान 22807 मीट्रिक टन गुणवत्तापूर्ण चारा बीज उत्पादन के लिए 154.54 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

dk;Zdyki ¼ii½ i'kq vkgkj vkSj pkjk esa m|e'khyrk dk;Zdyki

इसके अंतर्गत लाभार्थी को परियोजना लागत पर 50% सब्सिडी प्रदान करके घास (हे)/साइलेज/कुल मिश्रित राशन (TMR) चारा ब्लॉक जैसे चारे के मूल्य संवर्धन और चारे के भंडारण के लिए प्रयास किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन और डेयरी विभाग ने आहार तथा चारा इकाइयों की स्थापना के लिए 13 उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदन दिया। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 1236.28 लाख रुपये है, जिसमें 543.74 लाख रुपये की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।

5-1-1-8-1% vU; pkjk ?kVd%

वर्ष 2024 में पुनर्सैंरेखित राष्ट्रीय पशुधन मिशन के पशु आहार और चारा विकास संबंधी उप–मिशन में निम्नलिखित कार्यकलाप/घटक जोड़े गए।

i. गैर वन बंजर भूमि/रेंजभूमि/गैर कृषि योग्य भूमि से चारा उत्पादन।

ii. वन भूमि से चारा उत्पादन।

iii. उद्यमशीलता कार्यकलापों के अंतर्गत बीज प्रसंस्करण और ग्रेडिंग अवसंरचना की स्थापना

iv. गैर–वन बंजर भूमि/रेंजभूमि/चारागाह/गैर–कृषि योग्य भूमि से चारा उत्पादन इस घटक का मुख्य उद्देश्य उपयुक्त घास, फलियां और चारे के पेड़ लगाकर अवक्रमित गैर–वन बंजर भूमि/रेंजभूमि/चारागाह/गैर–कृषि योग्य भूमि का उपयोग करना तथा बायोमास का उत्पादन करके चारे की उपलब्धता और आवश्यकता के बीच के अंतर को कम करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, विशेष प्रकार की मिट्टी के लिए विशिष्ट चारा वृक्षों, बारहमासी घास और फलियों का प्रचार किया जाता है, ताकि वनस्पति आवरण प्रदान किया जा सके जो न केवल अतिरिक्त मात्रा में चारा देगा बल्कि उपयुक्त फलियों से भूमि की उर्वरता की स्थिति में भी सुधार करेगा।

v. **ou Hkfe ls pkjk mRiknu%** इसका मुख्य उद्देश्य उपयुक्त घास, फलियां और चारे के पेड़ लगाकर अवक्रमित वन भूमि को उपयोग लायक बनाना तथा बायोमास का उत्पादन करके चारे की उपलब्धता और आवश्यकता के बीच के अंतर को कम से कम करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अवक्रमित वन क्षेत्र को प्रभावी सुरक्षा प्रदान की जाएगी तथा वन क्षेत्र के लिए उपयुक्त चारा वृक्ष, बारहमासी घास और फलियां लगाकर प्राकृतिक पुनर्जनन में सहायता की जाएगी, ताकि वनस्पति आवरण घनत्व में सुधार हो सके, जिससे न केवल अतिरिक्त मात्रा में चारा मिलेगा, बल्कि वन का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।

vi. **m|e'khyrk dk;Zdykiksa ds vrxZr cht çlLdj.k vkSj xzsfMax volajpuk dh LFkkiuk%** इस कार्यकलाप के अंतर्गत लाभार्थी को बीज भंडारण/प्रसंस्करण/ग्रेडिंग संयंत्रों से संबंधित अवसंरचना विकास, अपेक्षा/आवश्यकता के अनुसार संयंत्र और मशीनरी की खरीद के लिए 50 लाख रुपये तक परियोजना लागत के 50 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाती है।

jk”Vh; i’k/ku fe’ku&m|ferk fodkl dk;Øe d vrxr {k=h; fodkl



5-1-1-9 jk”Vh; i’k/ku fe’ku m|ferk fodkl d vrxr efgyk m|ferk fodkl

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन और डेयरी विभाग ने 115 महिला उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदन दिया है। इन प्रस्तावों में से 6 उद्यमिता प्रस्ताव ग्रामीण पोल्ट्री प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए, 100 उद्यमिता प्रस्ताव भेड़ / बकरी प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए, 7 उद्यमिता प्रस्ताव सूअर प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए, 02 प्रस्ताव पशु आहार और चारा इकाइयों की स्थापना के लिए हैं। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 6914.96 लाख रुपये है, जिसमें 3173.94 लाख रुपये की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।

d- NLM/EDP ;kstuk d vrxr xkeh.k ikYVh Qke dh LFkkiuk& HkkM çtuu bdkb] rsyxkuk

uyxkMk ftys d fr#eylkxj eMy d fpryiye xko d fuoklh Jh oh- ujflEgk ¼,u,y,e202301270000046½ की परियोजना को वर्ष 2023–24 के दौरान राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने से पहले, लाभार्थी एक निम्न–आय वर्ग के ग्रामीण परिवार से थे, जिनकी आजीविका मुख्य रूप से छोटे पैमाने पर की जाने वाली कृषि पर निर्भर थी। परियोजना के कार्यान्वयन से पहले परिवार की औसत वार्षिक आय लगभग 3]00]000 ¼25]000 çfr ekg½ थी, जो परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के ईडीपी के अंतर्गत, लाभार्थी ने 1]00]00]000 #- की कुल परियोजना लागत से एक भेड़ प्रजनन इकाई स्थापित की। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, 50]00]000 #- की पूंजी निवेश पर 50% सब्सिडी भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी। सब्सिडी दो किस्तों में जारी की गई – पहली किस्त fnukad 26&03&2024 को 25]00]000 #- और दूसरी किस्त दिनांक 21–11–2025 को। परियोजना की शेष लागत 40]00]000 #- के बैंक ऋण और स्वयं की बचत से 10]00]000 #- के माध्यम से पूरी की गई।

इस वित्तीय सहायता से लाभार्थी ने गुणवत्तापूर्ण प्रजनन स्टॉक प्राप्त किया, पशुशालाएं बनाईं, आवश्यक उपकरण खरीदे और उन्नत वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों

को अपनाया। इकाई की स्थापना के बाद, लाभार्थी ने 6,000 रु. प्रति मेमने की औसत कीमत पर मेमनों की बिक्री से नियमित आय अर्जित करना शुरू कर दिया। वर्तमान में, औसत मासिक आय बढ़कर लगभग 1,00,000 रु. हो गई है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। लाभार्थी अब समय पर ऋण चुकाने और बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने में सक्षम है।

इसके अतिरिक्त, इकाई ने परिवार के सदस्यों और स्थानीय श्रमिकों सहित पाँच व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित किया है। इस प्रकार, राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम ने आजीविका सुरक्षा बढ़ाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और लाभार्थी की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

fp= 7

fp= 8

चित्र 7 और 8: भेड़ पालन फार्म के अंतर्गत उद्यमिता विकास के हिस्से के रूप में, तेलंगाना में एक ग्रामीण भेड़ पालन फार्म स्थापित किया गया है।

5-1-2 uokpkj vkj foLrkj lc/kh mi&fe'ku

इस उप–मिशन का उद्देश्य भेड़, बकरी, सूअर और चारा क्षेत्र, विस्तार कार्यकलापों, पशुधन बीमा और नवाचार से संबंधित अनुसंधान और विकास करने वाले संस्थानों, विश्वविद्यालयों, संगठनों को प्रोत्साहित करना है।

इस उप–मिशन में निम्नलिखित कार्यकलाप शामिल हैं:

(i) dk;ldyki i% vuqla/kku vkj fodkl rFkk uokpkj % भेड़, बकरी, पोल्ट्री, सूअर और आहार तथा चारा क्षेत्र में अनुसंधान में शामिल ICAR संस्थानों, केंद्रीय संस्थानों, राज्य सरकार के विश्वविद्यालय फार्मों तथा अन्य विश्वसनीय संस्थानों को सहायता प्रदान की जाती है। क्षेत्र के विकास के लिए नवीन कार्यकलापों तथा तकनीक हस्तांतरण के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। भेड़, बकरी, पोल्ट्री, सूअर, पशु आहार और चारा क्षेत्र में समस्या समाधान के लिए स्टार्ट–अप को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

वर्ष 2025–26 (दिसंबर, 2025 तक) के दौरान अनुसंधान और नवाचार के लिए संस्थानों को 501.635 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

(ii) dk;ldyki ii % foLrkj dk;ldyki % इस कार्यकलाप के अंतर्गत IC कार्यकलाप जैसे सेमिनार, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, पशुधन पालक समूह/प्रजनक एसोसिएशन, पशुपालन से संबंधित विभिन्न प्रचार कार्यकलापों का आयोजन, राज्य, केंद्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर योजना प्रचार आदि, किसान फील्ड स्कूलों का संचालन, पशुधन विस्तार सुविधादाताओं (LEF) के लिए एक्सपोजर विजिट, किसान का एक्सपोजर विजिट, पशुधन विस्तार का स्टाफ घटक, प्रदर्शन कार्यकलाप, सोशल मीडिया और ऑडियो विजुअल सहायता के माध्यम से जागरूकता पैदा करने, विस्तार शिक्षा और पशुधन विस्तार आदि पर साहित्य का निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2025–26 (दिसंबर, 2025 तक) के दौरान विस्तार कार्यकलापों के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को 659.10 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

(iii) dk;Zdyki iii % i’kq/ku chek : जोखिम प्रबंधन और बीमा, देश के सभी जिलों में कार्यान्वित किया गया है। इसमें देशी/ संकरित दुधारू पशु भारवाही पशु (घोड़े, गधे, खच्चर, ऊंट, टट्टू और गोपशु/भैंस के नर पशु) शामिल हैं और अन्य पशुधन (बकरी, भेड़, सूअर, खरगोश, याक और मिथुन) का बीमा पशुधन बीमा के दायरे में आता है। सब्सिडी का लाभ सूअर और खरगोश को छोड़कर सभी पशुओं के लिए प्रति परिवार 10 गोपशु इकाइयों तक सीमित है। सूअर और खरगोश के लिए लाभ 5 गोपशु इकाइयों (1 गोपशु इकाई = 10 छोटे जानवर) तक सीमित रहेगा। भेड़, बकरी, सूअर और खरगोश के मामले में, लाभ 10 पशुओं के बराबर यानी भेड़, बकरी, सूअर और खरगोश के लिए है। इस प्रयोजन के लिए, ''परिवार'' को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अपनाई गई तर्ज के अनुसार परिभाषित किया जाएगा।

प्रीमियम भुगतान में किसान का हिस्सा जाति और निवास के क्षेत्र के अनुसार 20–50% से घटाकर 15% कर दिया गया है। शेष 85% राशि केंद्र और राज्य द्वारा साझा की जाएगी। पर्वतीय और उत्तर पूर्व क्षेत्र को छोड़कर अन्य राज्यों के लिए यह अनुपात 60:40 है, जबकि पर्वतीय और उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए यह अनुपात 90:10 है।

योजना के अंतर्गत निधियों का उपयोग प्रीमियम सब्सिडी के भुगतान, पशु चिकित्सकों को मानदेय देने और प्रचार–प्रसार के लिए किया जा रहा है। वर्ष 2025–26 के दौरान दिसंबर, 2025 तक पशुधन बीमा के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 4210.41 लाख रुपये की राशि जारी की गई है ।

5-2 y?kq i’kq/ku laLFkku

5-2-1 dsaæh; iksYVªh fodkl laxBu

चार स्थानों, अर्थात् चंडीगढ़, भुवनेश्वर, मुंबई और बेंगलुरु जैसे क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन (CPDO) पोल्ट्री के संबंध में सरकार की नीतियों के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन संगठनों का कार्य घरेलू पोल्ट्री के लिए पक्षियों की उन्नत किस्म पर ध्यान केंद्रित करना है जो किसान के द्वार पर जीवित रह सकें, घरेलू पोल्ट्री किसानों को मूलभूत प्रशिक्षण प्रदान करना और आहार विश्लेषण करना है।

कलिंगा ब्राउन, कावेरी, चाब्रो और चोब्रो इन सीपीडीओ द्वारा विकसित कम इनपुट तकनीक पक्षियों (चिकन) की किस्में/प्रजातियाँ हैं। मांग के आधार पर, वे राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों और व्यक्तिगत किसानों को इन किस्मों के हैचिंगअंडे, पेरेंट/ व्यावसायिक के एक दिन के चूजों की आपूर्ति करते हैं। इसके अलावा, वे नस्ल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कड़कनाथ, असील आदि जैसी देशी किस्मों को भी बनाए रखते हैं।

सीपीडीओ पोल्ट्री के अलावा बत्तख, जापानी बटेर, टर्की और गिनी फाउल जैसी अन्य प्रजातियों के साथ विविधीकरण को भी बढ़ावा दे रहे हैं। व्हाइट पेकिन (मांस प्रकार) और खाकी कैंपबेल (अंडे प्रकार) बत्तख की वे किस्में हैं जिन्हें CPDO, बेंगलुरु द्वारा विभिन्न राज्यों की मांग के आधार पर आपूर्ति के लिए रखा जाता है। CPDO सभी प्रकार के पशु आहार के लिए आहार विश्लेषण भी कर रहे हैं। भुवनेश्वर, मुंबई और हेसरघट्टा में तीन CPDO के पास आहार नमूनों का विश्लेषण करने के लिए नियर इंफ्रा–रेड (एनआईआर) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर है। पक्षियों को खिलाने और पानी पिलाने के लिए ऑटोमेशन सिस्टम हेसरघट्टा, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर में स्थापित किया गया है।

इन CPDO में किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है और पोल्ट्री किसानों/उद्यमियों के प्रशिक्षण के लिए इन CPDO में एक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया

गया है जिसे इन CPDO में अपनाया जाता है। पोल्ट्री उत्पादन पाठ्यक्रम में व्यावहारिक सत्र और पोल्ट्री फार्मिंग कार्यकलापों का प्रदर्शन शामिल है जिसमें ब्रूडिंग व्यवस्था, फीडिंग, पानी, टीकाकरण, तापमान प्रबंधन, दवा आदि और फीड मिल प्रबंधन और हैचरी प्रबंधन संबंधी सुझावों के अलावा अन्य प्रबंधन पहलू शामिल हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों से निधियों के माध्यम से वित्तीय सहायता (बैंक ऋण) प्राप्त करने के विशेष संदर्भ के साथ पोल्ट्री फार्मिंग में मूल अर्थशास्त्र के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाता है। किसानों को विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मॉडलों के साथ वाणिज्यिक पोल्ट्री फार्मिंग की व्यवहार्य परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

CPDO और प्रशिक्षण संस्थान (CPDO और TI), हेसरघट्टा, जो अब CEAH का एक स्कंध (Wing) है, देश के भीतर और साथ ही विदेशों में सेवारत कार्मिको को 'प्रषिक्षकों का प्रशिक्षण' संबंधी भी दे रहा है। इस संस्थान में नियमित पोल्ट्री प्रबंधन पाठ्यक्रम और विशेष, उन्नत और प्रयोगशाला पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। CPDO और TI ने विशेष रूप से प्रशिक्षण के उद्देश्य से एक कौशल विकास और प्रशिक्षण केंद्र खोला है।

यह संगठन (CPDO और TI) वर्ष 2005 से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएसओ 9001:2008 से मान्यता प्राप्त है। चार CPDO को राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र के रूप में संबद्ध किया गया है।

गुड़गांव स्थित केंद्रीय पोल्ट्री प्रदर्शन परीक्षण केंद्र (CPPTC) को लेयर और ब्रॉयलर किस्मों के प्रदर्शन के परीक्षण का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। यह केंद्र देश में उपलब्ध विभिन्न आनुवंशिक स्टॉक से संबंधित बहुमूल्य जानकारी देता है। आमतौर पर एक वर्ष में एक लेयर और दो ब्रॉयलर परीक्षण शुरू किए जाते हैं।

5-2-2 dsUæh; HksM+ çtuu QkeZ] fglkj ¼gfj;k.kk½

CSBF, हिसार की स्थापना वर्ष 1969–70 में चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान कोलंबो योजना के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया सरकार के सहयोग से की गई थी, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्य भेड़ फार्मों में वितरण के लिए अनुकूलित विदेशी मेढ़ों का उत्पादन करना तथा भेड़ प्रबंधन और यांत्रिक भेड़ कतरनी (शिअरिंग) में कर्मियों को प्रषिक्षित करना था। वर्तमान में फार्म में नाली एक्स रैंबौलेट और सोनाडी एक्स कोरिडेल क्रॉस के साथ–साथ शुद्ध नस्ल की बीटल बकरियां भी रखी जा रही हैं।

5-2-3 {ks=h; pkjk dsaæ

इसके अतिरिक्त, विभाग केन्द्रीय क्षेत्र की योजना अर्थात केन्द्रीय चारा विकास संगठन का भी कार्यान्वयन कर रहा है, जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों में सात क्षेत्रीय चारा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो देश में गुणवत्तापूर्ण चारा बीजों के उत्पादन, प्रशिक्षण और चारा विकास से संबंधित अन्य विस्तार कार्यकलापों में संलग्न हैं।

ये सात क्षेत्रीय चारा केंद्र रविराला, हैदराबाद (तेलंगाना), धामरोड, सूरत (गुजरात), हिसार (हरियाणा), सूरतगढ़ (राजस्थान), सुहामा (जम्मू और कश्मीर), अलमादी (तमिलनाडु) और कल्याणी (पश्चिम बंगाल) में स्थित हैं। हैसरघट्टा स्थित एक अन्य क्षेत्रीय चारा केंद्र का CEAH में विलय कर दिया गया है।

दिनांक 31.12.2025 तक, इन केंद्रों ने 335.6 मीट्रिक टन चारा बीज का उत्पादन किया है, 5102 प्रदर्शन आयोजित किए हैं, और 107 प्रशिक्षण कार्यक्रम और 107 किसान मेले/क्षेत्र दिवस आयोजित किए हैं।

5-3 i'kqikyu volajpuk fodkl fuf/k

पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा 29,110.25 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) को कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत उद्यमियों, निजी कंपनियों, MSME, किसान उत्पादक संगठनों (FPO), धारा 8

कंपनियों और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करना है ताकि (i) डेयरी प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन अवसंरचना, (ii) मांस प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन अवसंरचना, (iii) पशु चारा संयंत्र, (iv) गोपशु/भैंस/भेड़/बकरी/सूअर के लिए नस्ल सुधार तकनीक और नस्ल वृद्धि फार्म, (v) पशु चिकित्सा टीका और दवा उत्पादन सुविधाएं, (vi) पशु अपशिष्ट से संपत्ति प्रबंधन (कृषि अपशिष्ट प्रबंधन), और (vii) प्राथमिक ऊन प्रसंस्करण अवसंरचना स्थापित की जा सके।

इस योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार पात्र संस्थाओं को 3% ब्याज सबवेंशन प्रदान करती है जो किसी भी अनुसूचित बैंक/नाबार्ड/NCDC/NDDB से परियोजना लागत के 90% तक सावधि ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्थापित क्रेडिट गारंटी निधि की सुविधा MSME के लिए 25% क्रेडिट गारंटी प्रदान कर रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र सावधि ऋण राशि की कोई सीमा नहीं है।

;kstuk ds mís';%

क) दूध और मांस प्रसंस्करण क्षमता और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ाने में सहायता करना, जिससे असंगठित ग्रामीण दूध और मांस उत्पादकों को संगठित दूध और मांस बाजार तक अधिक पहुंच प्रदान की जा सके।

ख) उत्पादक को बढ़ी हुई कीमत उपलब्ध कराना

ग) घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण दूध और मांस उत्पाद उपलब्ध कराना

घ) देश की बढ़ती जनसंख्या की प्रोटीन युक्त गुणवत्तापूर्ण भोजन की आवश्यकता को पूरा करना तथा विश्व में सर्वाधिक कुपोषित बच्चों की आबादी में से एक भारत में कुपोषण को रोकना।

ङ) उद्यमशीलता कार्यकलापपों को बढ़ावा देना और रोजगार सृजन को सुगम बनाना।

च) निर्यात को बढ़ावा देना तथा दूध एवं मांस क्षेत्र में निर्यात योगदान में वृद्धि करना।

छ) गोपशु, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर और पोल्ट्री के लिए गुणवत्तापूर्ण पशु आहार उपलब्ध कराना ताकि किफायती मूल्य पर संतुलित आहार उपलब्ध कराया जा सके।

AHIDF dh vc rd dh çxfr%

पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के अंतर्गत 1,232 परियोजनाओं को योग्य घोषित किया है, जिसमें 28,855 करोड़ रु. का निवेश शामिल है। 31 दिसंबर 2025 तक विभिन्न ऋणदाताओं द्वारा 22,996 करोड़ रु. की 721 परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है। AHIDF दूध और मांस प्रसंस्करण, पशु चारा निर्माण, नस्ल सुधार एवं वृद्धि फार्म, पशु चिकित्सा टीके और दवा उत्पादन, पशु अपशिष्ट से आय सृजन की पहल और प्राथमिक ऊन प्रसंस्करण अवसंरचना जैसे कार्यकलापों में सहायता करके व्यापक क्षेत्रीय कवरेज सुनिश्चित करता है। समय के साथ, इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और दूरस्थ जिलों से भी परियोजनाएं आकर्षित हुई हैं, जहां पहले न्यूनतम भागीदारी थी। यह योजना की व्यापक पहुंच और पशुपालन क्षेत्र पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करता है।

foÙkh; o"kZ	ikVZy ij çLrqr ifj;kstukvksa dh la[;k
2020–21	712
2021–22	2480
2022–23	2,014
2023–24	301
2024–25	1779
2025–26 (दिनांक 31.12.2025 तक)	1,939

दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक, 210 परियोजनाओं के लिए ब्याज सबवेंशन के रूप में 181.87 करोड़

रु. संवितरित किए जा चुके हैं। विभाग ने पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) योजना के अंतर्गत वर्ष 2020–21 से अब तक 461 परियोजनाओं को अनुमोदन दिया है। दूध प्रसंस्करण क्षेत्र में विकसित अवसंरचना अब 154 परियोजनाओं में प्रतिदिन 236.93 लाख लीटर की क्षमता प्रदान करती है। इन प्रयासों से 19,064 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। मांस प्रसंस्करण क्षेत्र में, 27 परियोजनाओं ने 10.47 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक प्रसंस्करण क्षमता का सृजन किया है। इन पहलों के परिणामस्वरूप दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक 5,249 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, पशु आहार निर्माण क्षेत्र ने 150 परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 109.33 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता प्राप्त की गई है। इन पहलों से दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक 16,468 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।

नस्ल सुधार तकनीकी और वृद्धि फार्मों की श्रेणी में कुल 121 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गई है। इस पहल के अंतर्गत विकसित अवसंरचना में 2,920 गोपशुओं और 220 सूअरों के लिए नस्ल सुधार फार्म, साथ ही 25.09 करोड़ पोल्ट्री चूजों और 210 करोड़ अंडों की वार्षिक क्षमता वाले आधुनिक मुर्गी फार्म शामिल हैं। दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक इन पहलों से 7,486 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।

पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन (कृषि अपशिष्ट प्रबंधन) श्रेणी में चार परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं, जिनसे प्रति वर्ष 10,351 मीट्रिक टन संपीड़ित (Compressed) गैस और 24.50 लाख घन मीटर बायोगैस की स्थापित क्षमता प्राप्त हुई है। दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक इन पहलों से 663 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है, साथ ही पशुधन क्षेत्र में सतत संसाधन उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है।

पशु चिकित्सा टीका एवं औषधि उत्पादन सुविधाओं की श्रेणी में, योजना के अंतर्गत पाँच परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गई है, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 90 लाख बोलस, 36 करोड़ टैबलेट, 60,000 किलोग्राम पाउडर, 52.74 लाख लीटर तरल औषधियाँ, 3.70 करोड़ इंजेक्शन योग्य औषधियाँ और एक करोड़ मलहम इकाइयों की उत्पादन क्षमता प्राप्त हुई है। इन प्रयासों से दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक 375 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

कुल मिलाकर, 461 परियोजनाओं के कार्यान्वयन से 49,305 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। इसके अलावा, दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक 29 लाख से अधिक किसानों को इस योजना से लाभ हुआ है, जो पशुपालन क्षेत्र को मजबूत करने में इसकी व्यापक पहुँच और महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

AHIDF d vrxZr lgk;rk çkIr dqN ifj;kstukvksa dh >yd

चित्र 9 और 10

परियोजना–1: लाइफ लाइन हैचरीज

परियोजना–2: क्रेविशियस फूड्स प्राइवेट लिमिटेड

वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत परियोजनाओं का श्रेणीवार वितरण



fp=&1% foÙkh; o"kZ 2024&25 esa Lohd`r ifj;kstukvksa dk Js.khokj forj.k

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए स्वीकृत 189 परियोजनाओं का श्रेणीवार विश्लेषण दर्शाता है कि डेयरी प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो 68 परियोजनाओं के साथ सबसे बड़ा हिस्सा (36%) है। इसके बाद 32% के साथ नस्ल सुधार तकनीकी और वृद्धि फार्मों का स्थान आता है, जिसमें 60 परियोजनाएं शामिल हैं, यह नस्ल और उत्पादकता सुधार पर दिए गए बल को दर्शाता है। पशु आहार संयंत्रों में 47 परियोजनाएं शामिल हैं, जो पशुधन के लिए संतुलित पोषण को दी गई प्राथमिकता को दर्शाती हैं। मांस प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में 10 परियोजनाएं हैं, जबकि पशु चिकित्सा टीकों और दवा उत्पादन सुविधाओं में 2 परियोजनाएं हैं, जो पशु स्वास्थ्य अवसंरचना को सहायता सुनिश्चित करती हैं। इसके अतिरिक्त, पशु अपशिष्ट से संपत्ति प्रबंधन के अंतर्गत दो परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो सतत प्रथाओं और संसाधन के उपयोग को बढ़ावा देती हैं। यह वितरण महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसंरचना विकास के माध्यम से पशुधन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें डेयरी और प्रजनन, कार्यकलाप विकास के प्रमुख चालक के रूप में उभर रही हैं। इन 189 परियोजनाओं के माध्यम से 17,133 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं और लगभग 17 लाख किसानों को लाभ हुआ है।

श्रेणी–वार परियोजना लागत वितरणः वर्ष 2024–25 में स्वीकृत परियोजनाएं



fp=%2 J.kh&okj ifj;ktuk ykxr forj.k % o”k 2024&25 e Loh–r ifj;ktuk,

पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का श्रेणीवार वितरण नीचे दर्शाए गए अनुसार परियोजना लागत श्रेणियों में विविध निवेश प्रोफाइल को इंगित करता है। 5.00 करोड़ रु. तक की निम्न निवेश श्रेणी में बड़ी संख्या में परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जो लघु एवं मध्यम उद्यमियों की मजबूत भागीदारी को दर्शाती है। इसके बाद 10.00 करोड़ रु. से 50.00 करोड़ रु. की श्रेणी में परियोजनाओं का पर्याप्त संकेंद्रण है, जो मध्यम स्तर के अवसंरचना विकास में बढ़ती रुचि को प्रदर्शित करता है। 5.00 करोड़ रु. से 10.00 करोड़ रु. श्रेणी की परियोजनाओं में भी स्थिर वृद्धि देखी जा रही है, जबकि 50.00 करोड़ रु. से अधिक के उच्च मूल्य वाले निवेश, जिनमें 100.00 करोड़ रु. से अधिक की परियोजनाएं भी शामिल हैं, योजना की बड़े पैमाने पर और पूंजी–गहन उद्यमों को आकर्षित करने की क्षमता को रेखांकित करते हैं। कुल मिलाकर, श्रेणीवार वितरण विभिन्न निवेश स्तरों पर अवसंरचना निर्माण की सहायता करने में AHIDF के समावेशी स्वरूप को उजागर करता है, जिससे पशुपालन मूल्य श्रृंखला को मजबूती मिलती है।

foÙkh; o”k 2024&25 e i’kqikyu d mi&{k=k e okf”kd {kerk of)	
मांस प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन	1.19 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष
डेयरी प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन	148.54 लाख लीटर प्रति दिन
पशु आहार संयंत्र	36.10 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष
नस्ल सुधार और नस्ल वृद्धि फार्म	78.72 लाख पक्षी/ध्वर्ष, 134.61 करोड़ अंडे/वर्ष, 2370 मवेशी
पशु अपशिष्ट से संपत्ति प्रबंधन (कृषि अपशिष्ट प्रबंधन)	5950 मीट्रिक टन प्रति वर्ष और 24.50 लाख घन मीटर बायोगैस/वर्ष
पशु चिकित्सा टीके और औषधियों के उत्पादन संयंत्रों की स्थापना	3 करोड़ इंजेक्शन में प्रयुक्त औशधियां/वर्ष, 50 लाख गोलियां, 3 टन पाउडर दवाएं, 1000 लीटर तरल दवाएं

5-4 jk"Vªh; fMftVy i'kq/ku fe'ku & Hkkjr i'kq/ku & lfpr fu.kZ; dh fy, MsVk

5.4.1 भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुधन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवार आजीविका के स्रोत के रूप में पशुधन पर निर्भर हैं। छोटे और सीमांत किसान पशुधन के एक महत्वपूर्ण हिस्से के मालिक हैं, जिससे व्यापक भौगोलिक विस्तार और बिखरे हुए स्वामित्व पैटर्न के कारण सेवा वितरण और बाजार एकीकरण विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

इन चुनौतियों का समाधान करने और पशुधन क्षेत्र की पूर्ण क्षमता को उजागर करने के लिए, पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के सहयोग से ''भारत पशुधन'' नामक राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के तहत एक व्यापक प्रौद्योगिकी–सक्षम डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। प्रत्येक पशु को बारकोडेड इयर टैग के माध्यम से 12–अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या द्वारा चिन्हित किया जाता है, जिससे इस पोर्टल में पशु–स्तर की ट्रैकिंग और प्रबंधन सक्षम होता है।

5-4-2- ekuuh; ç/kkuea=h us 2 ekpZ 2024 dks Hkkjr i'kq/ku fMftVy ikfjfLFkfrdh ra= jk"Vª dks lefiZr fd;kA

1- Hkkjr i'kq/ku dh mís'; 1 uLy lq/kkj%

देश भर में विविध कृषि–जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल उच्च गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म के उत्पादन हेतु वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किए गए प्रजनन कार्यकलापों का निर्माण और प्रबंधन करना।

2- mRikn Vsfladfcfy Vh

पशु टैग आईडी को भौगोलिक स्थानों और प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ एकीकृत करके, यह प्रणाली पशुधन उत्पादों के लिए एक मजबूत और त्रुटिरहित ट्रेसिबिलिटी तंत्र को सक्षम बनाती है। इससे ब्रांडिंग, नए बाजारों तक पहुंच, निर्यात प्रोत्साहन और पशुपालकों की आय में वृद्धि होती है।

3. निवारक टीकाकरण और रोग नियंत्रण: यह प्रणाली पशुधन के टीकाकरण सेवाओं को रिकॉर्ड करने में सक्षम बनाती है, जिससे अंतिम छोर तक पशुओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित होता है और रोगों से होने वाले उत्पादकता नुकसान को रोका जा सकता है।

4- jksx fuxjkuh vkSj mipkj%

भारत पशुधन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एकत्रित डेटा एक एकीकृत रोग निगरानी और नियंत्रण प्रणाली का समर्थन करता है जो रोग निवारण, पूर्वानुमान, समय पर प्रतिक्रिया और उपचार में सक्षम है।

5- i'kqikyd&dsafær –f"Vdks.k%

इस पहल का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं, पशु चिकित्सा सेवाओं और कुशल पशुधन प्रबंधन के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं के बारे में विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है।

6- vksiu&lkslZ vkSj API&l{ke vkfdZVsDpj%

यह प्लेटफॉर्म API–सक्षम एकीकरण क्षमताओं सहित ओपन–सोर्स आर्किटेक्चर पर आधारित है, जो वित्तीय संस्थानों, बीमा प्रदाताओं, निजी पशु चिकित्सकों और पशुधन पारिस्थितिकी तंत्र में कार्यरत स्टार्टअप जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ निर्बाध संपर्क की सुविधा प्रदान करता है।

5-4-1-2 fMftVy IysVQ,e vkSj vuqç;ksx

केंद्रीकृत डेटाबेस के साथ–साथ, फील्ड कार्यकर्ताओं और पशुपालकों के उपयोग के लिए दो मोबाइल एप्लिकेशन और वेब इंटरफेस विकसित किए गए हैं, जिनके नाम क्रमशः ''भारत पशुधन'' और ''1962'' हैं।

5-4-1-3 Hkkjr i'kq/ku ,fIyds'ku & eq[; e,Mîwy

i. पशु प्रबंधन

ii. पशु स्वास्थ्य

iii. पशु प्रजनन

iv. पशु पोषण

v. प्रशासनिक मॉड्यूल

vi. डिजिटल पशुधन जनगणना

vii. टैग प्रबंधन

viii. प्रयोगशाला प्रबंधन

ix. पशुधन प्रबंधन

5-4-1-4 lkf[;dh; e[; fcn| ¼fnukad 8 Qjojh 2025 rd½

1. पंजीकृत पशुपालक किसानः 9.5 करोड़

2. जारीः 35 किए गए पशु आधार (पशु पहचान पत्र) करोड़

3. जारीः किए गए फील्ड वर्कर यूजर आईडी 4.2 लाख

4. दर्ज लेनदेनः 145 करोड़

5-4-1-5 1962 i'kqikyd vkonu

1962 एप्लिकेशन को एक ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है जिसका प्राथमिक उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं, सेवाओं और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रामाणिक जानकारी तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाना है। यह एप्लिकेशन मंत्रालय की वेबसाइट के साथ एकीकृत है ताकि वास्तविक समय आधार पर अद्यतन जानकारी और परामर्श दिया जा सके।

1962 ,fIyds'ku dh çe[k fo'ks"krk,¡ bl çdkj g¨%

क. किसान अपने पंजीकृत पशुओं से संबंधित सभी लेनदेन और स्वामित्व विवरण देख और सत्यापित कर सकते हैं।

ख. प्रत्येक किसान और प्रत्येक पशु के लिए एक अद्वितीय क्यूआर कोड सृजित होता है, जिससे फील्ड वर्कर स्कैन करके तुरंत विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

ग. प्रत्येक पशु के लेन–देन का पूरा कालानुक्रमिक इतिहास स्वामी के लिए उपलब्ध है।

घ. सीमन स्ट्रॉ और भ्रूण सहित प्रजनन तकनीकों की उपलब्धता और गुणवत्ता की जानकारी प्रदान की जाती है।

ङ किसान कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रियाओं के दौरान उपयोग किए गए सीमन स्ट्रॉ की प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं।

च. भारत सरकार की पशुपालकों के लिए योजनाओं और सुविधाओं का विस्तृत विवरण इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

छ. आयुर्वेदिक पशु चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार–प्रसार किया जाता है, जिसमें किसानों के उपयोग के लिए वीडियो और डाउनलोड करने योग्य दस्तावेज शामिल हैं।

ज. पशुपीडिया, जो गोपशु, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर की नस्लों और प्रजातियों को कवर करने वाला एक डिजिटल ज्ञान भंडार है, को एप्लिकेशन में एकीकृत किया गया है।

1962 एप्लिकेशन को पशुधन पद्धतियों, सेवाओं और सरकारी कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी के एक एकल, विश्वसनीय और प्रामाणिक स्रोत के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिससे पशुधन क्षेत्र में किसानों की भागीदारी मजबूत होती है।

***

अध्याय-6

i’k/ku LokLF;

i'kq/ku LokLF;

6-1 fLgkoyksdu

6.1.1 पशुधन उत्पादन में तेजी से हो रही वृद्धि, उच्च पशु घनत्व, पशुधन आबादी का विस्तार, पशुधन, मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ता संपर्क तथा पशुधन के वैश्विक व्यापार और आवागमन में वृद्धि, ये सभी पशुधन और पोल्ट्री का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में काफी चुनौतियां पेश करते हैं।

पशुधन स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेष रूप से पशु रोग नियंत्रण के माध्यम से, पशुपालन और डेयरी विभाग का लक्ष्य जूनोटिक, उभरते और पुनः उभरने वाले रोगों को रोकना और नियंत्रित करना है, साथ ही संधारणीय उत्पादन सुनिश्चित करना, इष्टतम आजीविका के लिए मार्गदर्शन देना और पशु मूल के खाद्य पदार्थों का सुरक्षित और पौष्टिक रूप से उत्पादन करना है।

मनुष्यों को प्रभावित करने वाले दो–तिहाई संक्रामक रोग पशुओं से उत्पन्न होते हैं, तथा उभरते मानव रोगाणुओं में से तीन–चौथाई पशु–आधारित होते हैं, साथ ही खाद्य जनित रोगों की चुनौती भी बढ़ती जा रही है।

विभाग, केन्द्रित अनुसंधान और विकास कार्यकलापों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत क्षमताओं का निर्माण करके; जनशक्ति और महामारी विज्ञान संबंधी क्षमता निर्माण के माध्यम से राज्य–स्तरीय क्षमताओं को सुदृढ़ करके; राज्य नैदानिक क्षमताओं में सुधार करके, पशु चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुंच में सुधार करके, फार्म जैव–सुरक्षा में सुधार करके तथा एवियन इन्फ्लूएंजा, लम्पी स्किन डिजीज, ग्लैंडर्स, अफ्रीकी स्वाइन फीवर आदि जैसे पशुधन और पोल्ट्री रोगों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए परामर्शी साझा करके पशु स्वास्थ्य प्रबंधन क्षमता में वृद्धि कर रहा है। विभाग ने गर्मियों के दौरान और अन्य चरम मौसम की स्थिति के साथ–साथ प्राकृतिक आपदाओं के लिए पशु प्रबंधन पद्धतियों के लिए परामर्शी भी जारी की हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ उन्हें साझा किया है।

6.1.2. विभाग पशुओं में "संक्रामक और सांसर्गिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम, 2009'', और "पशुधन आयात अधिनियम, 1898" के माध्यम से रोगों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए विनियामक उपायों को कार्यान्वित करता है, जिसका उद्देश्य पशुधन और पशुधन उत्पादों के आयात के माध्यम से देश में विदेशी और उभरते रोगों के प्रवेश को रोकना है।

6-2 i'kq/ku LokLF; vkSj jksx fu;a=.k dk;ZØe ¼LHDCP½

पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP), विभाग द्वारा कार्यान्वित, चल रही केन्द्र प्रायोजित योजना (CSS) है। जिसे पशु रोगों के प्रवेश और प्रसार की रोकथाम के लिए पिछले कुछ वर्षों में संशोधित/आशोधित किया गया है। इसका उद्देश्य पशु रोगों के लिए रोगाणुरोधी टीकाकरण के कार्यान्वयन, गुणवत्तायुक्त पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि, रोग निगरानी और पशु चिकित्सा अवसंरचना को सुदृढ़ करने के माध्यम से पशु स्वास्थ्य में सुधार करना है।

इस कार्यक्रम में खुरपका और मुंहपका रोग (FMD), ब्रसेलोसिस, पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (PPR) और क्लासिकल स्वाइन फीवर (CSF) के लिए टीकाकरण जैसे प्रमुख कार्यकलाप शामिल हैं, जिन्हें सहायता दी जाती है।

वर्ष 2021–22 के दौरान, एलएच और डीसी योजना को भी संशोधित किया गया और 3 घटकों में पुनर्संरेखित किया गया (i) पीपीआर और सीएसएफ

के नियंत्रण के लिए गंभीर पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम–100% केंद्रीय क्षेत्र (ii) पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) और पशु चिकित्सा अस्पतालों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण–मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयाँ (ESVHD-MVU)– एमवीयू की खरीद को छोड़कर केंद्र प्रायोजित घटक जो 100% है। एनएडीसीपी और एलएचडीसी को वर्ष 2021–22 के दौरान एलएचडीसीपी के तहत घटकों के रूप में विलय कर दिया गया।

किसानों के द्वार पर पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रदायगी के उद्देश्य से स्थापित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों के लिए, केंद्र सरकार दूरदराज के क्षेत्रों में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एमवीयू की खरीद और अनुकूलन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

राज्य द्वारा प्राथमिकता प्राप्त आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण विदेशी, आकस्मिक और जूनोटिक पशु रोगों के नियंत्रण के लिए पशु रोग नियंत्रण हेतु राज्यों को सहायता (ASCAD) भी क्रियान्वित की जा रही है।

LHDCP घटकों का विवरण निम्नानुसार है :

6-2-1- jk"Vªh; i'kq jksx fu;a=.k dk;ZØe ¼NADCP½

- खुरपका–मुंहपका रोग (FMD) और ब्रुसेलोसिस के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) को विभाग द्वारा वर्ष 2019 में पशुयूथ में प्रतिरक्षा विकासित करके एफएमडी और ब्रूसेलोसिस के नियंत्रण के उद्देश्य से आरंभ किया गया था। खुरपका–मुंहपका रोग (FMD) और ब्रुसेलोसिस के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 3 जून, 2019 के पत्र संख्या 17/सीएम/2019 के माध्यम से एक अलग 100% केंद्रीय क्षेत्र (CS) योजना के रूप में अनुमोदित किया गया था, जिसमें वर्ष 2019–20 से वर्ष 2023–24 तक पांच वर्षों के लिए 13,343.00 करोड़ रुपये का परिव्यय था, जिसका उद्देश्य टीकाकरण के साथ वर्ष 2025 तक एफएमडी पर पूर्ण नियंत्रण और वर्ष 2030 तक इसका अंततः उन्मूलन और ब्रुसेलोसिस पर नियंत्रण करना था। वर्ष 2021 में इस कार्यक्रम को पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के अंतर्गत शामिल कर लिया गया।राज्यों को टीकाकरण सहायक उपकरण खरीदने, टीका लगाने वालों को पारिश्रमिक देने, राज्यों के लिए कोल्ड चेन अवसंरचना (वॉक–इन–कोल्ड रूम, कोल्ड कैबिनेट, आइस लाइन्ड रेफ्रिजरेटर, टीका कैरियर, एक्टिव कूल बॉक्स आदि) तैयार करने, निगरानी और मॉनीटरिंग तथा आईईसी/जागरूकता अभियान के लिए 100% केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। टीकाकरण कार्यक्रम के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र को 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

6-2-1-1 ,u,Mhlhih&,Q,eMh%

विश्व पशु स्वास्थ्य–संगठन (WOAH) द्वारा खुरपका और मुंहपका रोग (FMD) को नियंत्रण और उन्मूलन के लिए प्राथमिकता प्राप्त रोग के तौर पर वैश्विक पहचान दी गई है। FMD टीकाकरण के लिए राज्यो/संघ राज्य क्षेत्रों को 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

वर्ष 2025–26 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कुल 32.87 करोड़ एफएमडी टीक खुराकें प्रदान की गईं। इस अवधि के दौरान लगभग 26.80 करोड़ पशुओं का टीकाकरण किया गया।

NADCP-FMD के अंतर्गत FMD के लिए टीकाकरण

पिछले सालों के मुकाबले 2025–2026 में अब तक FMD के फैलने में काफी कमी आई है। FMD के फैलने के मामले वर्ष 2018 में 227 से घटकर जून 2025 तक 06 हो गए हैं।

ये रोग कभी–कभी होता है और FMD के ऐसे मामले सामने आए हैं जो बहुत कम पशुओं को प्रभावित करते हैं। यह रोग हर्ड इम्यूनिटी के कारण नहीं फैला।



6-2-1-2 NADCP&Ckqlsykfll %

ब्रुसेलोसिस गोपशुओं और भैंसों का एक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजनन रोग है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव गर्भपात के रूप में सामने आता है। जूनोटिक होने के कारण यह मनुष्यों में भी फैलता है। यह एक गंभीर व्यावसायिक खतरा भी है और भारत में स्थानिक है।

इस घटक में, ब्रुसेलोसिस से सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरे देश में बोवाइन बछियों (4–8 महीने की आयु) को टीका लगाया जाता है। ब्रुसेलोसिस के टीकाकरण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इस घटक के तहत वर्ष 2025 में ब्रुसेलोसिस के लिए लगभग 18.60 लाख टीकाकरण किए गए।

NADCP&Ckqlsykfll ds rgr Ckqlsykfll ds fy, Vhdkdj.k

6-2-2 vU; xHkhj i'kq jksx

6-2-2-1 PPR-EP%

पेस्टे डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स – उन्मूलन कार्यक्रम (PPR-EP) – पीपीआर जिसे भेड़ और बकरी प्लेग के रूप में भी जाना जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक ट्रांसबाउंड्री पशु रोग है जो घरेलू और जंगली जुगाली करने वाले छोटे पशुओं को प्रभावित करता है। यह गंभीर रुग्णता और मृत्यु दर के रूप में पहचाना जाता है और हमारे देश में जहां जुगाली करने वाले छोटे पशु आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, वहां इसका उच्च आर्थिक प्रभाव पड़ता है। PPR के टीकाकरण के लिए राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों को 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

इस घटक में, देश की पूरी भेड़ और बकरी आबादी का पीपीआर टीकाकरण किया जा रहा है ताकि जुगाली करने वाले छोटे पशुओं की पूरी आबादी को 100% प्रभावी कवरेज मिल सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवासी पशुयूथ/पशुओं को भी टीकाकरण शामिल किया गया है।

वर्ष 2025 के दौरान पीपीआर के लिए लगभग 4.29 करोड़ कुल टीकाकरण किया गया।

6-2-2-2 CSF&fu;=.k dk;Øe

क्लासिकल स्वाइन फीवर (CSF), जिसे हॉग हैजा के नाम से भी जाना जाता है, घरेलू और जंगली सूअरों का एक संक्रामक वायरल रोग है और यह आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है। क्लासिकल स्वाइन फीवर वायरस से संक्रमित सूअरों में न्यूरोलॉजिकल लक्षण, प्रजनन विफलता और गर्भपात हो सकता है। क्लासिकल स्वाइन फीवर के लिए रोग नियंत्रण कार्यक्रम में सूअरों की पूरी आबादी को कवर करने के लिए सूअरों की आबादी वाले सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल किया गया है। CSF के टीकाकरण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 100 प्रतिशत वितीय सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2025 के दौरान CSF के लिए लगभग 15.45 लाख कुल टीकाकरण किए गए।

PPR-EP के तहत पीपीआर के लिए टीकाकरण

CSF–EP के अंतर्गत CSF के लिए टीकाकरण

6-2-3 i'k/ku LokLF; vkj jkx fu;=.k ¼LH vkj DC½

6-2-3-1 ESVHD-MVU½

पशु चिकित्सा अस्पतालों और औषधालयों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण– मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां (ESVHD-MVU) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं ताकि किसानों/पशु मालिकों को उनके द्वार पर निदान उपचार, टीकाकरण, मामूली शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप, दृश्य–श्रव्य सहायक उपकरण और विस्तार सेवाएं प्रदान की जा सकें। देश में प्रति 1 लाख पशुधन आबादी पर एक एमवीयू की सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

इस घटक के अंतर्गत, कस्टमाइज्ड मोबाइल वैन/वाहन पर होने वाले गैर–आवर्ती व्यय के लिए 100% केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें निदान, उपचार, नमूना संग्रह, छोटी सर्जरी और ऑडियो–विजुअल सहायक उपकरण आदि शामिल हैं। हालांकि मोबाइल वैन/वाहन, कॉल सेंटर और आउटसोर्स्ड मैनपावर सेवाओं को चलाने पर होने वाले आवर्ती व्यय में केंद्रीय–राज्य निधि साझाकरण 60–40/उत्तर पूर्व और पर्वतीय राज्यों के लिए 90–10/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% का पैटर्न होगा।

वर्ष 2025–26 के दौरान जारी 507.47 करोड़ रुपये की मदर सेंक्शन राशि में से दिनांक 15 जनवरी 2026 तक एमवीयू चलाने के लिए आवर्ती व्यय के लिए 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 306.31 करोड़ रुपए को व्यय किया है। अब तक कुल 4019 एमवीयू चालू हैं और वर्ष 2025–26 में 11.24 लाख किसान किसान लाभान्वित हुए और 232.28 लाख पशुओं का इलाज किया गया।

एमवीयू कॉल सेंटर, वाहन स्थान, पशु उपचार और शिविर

6-2-3-2 i'kq jksx fu;=.k ds fy, jkT;ksa dks lgk;rk ¼ASCAD½

यह घटक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पशुओं के आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण रोगों के लिए टीकाकरण के लिए सहायता पर केंद्रित है, जिसे राज्यों द्वारा प्रचलित रोग (रोगों) और किसानों को हुए नुकसान के अनुसार प्राथमिकता दी जाती है। एंथ्रेक्स, रेबीज आदि जैसे जूनोटिक पशु रोगों के लिए टीकाकरण पर भी बल दिया जाता है। रोग निदान किटों/टीकों के उत्पादन को अनुपूरित करने के लिए और रोग निदान के लिए राज्य जैविक उत्पादन इकाइयों और रोग निदान प्रयोगशालाओं को भी ASCAD के तहत सुदृढ़ और समर्थित किया जाता है। इस घटक के तहत प्राथमिकता वाला एक अन्य कार्यकलाप 'आकस्मिक और विदेशी रोगों का नियंत्रण' है। इसमें विदेशी रोगों और आकस्मिक/पुनः उभरने वाले पशु रोगों के प्रवेश को रोकने के लिए निगरानी और संबंधित कार्यकलाप शामिल हैं। पक्षियों की कलिंग (culling), संक्रमित पशुओं को एलिमिनेट करने और परिचालन लागत सहित चारा/अंडों को नष्ट करने के लिए किसानों को मुआवजे के भुगतान के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाती है।

ASCAD में केंद्रीय–राज्य निधि साझाकरण पैटर्न उत्तर पूर्व और पर्वतीय राज्यों के लिए 90:10 के आधार पर, अन्य राज्यों के लिए 60:40 और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% साझा किया जाता है। अनुसंधान और नवाचार, प्रचार और जागरूकता, प्रशिक्षण और संबद्ध कार्यकलापों के तहत कार्यकलापों के लिए 100% केंद्रीय सहायता दी जाती है।

वर्ष 2025–26 के दौरान 34 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी 151.13 करोड़ रुपये के मदर संक्शन में से 70.38 करोड़ रु. की राशि व्यय की गई।

6-2-3-3 i'kq vkS"kf/k

एलएचडीसीपी के पशु औषधिनामक नए घटक के अंतर्गत दो साल अर्थात् वर्ष 2025–26 तक के लिए 75 करोड़ रुपये रखे गए हैं, ताकि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PM-KSK) और सहकारी समितियों के माध्यम से देश भर में सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की उपलब्धता शुरू की जा सके। किसान समृद्धि केंद्र (PM-KSK) और कोऑपरेटिव सोसाइटी। इससे जेनेरिक दवा के लिए एक इकोसिस्टम बनेगा जो सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाली होगी।

एमवीयू, टीकाकरण और रोग की घटना की स्थिति: स्वीकृत/संचालन में एमवीयू की स्थिति, जनवरी 2026 तक, देश में पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की सूची अनुबंध X और XI में है।

6-3 tukfVd] mHkjrs vkSj iqu% mHkjus okys jksxksa dk fu;a=.k

6-3-1- yEih Ropk jksx ¼LSD½

लंपी त्वचा रोग (LSD) गोपशुओं और भैंसों का एक संक्रामक वायरल रोग है जो कैप्रिपॉक्स वायरस के कारण होता है। यह मच्छरों, काटने वाली मक्खियों और टिक्स जैसे आर्थ्रोपोड वैक्टर द्वारा फैलता है। इस रोग में 2–3 दिनों के लिए हल्का बुखार आता है जिसके बाद कठोर, गोल त्वचा संबंधी गांठें (2–5 सेमी व्यास) बन जाती हैं। पशु अक्सर 2–3 सप्ताह की अवधि के भीतर ठीक हो जाते हैं। रुग्णता दर लगभग 10–20% है और मृत्यु दर लगभग 1–5% है।

भारत में, सितंबर, 2019 के दौरान NIHSAD, भोपाल द्वारा पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों में लंपी त्वचा रोग की प्रारंभिक पुष्टि की गई थी। बाद में अन्य राज्यों में भी इस रोग की पुष्टि की गई। जैव–सुरक्षा उपायों, उपचार, निगरानी, निदान और टीकाकरण (कार्पेट और नियंत्रित) के संबंध में विभाग द्वारा तैयार परामर्शी और दिशा–निर्देश सभी प्रभावित और गैर–प्रभावित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी किए गए, ताकि गोटपॉक्स टीका (उत्तरकाशी स्ट्रेन) का उपयोग करके वार्षिक टीकाकरण के लिए समयसीमा सहित आवश्यक कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में बेहतर योजना बनाने के लिए प्रभावित राज्यों को आवश्यक मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता देने के लिए केंद्रीय टीमों को भी तैनात किया गया।

वर्ष 2025 के दौरान यह रोग कुल 17 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों अर्थात आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, तेंलगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश, असम, मिजोरम, ओडिशा, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, गोवा, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और जम्मू और कश्मीर के संघ राज्य क्षेत्रों में देखा गया है। अब तक 6.90 करोड़ (वर्ष 2025 तक) से अधिक पशुओं का टीकाकरण/पुनः टीकाकरण किया गया और टीकाकरण और अन्य जैव सुरक्षा उपाय किए जा रहे है।

6-3-2 ,fo;u bUÝyq,atk

वर्ष 2006 से, देश में H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की रिपोर्ट आ रही है। सरकार ने तुरंत कंट्रोल और कंटेनमेंट ऑपरेशन चलाए और बीमारी को नियंत्रित किया। जूलॉजिकल पार्क के लिए भी दिशानिर्देश बनाए गए और उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए जारी किया गया।

विभिन्न केंद्रों पर एवियन इन्फ्लूएंजा (HPAI) के प्रकोप के लिए एवियन इन्फ्लूएंजा की तैयारी, नियंत्रण और रोकथाम पर मौजूदा कार्य योजना, 2021 के दिशानिर्देशों

के अनुसार नियंत्रण और रोकथाम अभियान चलाए गए।

LHDCP के घटक ASCAD के अंतर्गत, भारत सरकार राज्य सरकारों के साथ बराबर लागत (50:50) साझा करेगी। हालांकि, सरकारी स्वामित्व वाले फार्मों में हुए नुकसान पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। वर्ष 2025 के दौरान, कुल 10 राज्यों (महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा) में 6.10 लाख पक्षियों की छंटनी की गई, 16.60 लाख अंडे नष्ट किए गए, 30.62 लाख किलोग्राम पोल्ट्री पशु आहार नष्ट किया गया। अभी, सिर्फ 2 एक्टिव एपिसेंटर हैं। (तेलंगाना और ओडिशा)

कार्य योजना के अनुसार निम्नलिखित काम किए गए हैं :

(i) प्रभावित क्षेत्र के 0–1 किमी के क्षेत्र में सम्पूर्ण पोल्ट्री आबादी की छंटनी की जाती है।

(ii) एवियन इन्फ्लूएंजा के निदान को सुदृढ़ करने के लिए जालंधर, कोलकाता, बैंगलोर और बरेली में चार बायो–सेफ्टी लेवल 3 (बीएसएल–iii) प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, NERDDL, गुवाहाटी को एक मोबाइल बीएसएल–iii प्रयोगशाला प्रदान की गई है। ये प्रयोगशालाएं पहले से ही चालू हैं।

(iii) सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) अभियानों के माध्यम से एवियन इन्फ्लूएंजा के बारे में आम जनता को जागरूक करना।

(iv) सभी राज्य सरकारों को समय–समय पर रोग के प्रकोप के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा जाता है।

(v) रोग नियंत्रण, निगरानी और जैव सुरक्षा के महत्व के विभिन्न पहलुओं पर पोल्ट्री किसानों के मार्गदर्शन देने के लिए राज्यों को समय–समय पर परामर्श जारी किए जाते हैं।

ikYVªh lac/kh eqvkotk njksa esa la'kks/ku

एवियन इन्फ्लूएंजा का निवारण, नियंत्रण और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना वर्ष 2021 के अनुसार, प्रकोप के अभिकेंद्र के 1 किलोमीटर के दायरे में पोल्ट्री पक्षियों की छंटनी, अंडों को नष्ट करना और पोल्ट्री फीड का निपटान करना अनिवार्य है। इन उपायों से प्रभावित किसानों को प्रकिया के हिस्से के रुप में उनके नुकसान के लिए मुआवजा दिया जाता है।

इस विभाग की तकनीकी समिति की सिफारशों और 29 और 30 अप्रैल, 2024 को विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ परामर्श के बाद, संशोधित मुआवजा दरों को अनुमोदन दिया गया है और उन्हें आधिकारिक तौर पर सितंबर, 2024 में जारी किया गया। इन अद्यतन दरों का उद्देश्य, देश भर में पाले जाने वाली विभिन्न पोल्ट्री प्रजातियों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करना है।

n'k esa ,fo;u bU¶yq,atk ¼vR;f/kd jksxtud ,fo;u bU¶yq,atk½ dh fLFkfr

rkfydk% o"kZ dk nkSjku ,fo;u bU¶yq,atk dk çdksi ¼31 fnlacj 2025 rd½

vof/k	çHkkfor jkT;	vfHkdsaæksa dh la[;k	NVuh fd, x, if{k;ksa dh la[;k ¼yk[k esa½
जनवरी से मार्च 2025	महाराष्ट्र	10	0.14
जनवरी और मार्च 2025	छत्तीसगढ	2	0.303
फरवरी और मार्च 2025	झारखंड	3	0.059
फरवरी 2025	आंध्र प्रदेश	8	1.78
फरवरी 2025	मध्य प्रदेश	2	0.016

मार्च और अप्रैल 2025	तेलंगाना	5	3.623
फरवरी और मार्च 2025	कर्नाटक	3	0.027
मार्च और अप्रैल 2025	बिहार	5	0.0865
मई और अगस्त 2025	उत्तर प्रदेश	4	0.75
जुलाई 2025	ओडिशा	2	0.144
अगस्त 2025	उत्तराखंड	5	0.075
दिसंबर 2025	केरल	11	0.302
dqy	12 jkT;	60	7-3055

x|j&ikYVh ç tkfr;k e%

महाराष्ट्र के नागपुर में गोरेवाड़ा चिड़ियाघर के वन्यजीव बचाव केंद्र में 3 मरे हुए बाघों और 1 तेंदुए में HPAI पाया गया।

- छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में 3 घरेलू पालतू बिल्लियों में HPAI पाया गया।
- महाराष्ट्र के नागपुर में गिद्धों के सैंपल में HPAI पाया गया।
- जोधपुर, जैसलमेर में डेमोइसेल क्रेन और राजस्थान के भरतपुर जिले में पेंटेड स्टॉर्क में HPAI पाया गया।
- लातूर जिले के धाराशिव और शोलापुर जिले, बिहार के जहानाबाद और मुंगेर में कौओं में HPAI पाया गया ।
- महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में और मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में हॉक और इग्रेट में HPAI पाया गया।
- गोवा में बोंडला वन्यजीव अभयारण्य में जंगली बिल्ली में भी HPAI पाया गया।
- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर चिड़ियाघर के बाघ में HPAI का पता चला
- गोरखपुर चिड़ियाघर के तेंदुए और कानपुर चिड़ियाघर के शेर में HPAI पाया गया।
- कानपुर चिड़ियाघर के मोर में HPAI पाया गया।
- दिल्ली चिड़ियाघर में पेंटेड स्टॉर्क में HPAI पाया गया।

6-3-3 lvjk e vÝhdh Lokbu Qhoj ¼ASF½

अफ्रीरीकी स्वाइन फीवर (ASF) सूअरों, जंगली बोर (Boar)/फेरल सूअरों और सभी नस्लों और उम्र के अन्य सूअरों की एक अत्यधिक संक्रामक और सांसर्गिक रक्तस्रावी वायरल रोग है। मृत्यु दर 100% तक है। ASF मानव या अन्य पशुधन प्रजातियों को संक्रमित नहीं करता है। यह एस्फारविरिडे परिवार, जीनस एस्फीवायरस के डीएनए वायरस के कारण होता है। इन्क्यूबेषन अवधि 4 से 19 दिनों तक भिन्न होती है।

भारत में, अफ्रीकी स्वाइन फीवर (ASF) की पुष्टि NIHSAD, भोपाल द्वारा जून, 2020 के दौरान प्रारंभ में अरुणाचल प्रदेश और असम राज्यों में और उसके बाद एनईआर और देश के अन्य राज्यों में की गई है। विभाग ने भारत में अफ्रीकी स्वाइन फीवर (ASF) के नियंत्रण, रोकथाम और उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार की है और सभी हितधारकों को प्रसारित की है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कार्य योजना में निहित उपयुक्त कार्रवाई करने का आग्रह किया गया ताकि अफ्रीकी स्वाइन फीवर (ASF) को एक निश्चित समयसीमा में देश में नियंत्रित किया जा सके, रोका और मिटाया जा सके। क्षेत्र में बेहतर योजना बनाने के लिए प्रभावित राज्यों को आवश्यक मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता देने के लिए केंद्रीय टीमों को भी तैनात किया गया है। वर्ष 2025 के दौरान 15 राज्यों, (असम, मेघालय, सिक्किम,

हरियाणा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मिजोरम आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, नागालैंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल) में यह रोग देखा गया। प्रभावित पशु 35679; मृत पशु 21479; छंटनी गए पशु 13146 वर्तमान में, पूर्वोत्तर राज्य में छिटपुट मामलों के साथ रोग नियंत्रण में है और जैव सुरक्षा उपाय जारी हैं।

6-3-4 ?kkMk e XyMl%

ग्लैंडर्स घोड़ों, गधों और खच्चरों में होने वाला एक संक्रामक और जानलेवा रोग है, जो बर्कहोल्डरिया मैलेई (बी.मैलेई) नामक जीवाणु के संक्रमण के कारण होता है। ग्लैंडर्स पर नियंत्रण के लिए संदिग्ध नैदानिक मामलों की जांच, सामान्य दिखने वाले घोड़ों की जांच और रिएक्टरों को खत्म करने की आवश्यकता होती है। बी.मैलेई में जूनोटिक क्षमता है और इसे संभावित जैविक युद्ध या जैव आतंकवाद एजेंट माना जाता है क्योंकि यह मनुष्यों में अत्यधिक घातक रोग पैदा कर सकता है।

पशुपालन और डेयरी विभाग ने भारत में ग्लैंडर्स के नियंत्रण और उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (NAP संशोधित 2025) तैयार की है, जिसका उद्देश्य भारत में घोड़ों में ग्लैंडर्स की निगरानी, नियंत्रण और उन्मूलन करना है।

तेलंगाना, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और हिमाचल प्रदेश में ग्लैंडर्स के मामले देखे गए हैं और तदनुसार, विभाग द्वारा NAP के अनुसार तीव्र जागरूकता कार्यक्रमों सहित नियंत्रण करने और जैव–सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए परामर्शियां जारी की गई थी।

अवसंरचना और जैव–सुरक्षा व्यवस्था के अपेक्षित मूल्यांकन के बाद, विभाग ने रक्षा सेवाओं/निजी प्रतिष्ठानों की 16 अश्वपालन सुविधाओं को अलग ग्लैंडर्स–मुक्त क्षेत्रों के रूप में मान्यता दी।

6-3-5 dukbu jcht%

वर्ष 2030 तक कुत्तों से फैलने वाले रेबीज को समाप्त करने के वैश्विक प्रयास के एक भाग के रूप में, भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (NRCP), राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (NCDC) ने अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके मिलकर ''वर्ष 2030 तक कुत्तों से फैलने वाले रेबीज के भारत से उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPRE)' तैयार की है।

दिनांक 28 सितंबर 2021 को 'वर्ष 2030 तक कुत्ते से फैलने वाले रेबीज के भारत से उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना' को माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और माननीय केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया।

NAPRE एक मार्गदर्शी दस्तावेज है जो राज्यों को रोग की व्यापकता, जनसांख्यिकी और संसाधन उपलब्धता के आधार पर अपने राज्यों के लिए उपयुक्त राज्य कार्य योजनाओं का प्रारूप तैयार करने में सक्षम बनाता है। इस दस्तावेज में देश में कुत्ते से होने वाले रेबीज को नियंत्रित करने और चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की रणनीतियों को पहचाना गया है। यह दस्तावेज रेबीज मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों और कार्यकलापों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। इसका उद्देश्य निरंतर बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण, प्री और पोस्ट–एक्सपोजर प्रोफाईलैक्सिस और सार्वजनिक शिक्षा के माध्यम से रेबीज के जोखिम को व्यवस्थित रूप से कम करना है।

वर्ष 2025 के दौरान कुत्तों से होने वाले रेबीज के नियंत्रण और रोकथाम के संबंध में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया।

6-4 i'kfpfdRlk i)fr dk fofu;eu%

Hkkjrh; i'k fpfdRlk ifj"kn

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (VCI) भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 के प्रावधान के तहत

स्थापित एक वैधानिक निकाय है। भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, पशु चिकित्सा पद्धतियों को विनियमित करने के साथ—साथ देश भर के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक के माध्यम से पशु चिकित्सा शिक्षा के समान मानकों को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद में 27 सदस्य होते हैं – 5 (पांच) सदस्य, जो भारत सरकार द्वारा उन राज्यों के पशुपालन निदेशकों में से नामित होते हैं, जिन राज्यों पर यह अधिनियम कार्यान्वित होता है, 4 (चार) सदस्य, उन राज्यों के पशु चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों में से, जिन पर यह अधिनियम कार्यान्वित होता है, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा नामित 1 (एक) सदस्य, पशुपालन और डेयरी विभाग (पशुपालन और डेयरी विभाग), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए 1 (एक) सदस्य, भारतीय पशु चिकित्सा एसोसिएशन द्वारा नामित 1 (एक) सदस्य, उन राज्यों के राज्य पशु चिकित्सा परिषदों के अध्यक्षों में से नामित 1 (एक) सदस्य, जिन राज्यों पर यह अधिनियम कार्यान्वित होता है और उन राज्यों के राज्य पशु चिकित्सा एसोसिएशन के अध्यक्षों में से नामित 1 (एक) सदस्य, जिन पर यह अधिनियम कार्यान्वित होता है। भारतीय पशु चिकित्सा प्रैक्टिशनर्स रजिस्टर में नामांकित व्यक्तियों में से 11 (ग्यारह) सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं। पशुपालन आयुक्त, भारत सरकार और सचिव, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के पदेन सदस्य हैं।

प्रशिक्षित पशु चिकित्सा जनशक्ति की कमी को पूरा करने के लिए, 58 मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालयों सहित संख्या बढ़कर 70 हो गई है।

देश में पशु चिकित्सा शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और पशु चिकित्सा शिक्षा डिग्री पाठ्यक्रम (बीवीएससी और एएच) विनियम, 2016 के न्यूनतम मानकों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए परिषद पशु चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने हेतु उपलब्ध सुविधाओं और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 की धारा 19 और 20 के प्रावधानों के तहत समय—समय पर बीवीएससी और एएच डिग्री प्रदान करने वाली परीक्षाओं के संबंध में पशु चिकित्सा महाविद्यालयों का निरीक्षण करती है।

परिषद ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 की धारा 24 और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (पंजीकरण) विनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार भारतीय पशु चिकित्सा परिषद में अपना नाम पंजीकृत कराने के इच्छुक 1049 चिकित्सकों को सीधे पंजीकृत किया है। वर्ष 2025 के दौरान, परिषद ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1984 की धारा 52 के प्रावधानों के अनुसार एक राज्य से दूसरे राज्य में पशु चिकित्सा चिकित्सकों के पंजीकरण के हस्तांतरण के लिए 645 आवेदनों का निपटारा किया।

परिषद ने वर्ष 2025 के दौरान 15% अखिल भारतीय कोटा सीटों को भरने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग आयोजित की और बी.वी.एस.सी. और ए.एच. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 731 सीटें भरी गईं।

वर्ष 2025 के दौरान, नए पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए 14 आशय पत्र (LOI) जारी किए गए हैं। इनमें से 7 नए महाविद्यालयों को अंतिम मान्यता दी गई है, जिनमें से 5 को भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम 1984 की पहली अनुसूची में अधिसूचित किया गया है और अब तक 2 अधिसूचित होने की प्रक्रिया में हैं। पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 2014 में 36 से बढ़कर 2025 में 84 हो गई है, जिससे छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता लगभग 9000 बढ़ गई है। प्रवेश NEET प्राप्तांक के आधार पर होता है, जो ऑनलाइन काउंसलिंग प्रणाली द्वारा समर्थित है। विदेशी पशु चिकित्सा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चुके विदेशी पशु चिकित्सा स्नातकों के पंजीकरण को सक्षम

बनाने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (विदेशी पशु चिकित्सा स्नातक पंजीकरण) नियम, 2025' को 26.12.2025 को अधिसूचित किया गया है।

6-5 ,uMh,e, d lg;kx l vkink@ldV çc/ku e Hkfedk %

यह विभाग आपदा/संकटों से निपटने और पशुधन क्षेत्र के संबंध में दिशा–निर्देश और परामर्शी जारी करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लू, शीत लहर, आंधी–तूफान और बाढ़/मानसून के संबंध में आपदा प्रबंधन योजना और दिशा–निर्देश/परामर्शी तैयार कर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अग्रिम तैयारी हेतु परिचालित की गई।

6-6 i'k LokLF; lLFkku

ये शीर्ष स्तर के संस्थान हैं जो टीकों की गुणवत्ता नियंत्रण, बाहर से रोग के प्रवेश को रोकने और रोग के निदान और निगरानी आदि में शामिल हैं।

6-6-1 pk/kjh pj.k flg jk"Vh; i'k LokLF; lLFkku ¼CCSNIAH½] ckxirA

चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (CCSNIAH) देश में पशु चिकित्सा जैविक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण करने के लिए उत्तर प्रदेश के बागपत में स्थापित विभाग की शीर्ष प्रयोगशाला है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इस संस्थान को केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (CDL) के रूप में मान्यता दी गई है, जो राजपत्र अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.213, (v) दिनांक 11 मार्च, 2019 के अंतर्गत प्रारंभ में दो टीकों, हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया और रानीखेत रोग के लिए पशु चिकित्सा जैविक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी परीक्षण करती है।

संस्थान में तकनीकी कर्मचारियों का एक समर्पित समूह है जो पशु चिकित्सा जैविक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण में संलग्न है। संस्थान टीकों के परीक्षण के लिए विभिन्न स्तनधारी कोशिका लाइनें, बैक्टीरिया और वायरस के रेफरेंस कल्चर बनाए रखता है।

संस्थान को DAHD द्वारा संचालित पशुधन स्वास्थ्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के अंतर्गत एफएमडी, ब्रुसेला, पीपीआर और सीएसएफ टीकों के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए प्रयोगशालाओं में से एक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्ष के दौरान संस्थान ने विभिन्न राज्य और केंद्रीय फार्मों से 116 पशुओं की एफएमडी एंटीबॉडी के प्रति सीरो–नेगेटिविटी की जांच की है और एफएमडी टीकों के 8 बैचों का सभी मापदंडों पर परीक्षण पूरा किया है। संस्थान ने एफएमडी, संबंधी विश्व संदर्भ प्रयोगशाला, यूके की प्रवीणता परीक्षण योजना के चरण XXX 6 में भाग लिया और 4 में से 4 अंक प्राप्त किए, जिसमें संस्थान का परीक्षण प्रदर्शन और व्याख्या को प्रयोजनार्थ उपयुक्त पाया गया और आगे किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं थी।

संस्थान अपने मूल दायित्वों के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों/संगठनों के साथ विभिन्न सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं में शामिल होकर प्रमुख और संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास पर भी जोर दे रहा है। संस्थान राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के अंतर्गत प्रकोप जांच और महामारी संबंधी तैयारी के लिए स्थापित बीएसएल 3/4 नेटवर्क प्रयोगशाला में भागीदार है। बीएसएल 3/4 नेटवर्क प्रयोगशाला कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के मनोनीत अधिकारियों ने ICAR–राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (NIHSAD), भोपाल, ICAR-IVRI इज्जतनगर, CSIR-IMTECH, चंडीगढ़, PGIMER, चंडीगढ़ और CSIR-IGIB, नई दिल्ली जैसे कई प्रमुख संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान ने राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के बीएसएल 3 प्रयोगशाला नेटवर्क के अंतर्गत 'बीएसएल–3 और एबीएसएल–3 सुविधा में पशु नमूनों की जांच' के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के मसौदा तैयार करने में योगदान दिया। संस्थान ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय वन हेल्थ सम्मेलन में भी भाग लिया। संस्थान के एक अधिकारी ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) द्वारा पेरिस, फ्रांस में आयोजित ''जोनिंग पर वैश्विक मंच'' में भाग लिया।

इस संस्थान को एफएओ की महामारी निधि के अंतर्गत इंडियन नेटवर्क फॉर जीनोमिक सर्विलांस (INGES) में

भागीदार प्रयोगशालाओं में से एक के रूप में नामित किया गया है। इस संस्थान की प्रयोगशाला का मूल्यांकन FIND टीम द्वारा महामारी निधि परियोजना के अंतर्गत किया गया था ताकि ISO/EC 17025 मान्यता प्राप्त करने के लिए कमियों का विश्लेषण और ऑन–साइट मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

संस्थान की अपार संभावनाओं को देखते हुए, विभाग ने बागपत स्थित CCSNEH में जैव–संरक्षण सुविधा के उन्नयन और संबंधित मरम्मत कार्यों के निष्पादन हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के साथ एक समझौता किया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा उन्नयन कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू कर दिया गया है।

CCSNIAH ने आयातित टीकों सहित पशु चिकित्सा टीकों के लिए पूर्ण CDL के रूप में संस्थान की मान्यता हेतु CDSCO, नई दिल्ली में आवेदन किया था। CCSNIAH को पूर्ण CDL का दर्जा मिलने से भारत में पशु चिकित्सा जैविक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण को और मजबूत करने तथा परिणाम–स्वरूप देश के पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

इस वर्ष संस्थान ने आधिकारिक प्रयोग में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए चार एक दिवसीय 'हिंदी कार्यशालाएं' और 'हिंदी पखवाड़ा' आयोजित किया। संस्थान को TOLIC बागपत द्वारा आधिकारिक भाषा हिंदी के प्रगतिशील उपयोग और भारत सरकार की आधिकारिक भाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान ने स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत परिसर के अंदर और बाहर विभिन्न सफाई अभियान आयोजित किए। संस्थान ने कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत खेकड़ा में आयोजित एक दिवसीय कृषि संगोष्ठी और मेले में भाग लिया।

इसके अलावा संस्थान के अधिकारियों ने विभिन्न अन्य वैज्ञानि सम्मेलनों/ई–सम्मेलनों/वेबिनारों/टीकाकरण प्रशिक्षणों और बैठकों/सामंजस्य अभ्यासों में भाग लिया।

CCSNIAH, बागपत से संबंधित जानकारी इसकी आधिकारिक वेबसाइट www.ccsniah@gov.in पर उपलब्ध है।

6-6-2 i'kq laxjks/k ,oa çek.ku lsok ¼AQCS½

पशु संगरोध केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य और दायरा आयातित पशुधन और पशुधन उत्पादों के माध्यम से देश में विदेशी रोगों के प्रवेश को रोकना है। बढ़ते और तेज अंर्तराष्ट्रीय व्यापार और यात्रा से हर देश में ज्ञात और अज्ञात संक्रामक पशु रोगों के प्रवेश का खतरा बढ़ जाता है, जिनके तेजी से फैलने की संभावना होती है, और साथ ही सामाजिक–आर्थिक तथा मानव/पशु स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी डालते हैं। देश को विदेशी रोगों से मुक्त रखने के लिए संगरोध सेवाएं आवश्यक हैं।

पशुओं में होने वाले कई ऐसे कई संक्रामक रोग हैं, जो दूसरे देशों में व्याप्त हैं, लेकिन भारत उनसे मुक्त है। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसे विदेशी रोग, विदेशों से पशुओं और पशु उत्पादों की आवाजाही के जरिए हमारे देश में प्रवेश न कर पाएं। पशुओं के रोगों पर निगरानी रखने की पूरी प्रक्रिया का उत्तरदायित्व विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (O.I.E.) का है, जो अपने स्थलीय और जलीय पशु स्वास्थ्य संहिताओं के माध्यम से यह कार्य करता है। O.I.E. के पास प्रचलित रोगों (जलीय और स्थलीय) की एक सूची है। जूनोसिस भी जलीय पशु स्वास्थ्य संहिता (AQCS) का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसके तहत एक्यूसीएस नियमों के सख्त कार्यान्वयन से मानव स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों/बंदरगाहों और भूमि मार्गों पर जांच करने के लिए एक कुशल पशु संगरोध संगठन आवश्यक है, क्योंकि पशु बिना किसी नैदानिक रोग के लक्षण के भी गुप्त रूप से रोगाणुओं को ले जा सकता हैय उन्हें देश में छोड़ने से पहले रोगाणु–मुक्त स्थिति स्थापित करने के लिए निरीक्षण और परीक्षण हेतु संगरोध में रखा जाना चाहिए। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में छह पशु संगरोध केंद्र हैं।

एक्यूसीएस से संबंधित सभी जानकारी इसकी आधिकारिक वेबसाइट www.aqcsindia.gov.in पर उपलब्ध है।

6-6-3- Hkkjr esa i'kq fpfdRlk volajpuk ds U;wure ekudksa ds fy, fn'kkfunsZ'k

विभाग ने भारत में पशु चिकित्सा अवसंरचना के न्यूनतम मानकों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं, जिसमें चार स्तरीय पशु स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को ध्यान में रखा गया है और दिनांक 26.11.2025 के कार्यालय ज्ञापन संख्या K–11/47/2024–LH के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इसकी सूचना दी गई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध है कि वे विभिन्न स्तरों की नैदानिक जटिलता और आवश्यकता के आधार पर ऑपरेशन थिएटर, वेंटिलेटर, अल्ट्रासाउंड और एक्स–रे सुविधा, कृत्रिम गर्भाधान, रक्त आधान इकाइयाँ, नैदानिक प्रयोगशाला इकाइयाँ, आइसोलेशन वार्ड, अपशिष्ट निपटान प्रणाली आदि जैसे उपकरणों सहित अवसंरचना और मानव संसाधन सुनिश्चित करने के लिए इन मानकों को अपनाएं।

6-7 i'kq LokLF; ds fy, vf/kdkj çkIr lfefr ¼ECAH½

वर्ष 2021 में स्थापित, ECAH पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) के थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, उभरते रोगों के खतरों, वन हेल्थ पहलों और पशु चिकित्सा टीकों, दवाओं और जैविक उत्पादों के लिए नियामक ढांचों पर साक्ष्य–आधारित अंतर्दृष्टि और नीति अनुशंसाएं प्रदान करता है। पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) के तत्वावधान में गठित पशु स्वास्थ्य के लिए अधिकार प्राप्त समिति (ECAH) की 9वीं बैठक 24 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद की अध्यक्षता में और पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय की उपाध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में ICMR, CDSCO, DBT, आयुष मंत्रालय और अन्य प्रमुख संस्थानों ने भाग लिया और भारत में पशु स्वास्थ्य परिदृश्य की समीक्षा करने और आगे का मार्ग प्रशस्त करने के लिए विचार–विमर्श किया।

i'kq LokLF; ds fy, vf/kdkj çkIr lfefr ¼ECAH½ dh 9oha cSBd

नवंबर 2025 से, पशु स्वास्थ्य के लिए अधिकार प्राप्त समिति (ECAH) के अंतर्गत उपसमिति के कामकाज को सुदृढ़ करने के लिए, इसकी बैठकों की आवृत्ति बढ़ाकर माह में दो बार कर दी गई है और आवश्यकतानुसार तकनीकी इनपुट देने के लिए बाहरी विशेषज्ञों की भागीदारी को सक्षम बनाया गया है। इस सुधार का उद्देश्य पशु चिकित्सा टीकों, जैविक पदार्थों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों से संबंधित नीतिगत अनुशंसाओं और अनुमोदनों में तेजी लाना है, जिससे नियामक दक्षता में सुधार, व्यापार करने में सुगमता और पशु स्वास्थ्य क्षेत्र के लाभ के लिए आवेदनों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित हो सके। वर्ष 2025 के दौरान, पशु स्वास्थ्य के लिए अधिकार प्राप्त समिति (ECAH) के अंतर्गत उपसमिति ने पशु चिकित्सा टीकों, जैविक पदार्थों, दवाओं और फीड योजकों पर नीतिगत इनपुट देने के लिए कई बैठकें आयोजित कीं।

- i'kq fpfdRlk Vhdk@tSfod inkFkZ@nok,¡ कुल 11 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें आकलन और अनुशंसाओं पर केंद्रित 100 विचार–विमर्श हुए।
- QhM ;kstd% आवेदन प्राप्त होने पर, आवश्यकतानुसार बैठकें बुलाई जाती हैं। तदनुसार, एक बैठक आयोजित की गई और पांच प्रस्तावों की जांच की गई।

6-8 dsaæh;@{ks=h; jksx funku ç;ksx'kkyk,¡ ¼CDDL/RDDL½

राज्यों में मौजूदा 650 रोग निदान प्रयोगशालाओं के अतिरिक्त रेफरल सेवाएं प्रदान करने के लिए, मौजूदा सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए एक केंद्रीय और पांच क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (ICAR-IVRI), इज्जतनगर का पशु रोग अनुसंधान और निदान केंद्र (CADRAD) केंद्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (CDDL) के रूप में कार्य कर रहा है। रोग जांच प्रयोगशाला (पुणे), पशु स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा बायलॉलिकल्स संस्थान (कोलकाता), पशु स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा बायलॉजिकल्स संस्थान (बेंगलुरु), पशु स्वास्थ्य संस्थान (जालंधर) और पशु चिकित्सा बायलॉजिकल्स संस्थान, खानापारा (गुवाहाटी) क्रमशः पश्चिमी, पूर्वी, दक्षिणी, उत्तरी और उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों के लिए रेफरल

प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य कर रहे हैं। NRDDL (जालंधर), SRDDL (बेंगलुरु), ERDDL (कोलकाता) और CDDL (इज्जतनगर) की प्रयोगशालाओं को पूर्वनिर्मित बीएसएल–III प्रयोगशालाओं से सुसज्जित किया गया है, जबकि गुवाहाटी स्थित NERDDL को एक मोबाइल बीएसएल–III प्रयोगशाला प्रदान की गई है। ये RDDL एवियन इन्फ्लूएंजा और बोवाइन स्पॉन्जिफॉर्म एन्सेफेलोपैथी (BSE) सहित विभिन्न पशुधन और पोल्ट्री रोगों की निगरानी और निदान में सहायता करते हैं।

पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) और केंद्रीय एवं क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशालाओं की मेजबानी करने वाले राज्यों के बीच समझौता ज्ञापनों (MoU) पर दिनांक 4 जून, 2025 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। ये समझौता ज्ञापन पंजाब (NRDDL, जालंधर), कर्नाटक (SRDDL, बेंगलुरु), महाराष्ट्र (WRDDL, पुणे), पश्चिम बंगाल (ERDDL, कोलकाता), असम (NERDDL, गुवाहाटी) और CDDL, CADRAD, ICAR IVRI और ICAR-NIHSAD, भोपाल के साथ हस्ताक्षरित किए गए।

समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें यह घोषणा और समझौता हुआ कि RDDL/CDDL समय–समय पर डीएएचडी द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्रों के भीतर राज्य निदान प्रयोगशालाओं को रेफरल निदान सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके कार्यों में रोग प्रसार का आकलन करना और क्षेत्रीय डेटा बैंक का रखरखाव करना, नैदानिक और महामारी विज्ञान प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी या सामग्री सहायता प्रदान करना, और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से नैदानिक और रेफरल सुविधाओं का विकास करना शामिल है।

6-8-1 CDDL@RDDL dh miyfC/k;k ¼o"kZ 2025&26½

6-8-1-1 CADRAD-CDDL] ICAR-IVRI:

CADRAD–CDDL, ICAR–IVRI ने वायरोलॉजी, बैक्टीरियोलॉजी, पैरासिटोलॉजी, पैथोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी प्रयोगशालाओं में 61,567 नमूनों का विश्लेषण किया, जिनमें एवियन इन्फ्लूएंजा के 36,228 नमूने शामिल थे। इनमें से 14 H5N1 पॉजिटिव नमूनों की पुष्टि रियल–टाइम PCR द्वारा की गई और राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार रिपोर्ट की गई। BSE निगरानी के लिए, 55 वयस्क गोपशुओं के मस्तिष्क के नमूनों और संबंधित चारे के नमूनों का हिस्टोपैथोलॉजी, ELISA और PCR

द्वारा परीक्षण किया गया, जिनमें से सभी नेगेटिव पाए गए, जिससे 4,857.9 निगरानी अंक प्राप्त हुए। केंद्र ने एवियन इन्फ्लूएंजा, अफ्रीकन स्वाइन फीवर और लंपी स्किन डिजीज से संबंधित चार रोग प्रकोपों में भाग लिया और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में 15 STD परीक्षण और पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। CADRAD ने PCR द्वारा ASF और LSD तथा रियल–टाइम PCR द्वारा IBR के परीक्षण के लिए NABL मान्यता (ISO/IEC 17025:2017) प्राप्त की। CDDL ने व्यापक क्षमता–निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें राज्य के अधिकारियों के लिए 10 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण और 483 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण शामिल था, साथ ही बीएसई मस्तिष्क नमूना संग्रह के लिए एक मानक प्रक्रिया (SOP) का विकास और प्रसार भी किया गया।

National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories

NABL

CERTIFICATE OF ACCREDITATION

CENTER FOR ANIMAL DISEASE RESEARCH AND DIAGNOSIS (CADRAD), ICAR-IVRI

has been assessed and accredited in accordance with the standard

ISO/IEC 17025:2017

"General Requirements for the Competence of Testing & Calibration Laboratories"

for its facilities at

ICAR-INDIAN VETERINARY RESEARCH INSTITUTE, IZATNAGAR, BAREILLY, UTTAR PRADESH, INDIA

in the field of

TESTING

Certificate Number: TC-16578

Issue Date: 13/08/2025 Valid Until: 12/08/2029

This certificate remains valid for the Scope of Accreditation as specified in the annexure subject to continued satisfactory compliance to the above standard & the relevant requirements of NABL.

Name of Legal Entity: INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH (ICAR), MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE, GOVERNMENT OF INDIA

Signed for and on behalf of NABL

Anita Rani
Director

N. Venkateswaran
Chief Executive Officer

मान्यता प्रमाणपत्र





प्रशिक्षण मैनुअल

6-8-1-2 NRDDL] tkya/kj%

जालंधर स्थित उत्तरी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (NRDDL) को आईएसओ 9001:2015 से मान्यता प्राप्त है और इसने पंजाब और अन्य उत्तरी राज्यों के पशु चिकित्सकों के लिए रोग निगरानी और नमूना संग्रह को मजबूत करने हेतु कई प्रशिक्षण कार्यक्रम और ऑनलाइन नोडल अधिकारियों की बैठकें आयोजित की हैं। प्रयोगशाला ने NRCE हिसार के निर्देशों के अनुसार ELIS। आधारित ग्लैंडर्स परीक्षण स्थापित किया है, जिसमें कुल 712 नमूनों का परीक्षण किया गया है, और आरटी–पीसीआर द्वारा अफ्रीकी स्वाइन फीवर निदान शुरू किया है, जिसमें 110 नमूनों का परीक्षण किया गया है। भारत सरकार के डीएएचडी के निर्देशानुसार, NRDDL ने ।QCS-NR, नई दिल्ली से प्राप्त पशु उप–उत्पाद निर्यात/आयात नमूनों से संबंधित एंथ्रेक्स जैसे रोगों के परीक्षण के लिए विशेष सुविधाएं स्थापित की हैं। पशुओं के सांसर्गिक और संक्रामक रोगों का निवारण और नियंत्रण अधिनियम, 2009 के अनुसार, NRDDL ने पंजाब में सूचित किए जाने वाले (Notifiable) रोगों के प्रकोपों की सक्रिय रूप से जांच की। LHDCP के अंतर्गत। ICRP-FMD निगरानी इकाई ने एफएमडी के लिए सीरो–निगरानी, DIVA परीक्षण और SPCE-ELISA परीक्षण किए, जिसमें वर्ष के दौरान 8,521 नमूनों का परीक्षण किया गया। NRDDL ने तपेदिक (TB), जॉन रोग (JD), ब्रसेलोसिस, IBR, BVD, कैम्पिलो बैक्टीरियोसिस और ट्राइकोमोनिएसिस के लिए यौन संचारित रोग (STD) की निगरानी, एवियन

इन्फ्लूएंजा की निगरानी और तीन एचपीएआई प्रकोपों को कुशलतापूर्वक नियंत्रित किया, ELIS। का उपयोग करके BSE निगरानी और टेलीविजन, रेडियो तथा शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से मुद्रित सामग्री और विशेषज्ञ वार्ता के द्वारा व्यापक विस्तार गतिविधियों का संचालन भी किया।

¼d½

¼[k½

¼x½

fp= d : भारत के उत्तरी राज्यों के पशु चिकित्सकों को पशुओं में होने वाले BSE (BSE) नामक उभरते रोगों पर प्रशिक्षण।, fp= [k : पशु रोगों के प्रति जागरूकता शिविर, fp= x% पुणे में भेड़ों के झुंड में मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए नमूना संग्रह :

6-8-1-3 **WRDDL**] i¦.k%

पुणे स्थित WRDDL ने RKVY परियोजना के अंतर्गत एक बीएसएल II–III सुविधा स्थापित की और एफएमडी और एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की जांच के दौरान राष्ट्रीय RO IT टीमों को सहायता प्रदान की, जिसमें राजीव गांधी चिड़ियाघर पार्क, पुणे, गोवा और WRTC नागपुर का दौरा शामिल था। टीम ने NCL, BJ मेडिकल कॉलेज और ससून अस्पताल के सहयोग से IISER पुणे द्वारा आयोजित रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर एक पैनल चर्चा में भाग लिया और जूनोटिक महत्व की जैव–घटनाओं और एंथ्रेक्स के प्रकोप से निपटने की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए औंध स्थित WRDDL में मॉक ड्रिल और व्यावहारिक अभ्यास आयोजित किए।

WRDDL पुणे में बीएसएल–3 सुविधा का उद्घाटन

6-8-1-4- NERDDL] xqokgkVh

पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्राथमिकता प्राप्त पशु और जूनोटिक रोगों के समय पर निदान और रिपोर्टिंग के लिए NERDDL ने नोडल क्षेत्रीय प्रयोगशाला के रूप में कार्य किया, जिसमें असम और अरुणाचल प्रदेश में प्रारंभिक प्रकोपों सहित अफ्रीकी स्वाइन फीवर का शीघ्र पता लगाने, पुष्टि करने और निरंतर निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रयोगशाला ने ASF, AIV, LSD और PRRS जैसी उभरते और सीमा–पार रोगों के लिए गुणवत्ता–सुनिश्चित निदान प्रदान किया और वर्ष 2025 में 1,181 एएसएफ नमूनों का परीक्षण किया। NERDDL ने वन्यजीवों और संरक्षित क्षेत्रों को नैदानिक सहायता प्रदान करके, वन विभाग के साथ राष्ट्रीय उद्यान सीमावर्ती (Fringe) क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके और पिग्मी हॉग संरक्षण केंद्र और असम राज्य चिड़ियाघर सहित वन्यजीवों और बंदी पशुओं की व्यवस्थित निगरानी करके वन हेल्थ निगरानी को भी मजबूत किया, जिससे वन्यजीव संरक्षण और जैव सुरक्षा को समर्थन मिला।

6-8-1-5 ERDDL] dksydkrk

पश्चिम बंगाल के पशु संसाधन विकास विभाग की ओर से ERDDL, कोलकाता ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध और कुत्तों द्वारा फैलने वाले रेबीज उन्मूलन पर राज्य कार्य योजना तैयार की और अनुमोदन के लिए सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत की, और ICAR–IVRI, कोलकाता के पूर्वी क्षेत्रीय स्टेषन के सहयोग से NADEN योजना के अंतर्गत जुगाली करने वाले छोटे पशुओं में पीपीआर, बकरी चेचक, एफएमडी, ब्लू टंग और ब्रसेलोसिस के लिए रोग निगरानी का संचालन किया।

6-8-1-6 SRDDL] csaxyq:

SRDDL और IAH और VB की FSL प्रयोगशाला ने दिसंबर 2025 तक रोग निदान के लिए 40,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करते हुए चामराजनगर में पांच बाघों, बेलगांव चिड़ियाघर में काले हिरणों की मृत्यु के कारणों का सफलतापूर्वक निदान किया और बेंगलुरु और मैसूरु में ग्लैंडर्स के मामलों की पुष्टि की। संस्थान को कर्नाटक सरकार के ASCAD SCLD कार्यक्रम के तहत ब्रुसेला सीरो–मॉनिटरिंग कार्यक्रम के अंतर्गत एलिसा प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने की परियोजना से सम्मानित किया गया है।

¼d½

¼[k½

d½ कित्तुरु रानी चेन्नम्मा मिनी चिड़ियाघर, भुटारामनहट्टी, बेलगावी, कर्नाटक में काले हिरण की मृत्यु की जांच प्रक्रिया। [k½ कर्नाटक के डोड्डाबल्लापुरा में बंदरों की मृत्यु दर की जांच प्रक्रिया

6-9 vk;kftr dk;Øe vkj miyfC/k;k

6-9-1 WOAH PVS&ifCyd&fu th Hkkxhnkjh PPP&yf{kr dk;l’kkyk

भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) के सहयोग से पशु चिकित्सा प्रणाली के प्रमुख क्षेत्रों को सुदृढ़ करने पर केंद्रित भागीदारी (PPP) लक्षित सहायता कार्यकलाप का संचालन किया। चिह्नित विषयों में वैक्सीन प्लेटफॉर्म और पशु चिकित्सा वैक्सीन मूल्य श्रृंखला, सामुदायिक पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर जोर देते हुए पशु चिकित्सा कार्यबल विकास, व्यापार को सुगम बनाने के लिए पशु चिकित्सा संस्थागत और प्रयोगशाला अवसंरचना को सुदृढ़ करना और खुरपका और मुंहपका रोग (FMD) मुक्त क्षेत्रों की स्थापना शामिल थी। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी हितधारकों के बीच सहयोगात्मक क्षमताओं को बढ़ाना था और इसे एक संरचित प्रक्रिया के माध्यम से कार्यान्वित किया गया जिसमें तैयारी चरण, एक राष्ट्रीय कार्यशाला और एक समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल था। इस कार्यशाला में राज्य पशुपालन विभागों, पशु चिकित्सा परिषदों, रोग निदान प्रयोगशालाओं, ICAR अनुसंधान संस्थानों, स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए एजेंट (ए–हेल्प), भारतीय कृषि कौशल परिषद, केंद्रीय औषधिमानक नियंत्रण संगठन, निजी क्षेत्र के हितधारकों, भारतीय पशु स्वास्थ्य कंपनियों के परिसंघ (INFAH), टीका निर्माताओं, खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व बैंक के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान, विश्व पशु संघ के सात विशेषज्ञों ने चर्चाओं का संचालन किया और संसाधन जुटाने, जोखिम प्रबंधन और हितधारकों के एकीकरण के लिए पीपीपी रणनीतियों को परिभाषित किया। कार्यशाला का समापन पशु चिकित्सा क्षेत्र के लिए पीपीपी रोडमैप की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें पशु चिकित्सा सेवाओं, रोग निगरानी और पशुधन उत्पादकता को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

6-9-2 Hkkjr dk iLV Ml ifVVl :feuUVl ¼PPR½ fu;=.k dk;Øe dk leFkZu gr WOAH fo’k”kK fe’ku

भारत के छोटे पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारी (PPR) को नियंत्रित करने और उसके उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों का आकलन करने हेतु WOAH विशेषज्ञ मिशन का आयोजन 17 से 24 फरवरी 2025 तक किया गया, इस मिशन का उद्देश्य भेड़ और बकरियों को प्रभावित करने वाले अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग पीपीआर को नियंत्रित करने और उन्मूलन के लिए रणनीतिक टीकाकरण, निगरानी, निदान और मजबूत रोग प्रबंधन उपायों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों का मूल्यांकन करना था। WOAH के 4 स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने पीपीआर नियंत्रण कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया और 4 राज्यों तथा अनुसंधान संस्थानों जैसे ICAR–भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली, ICAR–राष्ट्रीय पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान और रोग सूचना विज्ञान संस्थान, बैंगलोर, SRDDL, बैंगलोर आदि का दौरा किया और उन्होंने भारत के पीपीआर नियंत्रण कार्यक्रम के WOAH द्वारा समर्थन हेतु सिफारिशों का एक सैट प्रस्तुत किया। यह वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप, वर्ष 2030 तक पीपीआर उन्मूलन प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

6-9-3 % ICAR-NIHSAD] Hkkiky e J.kh , fjMjiLV gkfYMx lfo/kk dk l;ä LFky fujh{k.k vkj ekU;rk

विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा भोपाल स्थित ICAR–राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (NIHSAD) को श्रेणी ए रिंडरपेस्ट होल्डिंग फैसिलिटी (RHF) के रूप में मान्यता के साथ भारत ने वैश्विक पशु स्वास्थ्य और जैव सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसकी घोषणा दिनांक 29 मई 2025 को पेरिस में आयोजित 92वें WOAH महासभा सत्र के दौरान की गई, जहां पशुपालन और डेयरी विभाग के सचिव और भारत

के WOAH प्रतिनिधि को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दिनांक 18 से 22 मार्च 2025 के दौरान 4 विशेषज्ञों द्वारा किए गए संयुक्त FAO-WOAH निरीक्षण के बाद, संस्थान को इसकी सुदृढ़ जैव सुरक्षा प्रणालियों, रिंडरपेस्ट वायरस युक्त सामग्री (RVCM) के प्रभावी इन्वेंट्री प्रबंधन और आपातकालीन तैयारियों को देखते हुए एक वर्ष के लिए अनुमोदित किया गया। इस मान्यता के साथ भारत विश्व स्तर पर चुनिंदा छह संस्थानों में शामिल हो गया है जिन्हें रिंडरपेस्ट वायरस सामग्री के सुरक्षित अभिरक्षण का जिम्मा सौंपा गया है, जो वैश्विक पशु स्वास्थ्य, जैव सुरक्षा और वन हेल्थ ढांचे में देश के निरंतर नेतृत्व को मजबूत करता है।

दिनांक 29 मई 2025 को पेरिस, फ्रांस में एएचडी के सचिव और डब्ल्यूओएएच के भारतीय प्रतिनिधि FAO-WOAH के महानिदेशक से FAO-WOAH रिंडरपेस्ट होल्डिंग फैसिलिटी की मान्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए।

6-9-4 fo'o i'kq fpfdRlk fnol lekjksg

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग ने दिनांक 26 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करके विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2025 मनाया। इस कार्यशाला में पशुधन स्वास्थ्य, ग्रामीण आजीविका और राष्ट्रीय जैव सुरक्षा की रक्षा में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए माननीय राज्य मंत्री (FAHD और पंचायती राज) प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने पशु चिकित्सकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, देशी नस्ल विकास, उन्नत प्रजनन प्रौद्योगिकियों, डिजिटल पशुधन प्रणालियों और पशुओं से फैलने वाले रोगों से निपटने के लिए 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण सहित प्रमुख राष्ट्रीय पहलों पर प्रकाश डाला। FAO के सहायक महानिदेशक और मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. थानवत तिएनसिन ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और वैश्विक 'वन हेल्थ' प्रयासों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और उन्होंने पशु स्वास्थ्य तैयारियों के लिए महामारी निधि के अंतर्गत देश को हाल ही में मिली मान्यता

की भी प्रशंसा की, जो पशु चिकित्सा जन स्वास्थ्य में भारत के नेतृत्व का एक प्रमुख वैश्विक समर्थन है। ''पशु स्वास्थ्य के लिए एक टीम' की आवश्यकता है'' की वैश्विक थीम के अनुरूप, कार्यशाला में किफायती पशु चिकित्सा देखभाल, जूनोटिक रोग निवारण और एकीकृत निगरानी पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, और इसमें 250 से अधिक प्रत्यक्ष प्रतिनिधियों और 3,000 आभासी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को आगे बढ़ाने में मजबूत राष्ट्रीय भागीदारी को दर्शाता है।

दिनांक 26 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह आयोजित किया गया।

6-9-5 % fo'o i'kq LokLF; laxBu ¼WOAH½ dk 92 oka vke l= & 25 ls 29 ebZ 2025

विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) के प्रतिनिधियों की विश्व सभा का 92 वां आम सत्र दिनांक 25 से 29 मई 2025 तक पेरिस (फ्रांस) के मैसन डेला केमिस्ट्री में आयोजित किया गया। और इसकी अध्यक्षता सभा की अध्यक्ष डॉ. सुज़ाना पोम्बो (पुर्तगाल) और WOAH की महानिदेशक डॉ. एमानुएल सोबेरन ने की। इस कार्यक्रम में 131 WOAH सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों, पर्यवेक्षक देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों, प्रमुख हितधारकों और 11 देशों के मंत्रियों सहित 1,100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पशुपालन और डेयरी सचिव और डब्ल्यूओएएच की भारतीय प्रतिनिधि, अपर सचिव (LH) और संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यिकी) ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) के प्रतिनिधियों की विश्व सभा के 92 वें आम सत्र में भाग लिया।

आम सत्र के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने WOAH के महानिदेशक से अलग से मुलाकात की और WOAH की नई पहलों पर चर्चा की, जिनमें FMD मुक्त क्षेत्रीकरण, संदर्भ प्रयोगशालाओं की मान्यता, AMR और AMU तथा वर्गीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, ADG, FAO, DG, ILRI, AU-IABR के निदेशक, यूनाइटेड किंगडम, उरुग्वे, यूक्रेन, मोरक्को, चिली, मैक्सिको और न्यूजीलैंड के पशुपालन विभाग के प्रमुखों और सार्क देशों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों से भी अलग से मुलाकातें की गईं।

एएचडी की सचिव और डब्ल्यूओएएच के भारतीय प्रतिनिधि की WOAH के महानिदेशक के साथ द्विपक्षीय बैठक

6-9-6 v'oh; ik;jksIykTeksfll ds fy, WOAH lnHkZ ç;ksx'kkyk dh ekU;rk

भारत ने हिसार स्थित ICAR–राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र में स्थित अश्व पायरोप्लाज्मोसिस प्रयोगशाला को WOAH के अश्व पायरोप्लाज्मोसिस संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में मान्यता देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। डब्ल्यूओएचए ने आवेदन को अनुमोदित कर दिया है और हिसार स्थित ICAR–राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र में स्थित अश्व पायरोप्लाज्मोसिस प्रयोगशाला को डब्ल्यूओएचए संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में नामित किया है।

यह वैश्विक मान्यता भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं, निदान संबंधी अवसंरचना को बढ़ाने और पशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने में नेतृत्व करने के लिए डीएएचडी की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

डब्ल्यूओएच संदर्भ प्रयोगशाला का यह दर्जा न केवल अनुसंधान और निदान में उच्चतम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, बल्कि वैश्विक पशु स्वास्थ्य में भारत के योगदान को बढ़ावा देने में डीएएचडी की भूमिका को भी मजबूत करता है। रोग नियंत्रण के लिए परस्पर जुड़े वैश्विक दृष्टिकोण के प्रति डीएएचडी का विजन इस उपलब्धि में परिलक्षित होता है, जो ज्ञान के आदान–प्रदान को बढ़ावा देगा और पशु स्वास्थ्य नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करेगा।

6-9-7 ,fo;u bU¶yq,atk ds fy, dEikVZesVykbts'ku

पोल्ट्री और पोल्ट्री संबंधित उत्पादों के व्यापार को सुगम बनाने के लिए, विभाग ने अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्त पोल्ट्री कम्पार्टमेंट को घोषित करने की विधि अपनाई है। यह वर्गीकरण पशु स्वास्थ्य में सुधार लाने और कम्पार्टमेंट के भीतर और बाहर रोग फैलने के जोखिम को कम करने का एक साधन है। वर्गीकरण में राष्ट्रीय क्षेत्र के भीतर एक विशिष्ट स्वास्थ्य स्थिति वाले पशु उप–समूह को परिभाषित करना शामिल है। यह स्थिति जैव सुरक्षा से संबंधित प्रबंधन और पशुपालन प्रथाओं के माध्यम से बनाए रखी जाती है, जो WOAH स्थलीय संहिता (अध्याय 4.4 और 4.5) के मानकों और संबंधित रोग अध्यायों में दी गई अनुशंसाओं पर आधारित है।

पशुपालन और डेयरी विभाग ने भारत के 44 पोल्ट्री कम्पार्टमेंटों में उच्च रोगजनकता वाले एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्त होने की स्व–घोषणा विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) को प्रस्तुत की थी, जिसे अक्टूबर 2025 में अनुमोदन मिल गया और अब इसे उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा रहा है। ये पोल्ट्री संस्थाएं देश के 5 राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में स्थित हैं।

6-9-8 v'o jksx eqä dEikVZesV

पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने भारत की पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। और 3 जुलाई 2025 को विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) द्वारा देश के पहले अश्व रोग–मुक्त कंपार्टमेंट (EDFC) को मान्यता दी गई। उत्तर प्रदेश के मेरठ छावनी स्थित रिमाउंट पशु चिकित्सा कॉर्प्स (RVC) केंद्र एवं महाविद्यालय में WOAH स्थलीय पशु स्वास्थ्य संहिता के अनुरूप स्थापित, EDFC सख्त जैव सुरक्षा, निगरानी और पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन के

माध्यम से खेल में इस्तेमाल होने वाले भारतीय घोड़ों के अंतर्राष्ट्रीय आवागमन को सक्षम बनाता है। इस कंपार्टमेंट को आधिकारिक तौर पर अश्व संक्रामक एनीमिया, अश्व इन्फ्लूएंजा, अश्व पायरोप्लाज्मोसिस, ग्लैंडर्स और सुर्रा रोग से मुक्त घोषित कर दिया गया है, और भारत वर्ष 2014 से अफ्रीकी हॉर्स सिकनेस से मुक्त है। डीएएचडी, रक्षा मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार और घुड़सवारी से जुड़े हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से प्राप्त यह उपलब्धि भारत की रोग–तैयारी को मजबूत करती है, घुड़सवारी खेलों और उच्च मूल्य वाले अश्व व्यापार के विकास में सहयोग देती है और सुरक्षित व्यापार सुविधा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामंजस्यपूर्ण, विज्ञान–आधारित वर्गीकरण दृष्टिकोण अपनाने के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

6-9-9 XyMl jkx d fu;=.k vkj mUeyu d fy, jk”Vh; dk;l ;ktuk dk l’kk/ku

पशुपालन और डेयरी विभाग ने अगस्त 2025 में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, ICAR विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से प्राप्त इनपुट के आधार पर भारत में ग्लैंडर्स रोग के नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना को संशोधित किया। मूल रूप से वर्ष 2015 में जारी और 2019 में पहले ही अद्यतन की गई इस संशोधित कार्य योजना में कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और परिचालन संबंधी सुधार शामिल हैं। जिसमें वर्तमान संशोधन (2025) भी है, जिसमें कई महत्वपूर्ण अपडेट भी शामिल हैं, जिनमें संक्रमित क्षेत्र की त्रिज्या में कमी, निगरानी क्षेत्र की सीमा का पुनर्परिभाषित होना, अद्यतन सीमाओं के अनुरूप संशोधित आवागमन प्रतिबंध और वर्तमान वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप निदान एवं परीक्षण प्रोटोकॉल में संशोधन शामिल हैं, जिससे रोग नियंत्रण एवं उन्मूलन प्रयासों को मजबूती मिलती है।

6-10 egkekjh fuf/k ifj;ktuk d vrxr dk;ldyki% egkekjh dh r;kjh vkj çfrfØ;k d fy, Hkkjr e i’k LokLF; lj{kk l–<hdj.k

भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) जी 20 महामारी निधि के अंतर्गत 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता से ''महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण'' परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस परियोजना का औपचारिक शुभारंभ दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को हुआ था और इसे तीन कार्यान्वयन संस्थाओं – एशियाई विकास बैंक (ADB), विश्व बैंक और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है, यह परियोजना महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत की पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु वन हेल्थ दृष्टिकोण अपना रही है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परियोजना, योजना चरण से प्रारंभिक चरण के कार्यान्वयन की ओर अग्रसर है, जिसमें प्रयोगशाला सुदृढ़ीकरण, निगरानी प्रणाली, मानव संसाधन क्षमता विकास, डेटा प्रणाली और संस्थागत समन्वय शामिल हैं।

1. प्रयोगशाला सुदृढ़ीकरणः प्रयोगशाला सुदृढ़ीकरण रोडमैप के अंतर्गत, प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रणालियों, अवसंरचना और जैव सुरक्षा में सुधार के लिए छह क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशालाओं (RDDL), एक केंद्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (CDDL) और राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (NIAH), बागपत के लिए ISO/IEC 17025 प्रत्यायन हेतु व्यापक मूल्यांकन पूर्ण किए गए हैं। इस प्रक्रिया में प्रयोगशालाओं के बीच बेहतर समन्वय के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की रूपरेखा भी तैयार की गई है, जिनमें सीमा पार और जूनोटिक रोग, रोगजनक लक्षण वर्णन और रोगाणुरोधी प्रतिरोध शामिल हैं। इसके साथ ही, उपकरण संवर्धन और प्रयोगशाला कर्मियों की क्षमता के सुदृढ़ीकरण संबंधी आवश्यकताओं की भी पहचान की गई है।

2. निगरानी प्रणालीः पशु रोगों का शीघ्र पता लगाने और उनकी रिपोर्टिंग को मजबूत करने के लिए, डीएएचडी ने निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी तंत्र में सुधार के लिए प्रारंभिक तैयारी की, जिसमें विशेषज्ञों और हितधारकों की भागीदारी के साथ अप्रैल 2025 में आयोजित ऐप–आधारित क्षेत्र और सामुदायिक स्तर की रोग रिपोर्टिंग प्रणालियों पर एक राष्ट्रीय विचार–विमर्श कार्यशाला शामिल है।

3. मानव संसाधन क्षमता विकासः परियोजना ने पशु स्वास्थ्य और एक स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन क्षमता को मजबूत करने में निरंतर प्रगति की है। सेवाकालीन अनुप्रयुक्त पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान प्रशिक्षण (ISAVET) कार्यक्रम के लिए प्रारंभिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है, और 17 मास्टर प्रशिक्षकों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।

4. डेटा सिस्टम और संस्थागत समन्वयः राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर प्रभावी समन्वय और स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए, महामारी निधि अनुदान के अंतर्गत एक राज्य स्तरीय कार्यशाला 26–27 जून 2025 को महाबलीपुरम, चेन्नई में आयोजित की गई, जिसमें 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, अनुसंधान एवं विकास एजेंसियों/संस्थागत विकास एजेंसियों, प्रयोगशालाओं और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य परियोजना के उद्देश्यों, कार्यान्वयन विधियों और अंतर–संस्थागत समन्वय तंत्रों की साझा समझ विकसित करना था, ताकि राज्यों में परियोजना कार्यकलापों का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो सके।

विश्व बैंक के सहयोग से सतत पशुधन और स्वास्थ्य के लिए पशु चिकित्सा जैव–अपशिष्ट प्रबंधन पर एक तकनीकी परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य पशुधन से उत्पन्न अपशिष्ट और पशु चिकित्सा जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना; सार्वजनिक और निजी हितधारकों से प्राप्त सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों का दस्तावेजीकरण करना; नियामक, अवसंरचनात्मक, वित्तीय और क्षमता संबंधी कमियों की पहचान करनाय और बायोगैस, जैविक उर्वरक, अपशिष्ट–व्युत्पन्न मूल्यवर्धित उत्पाद और सुरक्षित शव निपटान मॉडल जैसे व्यापक और सतत समाधानों की खोज करना था। परामर्श का उद्देश्य राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के विकास, अंतर–क्षेत्रीय समन्वय को सुदृढ़ करने और क्षमता निर्माण एवं वित्त तक पहुंच के माध्यम से राज्यों को सहायता प्रदान करने सहित आगे बढ़ने के तरीके पर आम सहमति बनाना भी था।

6-11 n'k dh jkxeqfä dh fLFkfr%

1. WOAH द्वारा सत्यापित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वर्ष 2025 के दौरान निम्नलिखित रोगों से मुक्त रहने का अपना दर्जा बरकरार रखा।

2. बोवाइन स्पॉन्जिफॉर्म एन्सेफेलोपैथी (BSE) का नगण्य जोखिम स्तर

3. संक्रामक बोवाइन प्लुरोनिमोनिया (CBPP) से मुक्ति

4. अफ्रीकन हॉर्स सिकनेस (AHS) से मुक्ति

****

अध्याय-7

i’k|ikyu lkf[;dh

i’kqikyu lkaf[;dh

अध्याय 7

विश्वसनीय डेटा और आधिकारिक सांख्यिकी के आधार पर भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आकार मिल रहा है, जिसमें पशुधन को आजीविका, खाद्य सुरक्षा और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। इस परिवर्तन से संबंधित जानकारी का प्रमुख स्रोत पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) का पशुपालन सांख्यिकी (AHS) प्रभाग है। इस गतिशील क्षेत्र को सतत विकास की ओर अग्रसर करने के लिए, DAHD साक्ष्य–आधारित निर्णय लेने हेतु सटीक और समय पर उपलब्ध डेटा को प्राथमिकता देता है। AHS प्रभाग इस महत्वपूर्ण कार्य को दो प्रमुख स्रोतों की सहायता से पूरा करता है: एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (AHS) नामक वार्षिक सर्वेक्षण जो प्रमुख पशुधन उत्पादों (MLP) : दूध, अंडे, मांस और ऊन के उत्पादन का अनुमान लगाता है और पशुधन संगणना (LC), जिसके अंतर्गत प्रत्येक पांच वर्ष में सभी पशुधन और पोल्ट्री की पूर्ण रूप से गणना की जाती है। डेटा संग्रह के ये दो स्तंभ मिलकर संख्याओं को उपयोगी ज्ञान में परिवर्तित करते हैं, जिससे पशु स्वास्थ्य में सुधार, पशु चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने, संसाधनों की योजना बनाने और संपूर्ण पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक मान्य डेटा प्राप्त होते हैं। यह ज्ञान किसानों के लिए साक्ष्य–आधारित कार्यक्रम बनाने, पशु देखभाल में सुधार करने और पशुधन क्षेत्र को एक मजबूत, सतत भविष्य की ओर अग्रसर करने में मदद करता है, जिससे अंततः ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण होता है।

7-1 ,dh–r uewuk losZ{k.k ¼ISS½

çeq[k i'kq/ku mRiknksa dk vuqeku yxkuk% यह राष्ट्रव्यापी योजना सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (UT) में कार्यान्वित की गई है और समय पर MLP अनुमानों के निर्माण को सुनिश्चित करती है, जो नीति निर्माण और कार्यनीतिक योजना के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करते हों।

dk;kZUo;u ds fy, dsaæh; lgk;rk vkSj QhYM&Lrjh; lg;kx % ;g ;kstuk dsaæ ljdkj ls lgk;rk çkIr djrh g% राज्यों के लिए 50%, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90% और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100%, जो पात्र कार्मिकों के वेतन को कवर करती है। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार की पूर्ण सहायता से फील्डवर्क के लिए TA/DA, ISS सॉफ्टवेयर और कार्यप्रणाली में पुनश्चर्या (refresher) प्रशिक्षण और सुचारू संचालन के लिए आईटी समाधानों के एकीकरण के माध्यम से संगणकों और पर्यवेक्षकों को सहायता प्रदान की जाती है।

losZ{k.k dk pØ vkSj vkf/kdkfjd lkaf[;dh dk çdk’ku% यह सर्वेक्षण मार्च से फरवरी तक चलता है, जिसे तीन अलग–अलग ऋतुओं – ग्रीष्म, वर्षा और शीत ऋतु में विभाजित किया गया है। राज्य/संघ राज्य स्तर पर संकलित मौसमी अनुमानों को एकत्रित करके वार्षिक अनुमान तैयार किए जाते हैं, जो मूलभूत पशुपालन सांख्यिकी (BAHS) के वार्षिक प्रकाशन में प्रकाशित होते हैं। नवीनतम संस्करण, BAHS 2025, जो 26 नवंबर, 2025 को जारी किया गया, इस क्षेत्र के प्रदर्शन का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जिसमें भारत की पशुधन अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख निष्कर्षों पर प्रकाश डाला गया है।

7-2 çeq[k i’kq/ku mRiknksa dh lkaf[;dh

7-2-1 çfr O;fä miyC/krk vkSj nw/k mRiknu dh çfr’kr fgLlsnkjh

भारत में दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जो वर्ष 2014–15 में 319 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। यह 166 ग्राम प्रतिदिन की महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है जो एक दशक में लगभग 52% की वृद्धि

है। इस निरंतर वृद्धि का श्रेय सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों, जैसे राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम तथा पशु–प्रजनन, चारा प्रबंधन और पशु चिकित्सा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति, को दिया जा सकता है। रोगों के प्रकोप जैसी चुनौतियों के बावजूद, डेयरी क्षेत्र की दृढ़ता ने पूरे देश में पोषण सुरक्षा और खाद्य उपलब्धता में निरंतर अपना योगदान सुनिश्चित किया है।

ग्राफ 1: दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता



o"kZ 2024&25 esa 5 çeq[k nq/k mRiknd jkT;ksa dk nq/k mRiknu esa çfr'kr fgLlk

वर्ष 2024–25 में भारत के राज्य–वार दूध उत्पादन वितरण ने डेयरी क्षेत्र में एक संतुलित लेकिन विविधतापूर्ण फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया है। उत्तर प्रदेश (15.66%) और राजस्थान (14.82%) जैसे कुछ प्रमुख राज्य दूध उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, जबकि मध्य प्रदेश (9.12%), गुजरात (7.78%) और महाराष्ट्र (6.71%) का स्थान महत्वपूर्ण है। वहीं, शेष राज्यों का सामूहिक उत्पादन भी काफी है, जो राष्ट्रीय उत्पादन का 45.91% है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यद्यपि कुछ क्षेत्र उत्पादन में अग्रणी हैं, फिर भी दूध उत्पादन पूरे देश में व्यापक रूप से फैला हुआ आर्थिक कार्यकलाप है, जिसे पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्यों के महत्वपूर्ण योगदान से और भी बल मिलता है। ये सभी राज्य मिलकर भारत के डेयरी पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता और सुदृढ़ता में वृद्धि करते हैं।

ग्राफ 2: वर्ष 2024–25 के दौरान दूध उत्पादन में राज्य–वार प्रतिशत हिस्सेदारी



7-2-2 çfr 0;fä miyC/krk vkj vM dk mRiknu e çfr'kr fgLlnkjh

भारत में अंडों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता वर्ष 2014–15 से वर्ष 2024–25 तक स्पष्ट रूप से बढ़ी है, जो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 62 से बढ़कर 106 अंडे हो गई है। यह ग्यारह वर्षों की अवधि में व्यक्तिगत खपत में 71% की महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा, आंकड़ों से पता चलता है कि हाल ही में इसमें लगातार वृद्धि हुई है, और वर्ष 2024–25 में उपलब्धता 106 अंडों तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष 2023–24 में दर्ज 103 अंडों से 3 यूनिट अधिक है।

ग्राफ 3: अंडों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता



o"k 2024&25 e vMk mRiknu e 5 çeq[k jkT;k dh çfr'kr fgLlnkjh

आंध्र प्रदेश भारत में अंडा उत्पादन में 18.37% की हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है, इसके बाद तमिलनाडु 15.63% और तेलंगाना 12.98% क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ये तीनों दक्षिणी राज्य मिलकर देश के कुल अंडा उत्पादन का लगभग आधा (46.98%) हिस्सा उत्पादित करते हैं। अन्य महत्वपूर्ण योगदान कर्ताओं में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय उत्पादन में 5% से अधिक का योगदान देता है।

ग्राफ 4: वर्ष 2024–25 के दौरान अंडा उत्पादन में राज्य–वार प्रतिशत हिस्सेदारी



7-2-3 çfr O;fä miyC/krk vkj ekal mRiknu esa çfr'kr fgLlsnkjh

भारत में मांस की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2014–15 में 5.52 किलोग्राम प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 7.50 किलोग्राम प्रति वर्ष हो गई है, जो लगभग 36% की वृद्धि को दर्शाता है। यह स्थिर वृद्धि पोल्ट्री उत्पादन के विस्तार के कारण है, जो देश के मांस उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा है। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और प्रोटीन युक्त आहार के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा बेहतर पशुधन प्रबंधन पद्धतियों का भी इसमें योगदान रहा है।

ग्राफ 5: मांस की प्रति व्यक्ति उपलब्धता



देश में मांस उत्पादन में पश्चिम बंगाल अग्रणी है, जो कुल उत्पादन में 12.46% का योगदान देता है। उत्तर प्रदेश 12.20% के साथ इसके ठीक पीछे है। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र है, जो कुल मांस उत्पादन में लगभग 11.57% का योगदान देता है।

ग्राफ 6: वर्ष 2024–25 के दौरान मांस उत्पादन में राज्य–वार प्रतिशत हिस्सेदारी



7-2-4 Åu mRiknu dk çfr'kr fgLlk

भारत के ऊन उद्योग में क्षेत्रीय स्तर पर उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिलती है, जिसमें राजस्थान सबसे अग्रणी योगदानकर्ता है, जो देश के लगभग आधे (47.85%) ऊन का उत्पादन करता है। 22.88% के महत्वपूर्ण योगदान के साथ जम्मू और कश्मीर भी अग्रणी भूमिका निभाता है, जो एक मजबूत उत्पादन साझेदारी को दर्शाता है। ये दोनों राज्य मिलकर एक सशक्त आधार बनाते हैं, जो देश के कुल उत्पादन का 70% से अधिक हिस्सा है। इसके अलावा, गुजरात का 5% से अधिक का उल्लेखनीय योगदान इस उद्योग के अन्य क्षेत्रों में मौजूद उम्मीद और बढ़ती संभावनाओं को उजागर करता है।

ग्राफ 7: वर्ष 2024–25 के दौरान ऊन उत्पादन में राज्य–वार प्रतिशत हिस्सेदारी



7-3 i'kq/ku dk vk;kr@fu;kZr

7-3-1 fu;kZr ¼djksM+ #i, eas½

पशुधन निर्यात का कुल मूल्य वर्ष 2021–22 में 43,964.14 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2024–25 में 63,474.14 करोड़ रुपए हो गया, जिसका मुख्य कारण मांस और मांस के खाद्य अपशिष्टों की श्रेणी में वृद्धि थी, जो 25,156.19 करोड़ रुपए से बढ़कर 35,225.8 करोड़ रुपए हो गई। डेयरी उत्पादन में काफी अस्थिरता देखी गई, बीच के वर्षों में इसमें गिरावट आई, लेकिन वर्ष 2024–25 में यह बढ़कर 4,181.72 करोड़ रुपए हो गया, जबकि अंडे के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई, हालांकि वर्ष 2024–25 में इसमें थोड़ी गिरावट आई। इस क्षेत्र के प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण पहलू इसकी व्यापारिक गतिशीलता है। भारत कई श्रेणियों में शुद्ध निर्यातक है, जिसमें 'मांस और मांस के खाद्य अपशिष्ट' का निर्यात मूल्य सबसे अधिक है, और बाहरी मांग में वृद्धि को दर्शाते हुए इसमें लगातार बढ़ोतरी हुई है।

rkfydk 1 % fu;kZr ¼djksM+ #i, eas½

0;kid leg	o"kZ 2021&22	o"kZ 2022&23	o"kZ 2023&24	o"kZ 2024&25
मांस और खाद्य मांस अपशिष्ट	25,156.19	26,278.95	31,746.7	35,225.8
डेयरी उत्पाद	2,930.01	2,273.3	2,261	4,181.72
अंडा और अंडा उत्पाद	476.4	1,000.45	1,437.76	1,307.83

अपरिष्कृत (Raw) ऊन	111.55	136.64	78.35	83.53
अन्य मदें*	15,289.88	237,50.19	26,858.45	22,675.26
सभी समूह (कुल पशुधन)	43,964.14	53,439.13	62,382.26	63,474.14

'जीवित पशु, पशु आहार और चारा तथा अपरिष्कृत खाल, त्वचा और चमड़ा

ग्राफ 8: वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25 के दौरान पशुधन उत्पादों के निर्यात का मूल्य



7-3-2 vk;kr

वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25 तक भारत का पशुधन आयात मुख्य रूप से ''अन्य पशुधन उत्पादों'' से प्रेरित था, जिसमें पशु आहार और चारा, अपरिष्कृत खाल और चमड़ा शामिल हैं। गिरावट के बावजूद, इनका हिस्सा लगातार बड़ा बना रहा और यह 12,533 करोड़ रुपए से घटकर 9,741 करोड़ रुपए की रही। इसी अवधि (वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25) के दौरान, मुख्य खाद्य पदार्थों के आयात में मजबूत वृद्धि देखी गई, जैसे मांस और खाद्य का आयात दोगुने से अधिक हो गया, और डेयरी उत्पादों में वर्ष 2024—25 में वर्ष 2021—22 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। अपरिष्कृत ऊन का निर्यात पर्याप्त लेकिन स्थिर रहा। कुल मिलाकर, कुल पशुधन आयात 14,593 करोड़ रुपए से घटकर 12,149 करोड़ रुपए हो गया, जो दर्शाता है कि मांस और डेयरी में हुई वृद्धि, प्रमुख ''अन्य पशुधन उत्पाद'' श्रेणी में आई गिरावट से कम हो गई, जो इस क्षेत्र के आयात प्रदर्शन को प्रभावित करती रहती है।

rkfydk 2 % vk;kr ¼djksM+ #i, eas½

0;kid leg	2021&22	2022&23	2023&24	2024&25
मांस और खाद्य मांस अपशिष्ट	30.72	48.49	55	64.65
डेयरी उत्पाद	202.16	329.75	476.76	356.35
अंडा और अंडा उत्पाद	4.05	4.27	7.12	9.38
अपरिष्कृत ऊन	1822.79	2095.54	2063.17	1977.54
अन्य पशुधन उत्पाद*	12533.03	10290.61	8817	9741.18
सभी समूह (कुल पशुधन)	145,92.75	12768.66	11419.05	12149.1

*जीवित पशु, पशु आहार और चारा तथा अपरिष्कृत खाल, त्वचा और चमड़ा

ग्राफ 9: वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25 के दौरान पशुधन उत्पादों के आयात का मूल्य



7-4 çeq[k i'kq/ku mRiknksa dh fy, Hkkjr dk vkRefuHkZjrk vuqikr ¼SSR½

भारत के पशुधन क्षेत्र ने वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25 तक काफी वृद्धि की है और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उत्पादन, निर्यात और आयात के बीच परस्पर संबंध को आत्मनिर्भरता अनुपात (SSR) द्वारा सबसे अच्छी तरह से समझा जा सकता है, जो घरेलू उत्पादन द्वारा पूरी की गई घरेलू खपत के अनुपात को मापता है। भारत पोषण संबंधी प्रमुख वस्तुओं में सुदृढ़ आत्मनिर्भरता प्रदर्शित करता है।

rkfydk 3 % çeq[k i'kq/ku mRiknksa dk vkRefuHkZjrk vuqikr ¼SSR½

vkRefuHkZjrk vuqikr ¼SSR½ ¼%½				
o"kZ	nw/k	iksYVªh lfgr ekal	vaMk	Åu
2021-22	~100.24%	~112.61%	~101.38%	~ 38.87%
2022-23	~100.23%	~112.28%	~100.66%	~ 45.36%
2023-24	~100.08%	~112.62%	~100.21%	~ 47.72%
2024-25	~100.23%	~112.16%	~101.29%	~ 31.54%

***नोट: अंडे के उत्पादन के आंकड़े संख्या में दिए गए हैं, लेकिन आयात और निर्यात के आंकड़े किलोग्राम में हैं, इसलिए किलोग्राम को संख्या में परिवर्तित करने के लिए, कृपया किलोग्राम का उपयोग करें।**

*1 किग्रा अंडे= 20 अंडों का उपयोग किया गया है।

i.k&okj lkjf.k;k¡

rkfydk 4% nw/k i.k;

vf[ky Hkkjrh;	mRiknu ¼fefy;u Vu½	vk;kr ¼fefy;u Vu½	fu;kZr ¼fefy;u Vu½	SSR ¼%½	çfr 0;fä miyC/krk
2021-22	222.07	0.000	0.54	~100.24%	446 ग्रा/दिन
2022-23	230.58	0.005	0.54	~100.23%	459 ग्रा/दिन

2023-24	239.30	0.010	0.21	~100.08%	471 ग्रा/दिन
2024-25	247.87	0.005	0.57	~100.23%	485 ग्रा/दिन

आयात और निर्यात डेटा स्रोत : FAOSTAT

FAOSTAT के आंकड़ों में "दूध के समतुल्य दूध उत्पाद" के लिए अनुमानित आंकड़े शामिल हैं।

दूध के लिए (SSR) चारों वर्षों में लगातार 100% के करीब बनी रही है, जिसका मुख्य कारण बढ़ते उत्पादन और नगण्य आयात हैं। इसके परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति उपलब्धता 446 ग्राम से बढ़कर 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है।

rkfydk 5% ekal i.;

vf[ky Hkkjrh;	mRiknu ¼fefy;u Vu½	vk;kr ¼fefy;u Vu½	fu;kZr ¼fefy;u Vu½	SSR (%)	çfr 0;fä miyC/krk
2021-22	9.29	0.0000	1.04	~112.61%	6.82 किग्रा/वर्ष
2022-23	9.77	0.0011	1.07	~112.28%	7.10 किग्रा/वर्ष
2023-24	10.25	0.0012	1.15	~112.62%	7.39 किग्रा/वर्ष
2024-25	10.50	0.0015	1.14	~112.16%	7.50 किग्रा/वर्ष

आयात और निर्यात डेटा स्रोत : FAOSTAT

FAOSTAT के आंकड़ों में "सूअर के मांस (मांस के समतुल्य) ", "प्राथमिक, बीफ और भैंस का मांस", "भेड़ और बकरी का मांस" और "पोल्ट्री मांस" के अनुमानित आंकड़े शामिल हैं।

मांस क्षेत्र (पोल्ट्री सहित) में अधिशेष दिखाई देता है, जिसमें SSR लगातार 112% से ऊपर है, जो दर्शाता है कि उत्पादन घरेलू आवश्यकता से काफी अधिक है, जिससे निर्यात में वृद्धि हो रही है।

rkfydk 6% vaMk i.;

vf[ky Hkkjrh;	mRiknu ¼fefy;u Vu½	vk;kr ¼fefy;u Vu½	fu;kZr ¼fefy;u Vu½	SSR (%)	çfr 0;fä miyC/krk
वर्ष 2021–22	129.60	0.00004	1.04	~100.38%	95 सं./वर्ष
वर्ष 2022–23	138.38	0.00002	1.07	~100.66%	101 सं./वर्ष
वर्ष 2023–24	142.77	0.00002	1.15	~100.21%	103 सं./वर्ष
वर्ष 2024–25	149.11	0.001	1.14	~101.29%	106 सं./वर्ष

आयात और निर्यात डेटा स्रोत : FAOSTAT

FAOSTAT के आधिकारिक आंकड़ों में 'अंडे' से संबंधित जानकारी

आयात और निर्यात के आंकड़े टन (t) में हैं। इन आंकड़ों को 1 किलोग्राम (kg) = 20 यूनिट (Nos-) की रूपांतरण दर का उपयोग करके परिवर्तित किया गया है।

अंडा क्षेत्र पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, जिसमें SSR 100% से ऊपर है और आयात नगण्य दर्ज किया गया है, इसके निर्यात में वृद्धि हुई है और प्रति व्यक्ति उपलब्धता बढ़कर 106 अंडे प्रतिवर्ष हो गई है।

rkfydk 7 Åu i.;

vf[ky Hkkjrh;	mRiknu ¼fefy;u fdxzk-½	vk;kr ¼fefy;u fdxzk-½	fu;kZr ¼fefy;u fdxzk-½	SSR ¼%½
वर्ष 2021–22	32.91	51.79	0.04	~ 38.87%
वर्ष 2022–23	33.61	40.52	0.03	~ 45.36%
वर्ष 2023–24	33.69	36.95	0.04	~ 47.72%
वर्ष 2024–25	34.57	32.50	0.00	~ 31.54%

आयात और निर्यात डेटा स्रोत : FAOSTAT

FAOSTAT के पास "शॉर्न ऊन, ग्रीसी ऊन, जिसमें फ्लीस वॉश्ड शॉर्न ऊन भी शामिल है" के आधिकारिक आंकड़े हैं।

इसके बिल्कुल विपरीत, ऊन क्षेत्र में काफी निर्भरता दिखाई देती है। घरेलू उत्पादन लगभग 33–34 मिलियन किलोग्राम पर स्थिर है और आयात 32.5 से 51.79 मिलियन किलोग्राम तक है, जिसके कारण ऊन की (SSR) कम है, जो वर्ष 2024–25 में घटकर मात्र 31.54% रह गई है। यह कार्यनीतिक कमजोरी और कच्चे ऊन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों पर अत्यधिक निर्भरता को दर्शाता है।

संक्षेप में, भारत का पशुधन क्षेत्र शक्ति और निर्भरता का दोहरा चित्रण प्रस्तुत करता है। देश ने दूध, मांस और अंडे जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है और इसे बनाए रखा है, जिससे वह इन श्रेणियों में शुद्ध निर्यातक बन गया है और घरेलू खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया है। हालांकि, इस क्षेत्र की ऊन आयात पर निर्भरता उत्पादन मूल्य श्रृंखला में कमी को उजागर करती है। लक्षित निर्यात और आवश्यक आयात से प्रभावित विकासमान SSR रुझान नीतिगत दिशा के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं। भविष्य की कार्यनीतियों में नस्ल सुधार और प्रोत्साहन के माध्यम से ऊन उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है, साथ ही मांस और डेयरी क्षेत्रों में निर्यात क्षमता का और अधिक लाभ उठाकर इस क्षेत्र के समग्र आर्थिक योगदान और लचीलेपन को मजबूत किया जा सकता है।

8 i'kq/ku lax.kuk

8-1 20oha i'kq/ku lax.kuk dk çHkko

पशुधन संगणना एक उल्लेखनीय राष्ट्रीय प्रयास है जिसने भारत के सभी गांवों और शहरी वार्डों से विस्तृत जानकारी सफलतापूर्वक एकत्र की है। यह हमें देश की विशाल पशु आबादी की स्पष्ट और संपूर्ण तस्वीर प्रदान करती है, जिसमें घरेलू पोल्ट्री से लेकर कार्य करने वाले हाथियों तक, प्रत्येक प्रकार के पशु की सावधानीपूर्वक गणना की गई है।

20वीं पशुधन संगणना इसलिए असाधारण है क्योंकि इसमें बहुत विस्तृत डेटा एकत्र किया गया है। 20वीं पशुधन संगणना की पिछली रिपोर्ट भारत की पशु विविधता के एक व्यापक एटलस के रूप में कार्य करती है, जो निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करती है:

- विभिन्न क्षेत्रों में प्रजातियों का वितरण
- नस्ल–वार संख्या विश्लेषण
- पशुधन की आयु और लिंग संरचना

- भौगोलिक वितरण पैटर्न
- विभिन्न सामाजिक समूहों में स्वामित्व पैटर्न

भारत के पशुधन का यह विस्तृत सर्वेक्षण नीति–निर्माण के लिए आवश्यक आंकड़े प्रदान करने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह इस बात का भी विशेष परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है कि भारतीय जनता और उनके पशुओं का जीवन किस प्रकार जुड़ा हुआ है और समय के साथ किस प्रकार बदल रहा है। आंकड़े लंबे समय से चली आ रही परंपराओं और ग्रामीण जीवन में पशुओं की भूमिका को दर्शाते हैं। साथ ही, यह आधुनिक कृषि पद्धतियों के विकास को भी प्रदर्शित करता है। अंततः, यह संगणना इस महत्वपूर्ण साझेदारी की कहानी व्यक्त करती है, जिसमें परंपरा और कृषि के नए रुझानों का अद्भुत संगम है।

8-2 i'k/ku

ग्राफ 10: कुल पशुधन की राज्य–वार संख्या



- भारत में पशुधन की कुल संख्या बढ़कर 536.76 मिलियन से अधिक हो गई है, जो वर्ष 2012 की पिछली संगणना के बाद से 4.8% की वृद्धि दर्शाता है।
- इन पशुओं की संरचना में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। गोपशु, भैंस, भेड़, बकरी और मिथुन की संख्या में आनुपातिक वृद्धि हुई है, जबकि सूअर, याक, घोड़े और टट्टू, खच्चर, गधे और ऊंट की संख्या में थोड़ी कमी आई है, जो देशभर में पाले जा रहे पशुओं के प्रकारों में स्पष्ट बदलाव को इंगित करता है।

8-2-1 xksi'k

ग्राफ 11: गोपशुओं की राज्य–वार संख्या



- वर्ष 2019 में, भारत में कुल मिलाकर लगभग 193.46 मिलियन गोपशु थे, जो वर्ष 2012 की तुलना में 1.3% की मामूली वृद्धि को दर्शाता है।
- हालांकि, इनकी संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। मादा गोपशुओं की संख्या में 18% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि नर गोपशुओं की संख्या में 30% से अधिक की गिरावट आई।
- कुल मिलाकर, गोपशु देश के कुल पशुधन का लगभग एक तिहाई (36%) हिस्सा हैं, जो कृषि में उनके निरंतर महत्व को दर्शाता है।

8-2-2 Hkl



- वर्ष 2019 में, भारत में भैंसों की कुल संख्या 109.85 मिलियन तक पहुंच गई, जो वर्ष 2012 से 1.1% की मामूली वृद्धि को दर्शाता है।
- भैंसों की आबादी की संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है: मादा भैंसों की संख्या में 8.61% की वृद्धि हुई, जबकि नर भैंसों की संख्या में 42.35% की भारी गिरावट आई।
- कुल मिलाकर, भैंसें अब देश के कुल पशुधन का लगभग पांचवां हिस्सा (20.5%) हैं, जो पशुधन उद्योग में उनके महत्वपूर्ण स्थान को दर्शाता है।

8-2-3 ckokbu i’kq



वर्ष 2019 में, भारत में कुल 303.76 मिलियन बोवाइन पशु थे, जिनमें गोपशु, भैंस, मिथुन और याक शामिल हैं। यह पिछली संगणना की तुलना में मात्र 1% की मामूली वृद्धि को दर्शाता है।

8-2-4 HksM+

ग्राफ 14: भेड़ों की राज्य–वार संख्या



- वर्ष 2019 में, भारत में भेड़ों की आबादी बढ़कर लगभग 74.26 मिलियन हो गई। यह वर्ष 2012 की पिछली संगणना की तुलना में 14.13% की महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है।
- अब देश के कुल पशुधन में भेड़ों की हिस्सेदारी 13.8% है, जो कृषि क्षेत्र में उनके बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

8-2-5 cdjh

ग्राफ 15: बकरियों की राज्य–वार संख्या



- वर्ष 2019 में, भारत में बकरियों की संख्या बढ़कर 148.88 मिलियन हो गई, जो वर्ष 2012 से 10% अधिक है।
- देश के कुल पशुधन में बकरियों की हिस्सेदारी एक चौथाई (27.7%) से अधिक है, जो कृषि अर्थव्यवस्था के लिए उनके महत्व को दर्शाता है।

8-2-6 ?kksM+s vkSj Vêq



- भारत में घोड़ों और टट्टुओं जैसे पशुओं की आबादी वर्ष 2019 में घटकर लगभग 0.55 मिलियन रह गई।
- वर्ष 2012 में हुई पिछली संगणना के बाद से इसमें 45.2% की महत्वपूर्ण कमी आई है, जो स्पष्ट रूप से देशभर में पशुपालन के तरीकों में बदलते पैटर्न को दर्शाती है।

8-3 iksYVªh



- d|y of)% वर्ष 2019 में पोल्ट्री की कुल संख्या 851.81 मिलियन पक्षियों के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछली संगणना की तुलना में 16.81% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।
- ?kj|y| ikYVh% घरेलू पोल्ट्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जहां पक्षियों की संख्या में 45.79% की बढ़ोतरी होकर 317.07 मिलियन हो गई। यह परिवारों की आय और खाद्य सुरक्षा के लिए पोल्ट्री में स्थानीय भागीदारी में नए सिरे से वृद्धि को दर्शाता है।
- okf.kfT;d {k= dh Hkkfedk% वाणिज्यिक पोल्ट्री उद्योग में भी 4.5% की वृद्धि हुई और यह 534.74 मिलियन पक्षियों तक पहुंच गया। इसकी स्थिर वृद्धि देश में प्रोटीन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने में इसकी दक्षता को रेखांकित करती है।

9- uLyokj fjikV

20वीं पशुधन संगणना में एक विस्तृत नस्ल रिपोर्ट भी शामिल थी, जिसमें 19 चयनित प्रजातियों की 184 देशी और विदेशी नस्लों की जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय पशु आनुवंषिक संसाधन ब्यूरो (NBAGR) की सहायता से तैयार की गई रिपोर्ट, प्रत्येक नस्ल–जैसे देशी गोपशु, भैंस, भेड़ और बकरी– की संख्या का विस्तृत विवरण देती है।

पशुधन संगणना देशभर में पशु नस्ल विविधता की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्ष 2012 से, पशुपालन और डेयरी विभाग पशुधन संगणना कर रहा है, जिसमें ICAR-NBAGR द्वारा पंजीकृत सभी देशी नस्लों के लिए नस्ल–विशिष्ट संगणना शामिल है, जिससे देश की अपनी समृद्ध पशुधन विरासत की समझ में और वृद्धि हुई है।

10- uLy fuxjkuh l|ph 2022

विभाग द्वारा वर्ष 2022 में प्रकाशित 20वीं संगणना की नस्लवार रिपोर्ट के आधार पर, NBAGR ने देशी नस्लों की जोखिम स्थिति का आकलन करने के लिए 'नस्ल निगरानी सूची 2022' तैयार की। खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के दिशानिर्देशों के अनुसार, कुल 38 नस्लों की पहचान विभिन्न जोखिम स्थिति के साथ की गई, जैसे 14 नस्लें 'कमजोर', 19 नस्लें 'संकटापन्न' और 5 नस्लें 'गंभीर' श्रेणी के तहत पहचानी गई और निगरानी सूची में सूचीबद्ध की गई।

20वीं पशुधन संगणना का परिणाम, नस्ल निगरानी सूची, नीतिगत इनपुट के रूप में संरक्षण और विकास के लिए नस्लों को प्राथमिकता के लिए महत्वपूर्ण है। पालतू पशुओं के राष्ट्रीय भंडार के रूप में ICAR-NBAGR ने मध्यम और दीर्घकालिक संरक्षण के लिए अपने राष्ट्रीय जीन बैंक में 26 संकटग्रस्त नस्लों के जर्मप्लाज्म (सीमन/दैहिक कोशिकाओं) को क्रायोप्रिजर्व किया गया है। खतरे में पड़ी देशी नस्लों की पहचान करने से देश के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के राष्ट्रीय संकेतक का लक्ष्य भी पूरा हो जाता है।



11- 21oha i'kq/ku lax.kuk py jgh gS

Hkkjr dh lclsa 0;kid i'kq x.kuk

एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी पहल के तहत, भारत ने अब तक की सबसे व्यापक पशुधन संगणना की। अक्टूबर 2024 में शुरू किए गए इस विशाल डेटा संग्रह अभियान में देशभर में व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए 87,613 गणनाकर्ताओं और 16,453 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया। यह संगणना एक समर्पित मोबाइल ऐप के अभिनव उपयोग के कारण विशिष्ट रही, जिसने वास्तविक समय में डेटा प्रविष्टि को सक्षम बनाकर और त्रुटियों को कम करके कार्य की दक्षता और सटीकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संग्रह दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई थी।

इस संगणना की एक प्रमुख विशेषता पशुपालन के सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर इसका विशेष ध्यान केंद्रित करना था। पहली बार, इसने विशेष रूप से चरवाहा समुदायों के पशुधन का विवरण दर्ज किया और पशु प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। आमतौर पर उपेक्षित इन पहलुओं को शामिल करके, संगणना लक्षित नीतिगत सहायता प्रदान करने और लैंगिक भूमिकाओं तथा ग्रामीण आजीविका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रकट करने में सहायक सिद्ध हुई है। संगणना में 16 विविध प्रजातियों का सावधानीपूर्वक विवरण दर्ज किया गया है, जो भारत की पशुधन संपदा का व्यापक चित्र प्रस्तुत करता है: गोपशु, भैंस, मिथुन, याक, भेड़, बकरी, सूअर, घोड़े, टट्टू, खच्चर, गधे और ऊंट, कुत्ते, खरगोश और हाथी, मुर्गी, बत्तख और अन्य पक्षी प्रजातियां।

अप्रैल 2025 में डेटा संग्रह का कार्य पूरा हो गया। अब सारणीबद्ध करने और रिपोर्ट लेखन का कार्य चल रहा है। एकत्रित डेटा की गुणवत्ता, व्यापकता और सटीकता का आकलन करने के लिए एक पोस्ट–एन्यूमरेशन सर्वे (PES) की योजना बनाई गई है, जिसके बाद एकत्रित जानकारी भविष्य की पशुधन विकास नीतियों को आकार देने, पशुपालन में बदलावों को समझने और पूरे भारत में सतत कृषि पद्धतियों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*****

अध्याय-8

0;kikj lc/kh ekeys

0;kikj lc/kh ekeys

अध्याय 8

8-1 çLrkouk

8.1.1 विभिन्न पशुधन उत्पादों पर मात्रात्मक प्रतिबंध (QR) हटाने के बाद, विभाग ने पशुधन आयात अधिनियम, 1898 में संशोधन किया और सभी पशुधन उत्पादों को उनके आयात को विनियमित करने के उद्देश्य से इसके दायरे में लाया गया। तदनुसार, पशुधन उत्पादों के लिए दिनांक 7 जुलाई, 2001 की अधिसूचना संख्या 655 (अ), मत्स्य उत्पादों के लिए दिनांक 16.10.2001 की अधिसूचना संख्या 1043 (अ) और पोल्ट्री के ग्रैंड पैरेंट स्टॉक के लिए दिनांक 27.11.2001 की अधिसूचना संख्या 1175 (अ) जारी की गई थी, जिससे स्वच्छता आयात परमिट (SIP) के तहत पशुधन उत्पादों का आयात करना अनिवार्य हो गया। दिनांक 28.03.2008 की अधिसूचना संख्या 794 (अ) के तहत विभाग ने दिनांक 7.07.2001 की अधिसूचना संख्या 655 (अ) में और संशोधन किया था, जिसके तहत उसने पशुधन उत्पादों को वर्गीकृत किया था, जिनके लिए सैनिटरी आयात परमिट (SIP) की आवश्यकता होती है, वे उत्पाद जिन्हें पशु संगरोध और प्रमाणन सेवाओं से अनापत्ति के आधार पर अनुमोदन दिया जा सकता है तथा वे उत्पाद जिनके लिए न तो एसआईपी और न ही अनापत्ति की आवश्यकता होती है।

8.1.2 वर्ष 2014 में, मुख्य अधिसूचना एसओ 655 (अ) दिनांक 7.07.2001 का अधिक्रमण करके, एक समेकित अधिसूचना एसओ 2666 (अ) दिनांक 17.10.2014 जारी की गई, जिसमें पशुधन आयात अधिनियम, 1898 की धारा 2 (घ) के तहत पशुधन उत्पादों और धारा 3 (क) के तहत पशुधन उत्पादों के आयात की प्रक्रिया को सूचीबद्ध किया गया। SIP, निर्यातक देश में बीमारी की स्थिति बनाम देश में बीमारी की स्थिति के आधार पर जोखिम विश्लेषण करने के बाद जारी की जाती है ।

8.1.3 इसके अलावा, पशुधन आयात अधिनियम, 1898 के अंतर्गत दिनांक 11 जून, 2014 को एसओ 1495 (अ) और 1496 (अ) के माध्यम से अधिसूचनाएं भी जारी की गई थीं, जिसमें विभाग ने धारा 3 के अनुसार जीवित पशुओं के आयात और संगरोध के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है और पशुधन आयात अधिनियम, 1898 की धारा 2 (घ) के अनुसार ''पशुधन'' की परिभाषा को पशुओं की संख्या तक आगे बढ़ा दिया गया है।

8-1-4 vk;kr dh çfØ;k विभाग ने विभिन्न पशुधन उत्पादों के आयात हेतु SIP जारी करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार) की अध्यक्षता में जोखिम विश्लेषण पर एक समिति गठित की है, जिसके सदस्य के रूप में सभी संयुक्त सचिव या प्रतिनिधि हैं। दिनांक 17.10.2014 की अधिसूचना एसओ 2666 (अ) में आवश्यक संशोधन के बाद, विभाग ने एक नया पोर्टल विकसित किया है और पशुधन उत्पादों के आयात संबंधी कार्यकलापों में लगे विभिन्न फर्मों/संगठनों को SIP आवेदनों को ऑनलाइन जमा करने और सैनिटरी आयात परमिट जारी करने के लिए इसे राष्ट्रीय सिंगल विंडो, https://sip.nic.in के साथ एकीकृत किया है। सैनिटरी आवश्यकताओं के बारे में प्रासंगिक जानकारी के साथ ऑन–लाइन SIP आवेदन जमा करने की प्रक्रिया भी विभाग की वेबसाइट www.dahd.nic.in पर उपलब्ध है। प्राप्त SIP आवेदनों की जांच की जाती है और वैज्ञानिक साक्ष्यों और OIE विनियमन के आधार पर विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उनका जोखिम विश्लेषण किया जाता है। SIP जारी करने या उसे अस्वीकृत करने के लिए जोखिम विश्लेषण समिति द्वारा तकनीकी विशेषज्ञों की संस्तुतियों पर विचार किया जाता है। वर्ष 2025 के दौरान समिति की कुल 38 बैठकें हो चुकी हैं। विभाग की व्यापार इकाई ने वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न फर्मों/संगठनों को 3660 स्वच्छता आयात परमिट जारी किए हैं ताकि वे मत्स्य उत्पादों सहित विभिन्न पशुधन उत्पादों का आयात कर सकें। दिनांक 01.01.2025 से

31.12.2025 तक की अवधि के लिए सभी एक्यूसीएस स्टेशनों के पशुधन और पशुधन उत्पादों की आयात/निर्यात रिपोर्ट vuqc/k **XII** में दी गई है ।

8-1-5 यह विभाग पशुधन और पशुधन से संबंधित वस्तुओं और प्रतिबंधित श्रेणी के पशुधन और पशुधन उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) से प्राप्त राज्य सरकारों/फर्मों/संगठनों के प्रस्तावों पर भी कार्रवाई करता है। इन प्रस्तावों पर व्यापार और निवेश मामलों की समिति द्वारा विचार करने के बाद संबंधित राज्य सरकारों/फर्मों/संगठनों के पक्ष में आवश्यक आयात लाइसेंस जारी करने के लिए विभाग के विचार, विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) को सूचित किए जाते हैं। व्यापार और निवेश मामलों की समिति भी संयुक्त सचिव (व्यापार) की अध्यक्षता में सभी संयुक्त सचिवों या प्रतिनिधियों के साथ इसके सदस्यों के रूप में बैठक करती है। वर्ष 2025 के दौरान, उक्त समिति की कुल 38 बैठकें हुईं और विभिन्न फर्मों/संगठनों के साथ–साथ विभिन्न राज्य सरकारों के पक्ष में 1095 सिफारिशें जारी की गईं।

8-1-6 वर्ष 2025 के दौरान, ''व्यापार करने में आसानी'' के लिए तेजी से कदम उठाने के लिए निम्नलिखित प्रमुख नीतिगत पहलें की गई हैं;

1. विभाग ने अधिसूचना जी.एस.आर. 737(अ) दिनांक 7 अक्टूबर, 2025 प्रकाशित की है, जिसमें भारत में अश्वों के आयात के लिए संशोधित स्वास्थ्य प्रोटोकॉल जारी किया गया है। यह स्वास्थ्य प्रोटोकॉल WOAH की सिफारिशों और रोग निदान में हुई प्रगति के अनुरूप संशोधित किया गया है।

2. अधिसूचना एस.ओ. 2666(अ), दिनांक 17.10.2014 को अधिसूचना एस.ओ. 5378 (अ), 24 नवंबर, 2025 के माध्यम से तीन नए बंदरगाहों ACC नवी मुंबई, ICD जोधपुर और ICD सानंद को अधिसूचित करके आयात को सुगम बनाने के लिए संशोधित किया गया है।

***

अध्याय-9

vuqlwfpr tkfr mi&;kstuk ¼,llh,lih½ vkSj tutkrh; mi&;kstuk ¼Vh,lih½

vu|lfpr tkfr mi&;ktuk ¼,llh,lih½ vkj tutkrh; mi&;ktuk ¼Vh,lih½

अध्याय 9

9.1 विभाग विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है, जिनका मुख्य उद्देश्य पशुपालन और डेयरी के विकास के लिए राज्य सरकारों की अवसंरचना को सुदृढ़ करना है। अधिकांश योजनाएं सीधे लाभार्थी–उन्मुख नहीं हैं। देश की एक बड़ी आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, समाज के अन्य कमजोर वर्गों और महिलाओं से संबंधित है जो पशुधन क्षेत्रों के कार्यकलापों में लगी हुई है। परिणामस्वरूप, विभाग द्वारा कार्यान्वित की गई विभिन्न योजनाएं समाज के इन वर्गों को लाभान्वित करती हैं। हालाँकि, विभाग अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं से संबंधित लाभार्थियों का रिकॉर्ड नहीं रख रहा है। योजनाओं की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकारें/कार्यान्वयन एजेंसियां भी ऐसा रिकॉर्ड नहीं रख रही हैं।

9.2 अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP) के अंतर्गत 16.6% निधि निर्धारित करने के लिए योजना आयोग द्वारा दिनांक 15.12.2010 के डी.ओ. पत्र संख्या एन–11016/12(1)/2009–पीसी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, विभाग ने SCSP घटक के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत वर्ष 2024–25 बीई चरण में 714.56 करोड़ रुपए निर्धारित किए, जिसे आरई चरण में घटाकर 328.17 करोड़ रुपए कर दिया गया। इसके सापेक्ष वर्ष 2024–25 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 316.45 करोड़ रुपए व्यय किए गए। चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विभाग ने बीई चरण में 559.49 करोड़ रुपए निर्धारित किए, जिसे आरई चरण में बढ़कर 560.89 करोड़ रुपए कर दिया गया। जिसमें से वर्ष 2025–26 में एससीएसपी घटक के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत 311.01 करोड़ रुपये (दिनांक 31.12.2025 तक) व्यय किए जा चुके हैं।

9.3 TSP घटक के अंतर्गत, विभाग ने वर्ष 2024–25 में विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत बीई चरण में 377.24 करोड़ रुपये निर्धारित किए थे, जिसे आरई चरण में घटाकर 170.97 करोड़ रुपये कर दिया गया। इसके सापेक्ष वर्ष 2024–25 में 151.88 करोड़ रुपये खर्च किए गए। चालू वित्त वर्ष 2025–26 के लिए, विभाग ने बीई चरण में 302.51 करोड़ रुपये निर्धारित किए थे, जिसे आरई चरण में बढ़कर 357.05 करोड़ रुपये कर दिया गया। जिसमें से वर्ष 2025–26 में टीएसपी घटक के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत 160.27 करोड़ रुपये (दिनांक 31.12.2025 तक) खर्च किए जा चुके हैं।

*****

अध्याय-10

efgyk l’kfä dj.k

efgyk l'kfädj.k

अध्याय 10

10-1 efgyk m|ferk fodkl

10-1-1 jk"Vªh; i'kq/ku fe'ku& m|ferk fodkl dk;Øe&

वित्तीय वर्ष 2024–25 में पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने 363 महिला उद्यमिता प्रस्तावों को अनुमोदित किया है। इन प्रस्तावों में ग्रामीण पोल्ट्री प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 15 उद्यमिता प्रस्ताव, भेड़/बकरी प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 313 उद्यमिता प्रस्ताव, सुअर प्रजनन फार्मों की स्थापना के लिए 26 उद्यमिता प्रस्ताव, आहार और चारा इकाइयों की स्थापना के लिए 9 प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों की कुल परियोजना लागत 25438.2 लाख रुपए है, जिसमें 11823.85 लाख रुपए की अनुमोदित सब्सिडी शामिल है।



d- NLM-EDP ;kstuk d vrxr HkM çtuu bdkb dh LFkkiuk& Jherh ,te dk0;k] ryxkuk

ग्राम बेज्जिकल, त्रिपुराराम मंडल, नालगोंडा जिले की निवासी श्रीमती एंजम काव्या, आवेदन आईडी NLM202207040000047 की परियोजना को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP) के अंतर्गत वर्ष 2023–24 में अनुमोदित किया गया था। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के सहयोग से, लाभार्थी महिला ने 1,00,00,000 रुपए की

कुल परियोजना लागत से एक भेड़ प्रजनन इकाई स्थापित की। भारत सरकार द्वारा 50,00,000 रुपए की 50% पूंजीगत सब्सिडी स्वीकृत की गई थी।

परिवार की आमदनी स्थिर लेकिन सीमित थी, औसत वार्षिक आय लगभग 5,00,000 रुपए (लगभग 30,000 रुपए प्रति माह) थी। यद्यपि यह आय मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त थी, तथापि इससे संपत्ति निर्माण या जीवन स्तर में सुधार की संभावनाएं सीमित थीं।

वित्तीय सहायता से लाभार्थी ने गुणवत्तापूर्ण प्रजनन स्टॉक की खरीद, वैज्ञानिक पशुशालाओं के निर्माण, आवश्यक उपकरणों की स्थापना और उन्नत भेड़ पालन एवं प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने में निवेश किया। इकाई की स्थापना के बाद, लाभार्थी ने नियमित रूप से 8,000 रुपए का औसत मूल्य अर्जित करना शुरू कर दिया।

वर्तमान में, लाभार्थी की औसत मासिक आय लगभग 1,50,000 रुपए है, जिससे परिवार के जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। बढ़ी हुई आय से बैंक ऋणों का समय पर भुगतान, बेहतर वित्तीय सुरक्षा और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण संभव हो पाया है।

इस इकाई ने गांव के अन्य लोगों, जिनमें परिवार के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण शामिल हैं, के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। कुल मिलाकर, यह परियोजना महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा लाभार्थियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम की भूमिका को दर्शाती है।

[k- NLM-EDP ;kstuk ds vUrxZr cdjh ikyu bdkbZ dh LFkkiuk&Jherh liuk ,l- dqcj] dukZVd

कर्नाटक राज्य के ग्राम गोलासांगी, निदागुंडी तालुक, विजयपुर जिले की किसान श्रीमती सपना एस. कुंबर वर्ष 2023–2024 में NLM-EDP कार्यक्रम की लाभार्थी थीं, जो अब लघु किसान से सफल उद्यमी बन गईं हैं। शुरुआत में, उनके परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम थी। वे अपनी आजीविका के लिए 80–100 भेड़ें पालती थीं, लेकिन उन्हें ऋण सुविधाओं की अनुपलब्धता और पशुपालन में लाभ की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

NLM-EDP पहलों के माध्यम से, अनुदान प्राप्तकर्ता ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन की EDP के अंतर्गत 95,01,500 रुपए की परियोजना लागत से बकरी प्रजनन इकाई स्थापित की। उन्हें 500+25 बकरियों के साथ बकरी फार्म स्थापित करने के लिए 42.59 लाख रुपए की पूंजीगत सब्सिडी प्राप्त हुई। सब्सिडी दो किस्तों में उपलब्ध कराई गई: 21,29,500 रुपए की पहली किस्त दिनांक 01–02–2024 को और दूसरी किस्त 07–01–2025 को प्रदान की गई। शेष परियोजना लागतों को 76,00,000 रुपए के बैंक ऋण और 19,01,500 रुपए के व्यक्तिगत संसाधनों से पूरा किया गया।

उपलब्ध कराई गई सहायता में मुख्य रूप से पशुशाला (shed), भूमि, जल सुविधाएं और विद्युतीकरण जैसी अवसंरचना का विकास शामिल था; किसान ने 76 लाख रुपए का ऋण लेकर और स्वयं 19.01 लाख रुपए का योगदान देकर 95.01 करोड़ रुपए के फार्म में निवेश

किया। अतिरिक्त सहायता में, पशुधन की खरीद और 500+25 पशुओं का बीमा, चारा उत्पादन लागत और योजना कन्वर्जेंस के माध्यम से 76 लाख रुपए के बैंक ऋण तक पहुंच शामिल थी।

परिणामस्वरूप, उद्यमी ने 500+25 से अधिक पशुओं वाला एक बकरी फार्म स्थापित किया, जिससे 20 लाख रुपए का वार्षिक कारोबार हुआ, 10 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ और परिवार के सदस्यों सहित 5–8 अन्य किसानों को लाभ प्राप्त हुआ। उनके परिवार की वार्षिक आय में काफी वृद्धि हुई और यह 10 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गई।

i'kqikyu volajpuk fodkl fuf/k ¼AHIDF½

पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा 29,110.25 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) को व्यक्तिगत उद्यमियों, निजी कंपनियों, MSME, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और धारा 8 कंपनियों और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा (I) डेयरी प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन अवसंरचना,(II) मांस प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन अवसंरचना, (III) पशु आहार संयंत्र (IV) गोपशु/भैंस/भेंड़/बकरी/सूअर के लिए नस्ल सुधार तकनीक और नस्ल वृद्धि फार्म (V) पशु चिकित्सा टीका और औषधि विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना (VI) पशु अवशिष्ट से संपत्ति प्रबंधन (कृषि अवशिष्ट प्रबंधन), और (VII) प्राथमिक ऊन प्रसंस्करण अवसंरचना हेतु निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है।

इस योजना के तहत, केंद्र सरकार पात्र संस्थाओं को 3% ब्याज सबवेंशन प्रदान करती है जो किसी भी अनुसूचित बैंक/नाबार्ड/NCDC/NDDB से परियोजना लागत के 90% तक सावधि ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्थापित क्रेडिट गारंटी निधि की सुविधा MSME के लिए 25% क्रेडिट गारंटी प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत पात्र सावधि ऋण राशि की कोई सीमा नहीं है।

;kstuk dk mís';k

क. दूध और मांस प्रसंस्करण क्षमता और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ाने में सहायता करना, जिससे असंगठित ग्रामीण दूध और मांस उत्पादकों को संगठित दूध और मांस बाजार तक अधिक पहुंच प्रदान की जा सके।

ख. उत्पादकों को बढ़ी हुई कीमत उपलब्ध कराना

ग. घरेलू उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण दूध और मांस उत्पाद उपलब्ध कराना

घ. देश की बढ़ती आबादी की प्रोटीन युक्त गुणवत्तापूर्ण खाद्य आवश्यकता को पूरा करना तथा दुनिया में सबसे अधिक कुपोषित बच्चों वाले देशों में से एक में कुपोशण को रोकना

ङ. उद्यमशीलता कार्यकलापों को बढ़ावा देना तथा रोजगार सृजन को सुगम बनाना

च. निर्यात को बढ़ावा देना तथा दूध और मांस क्षेत्र में निर्यात योगदान को बढ़ाना

छ. गोपशुओं, भैंसों, भेड़, बकरी, सूअर और मुर्गी को किफायती मूल्य पर संतुलित राशन उपलब्ध कराने के लिए गुणवत्तापूर्ण कंसंट्रेटिड पशु आहार उपलब्ध कराना।

i'kqikyu volajpuk fodkl fuf/k ¼AHIDF½

1- Kku/kkjk bMLVªht çkbosV fyfeVsM] veBh] mRrj çns'k

ifj;kstuk dh eq[; fo'ks"krk,¡

en	fooj.k
क्षेत्र	पशु आहार संयंत्र
रोजगार की संभावना	127
संयंत्र की क्षमता	1,20,000 एमटीपीए
नई परियोजना/विस्तार परियोजना	विस्तार
निवेश उत्प्रेरक (परियोजना लागत)	52.66 करोड़ रुपए
सावधि ऋण	32.00 करोड़ रुपए
जारी किया गया ब्याज सबवेंशन	37.16 लाख
शामिल किसानों की संख्या	1,00,000

ifj;kstuk dk fooj.k%

श्रीमती रितु अग्रवाल और श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल ने एस.पी. लैब नाम से एक साझेदारी कंपनी बनाई। इस फर्म ने पशु आहार विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया। संयंत्र की स्थापित क्षमता 200 टन प्रतिदिन थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 400 टन प्रतिदिन कर दिया गया। कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत वर्ष 2021 में फर्म को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित कर दिया गया। उत्पादित पशु आहार का ब्रांड नाम 'ज्ञानधारा' है और इसका वितरण आसपास के बाजारों और नेपाल में भी होता है।

ज्ञानधारा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की अधिकृत शेयर पूंजी 1 करोड़ रुपए है और 31 मार्च 2023 तक इसकी चुकता शेयर पूंजी (paid-up share capital) 1 करोड़ रुपए है।

दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, कंपनी का निवल मूल्य 1651.12 लाख रुपए है।

çeksVj dh tqckuh

"AHIDF योजना हमारी परियोजना के लिए काफी लाभकारी साबित हुई है। इसने वित्तीय स्थिरता को काफी हद तक बढ़ाया और अतिरिक्त सहायता प्रदान की जिससे प्रोजेक्ट की समग्र सफलता में महत्वपूर्ण योगदान मिला। हम इस प्रभावशाली पहल के लिए आभारी हैं।"

ifj;kstuk LFky

xq.koÙkk fu;a=.k

e/;orhZ **RM** HkaMkj.k

çlaLdj.k {ks=

2- lqjHkh çtuu QkeZ] dk;cVqj] rfeyukMq

ifj;kstuk dh fo'ks"krk,¡

en	fooj.k
क्षेत्र	पशु आहार संयंत्र
रोजगार की संभावना	180
संयंत्र की क्षमता	3,780 एमटीपीए
नई परियोजनाः/विस्तार परियोजना	नई

निवेश उत्प्रेरक (परियोजना लागत)	12.28 करोड़ रुपए
सावधि ऋण	9.20 करोड़ रुपए
जारी किया गया ब्याज सबवेंशन	36.48 लाख रुपए
शामिल किसानों की संख्या	500

ifj;kstuk dk fooj.k%

मैसर्स सुरभि प्रजनन फार्म एक साझेदारी फर्म है। यह परियोजना अपनी पोल्ट्री आहार विनिर्माण इकाई के लिए भंडारण सुविधाओं (थोक भंडारण गोदाम और साइलो) के निर्माण हेतु प्रस्तावित है जिसकी क्षमता 3780 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। यह एक लघु और मध्यम उद्यम (MSME) इकाई है। परियोजना की प्रमुख विशेषता यह है कि अनाज की पूरी हैंडलिंग प्रक्रिया, आधार डिपो में प्राप्ति से लेकर, सफाई और सुखाने, भंडारण और फील्ड डिपो में पहुंचाने तक, थोक रूप में की जाती है, जिससे नुकसान कम होता है और पशु आहार की गुणवत्ता में सुधार होता है। पूर्णतः स्वचालित संचालन से त्वरित सेवा, सभी चरणों में पारदर्शिता और सटीक लेनदेन तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होता है।

दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, कंपनी का निवल मूल्य 1748.25 लाख रुपए है।

çeksVj dh tqckuh

"हमारी परियोजना की सफलता में AHIDF योजना की अहम भूमिका रही है। इसने वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार किया और महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिससे परियोजना को सफल बनाने में सहायता मिली। हम इस परिवर्तनकारी पहल की सराहना करते हैं। साथ ही, सुरभि प्रजनन फार्म हमेशा लैंगिक समानता को प्राथमिकता देता है, इसलिए महिला रोजगार हमारा प्रमुख लक्ष्य होगा।"

çlLdj.k {ks=

ifj;kstuk LFky

10-2 jk”Vh; xkdqy fe’ku d vrxr efgyk l’kfä dj.k

पशुपालन क्षेत्र 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को आजीविका प्रदान करता है। 90% से अधिक पशुपालक छोटे, सीमांत और भूमिहीन हैं। पशुपालन से संबंधित अधिकांश कार्य महिलाओं द्वारा किए जाते हैं, जिससे यह क्षेत्र महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत स्तंभ बन गया है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन दिसंबर 2014 में देशी गोपशु नस्लों के वैज्ञानिक और समग्र विकास और संरक्षण के लिए शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य उन्नत प्रजनन तकनीकों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाना है। महिला सशक्तिकरण इस योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि यह पशुधन क्षेत्र में महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता हैं।

1- jk”V0;kih —f=e xHkk/kku dk;Øe ¼NAIP½ इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के द्वार पर ही निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान (AI) सेवाएं प्रदान की जाती हैं। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत कार्यान्वित इस कार्यक्रम से देशभर में बड़ी संख्या में पशुपालकों को लाभ हुआ है, जिनमें महिला किसानों का भी एक बड़ा हिस्सा शामिल है। गुणवत्तापूर्ण प्रजनन सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने और पशुधन उत्पादकता एवं आय सृजन में योगदान देने से इस कार्यक्रम को लाभ मिला है।

jk"Vª;h —f=e xHkkZ/kku dk;Øe ds varxZr ykHkkfUor efgyk fdlkuA

2- xzkeh.k Hkkjr esa cgqmís'kh; —f=e xHkkZ/kku rduhf'k;uksa ¼MAITRIs½ ds :i esa lkeqnkf;d lalk/ku O;fä;ksa dh fu;qfä% राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत MAITRI को किसानों के घर जाकर गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित और सुसज्जित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए 31,000 रुपए और उपकरणों के लिए 50,000 रुपए की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। आज तक, महिला MAITRI सहित 39,810 MAITRI को प्रशिक्षित और नियुक्त किया जा चुका है। ये MAITRI वस्तुओं और सेवाओं की लागत एकत्र करके स्व–धारणीय आधार पर किसानों के घर जाकर कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन भी इन महिला MAITRI को उपलब्ध कराए जाते हैं।

ef.kiqj esa RGM ds varxZr çf'kf{kr MAITRI

efgyk MAITRI dk çf'k{k.k vkSj AI fdV dk forj.k

3- uLy o`f) QkeZ% यह घटक नस्ल वृद्धि फार्मों की स्थापना करने के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है जिसका डेयरी क्षेत्र में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस घटक के तहत इच्छुक उद्यमियों को गोपशु शेडों के निर्माण, मशीनों और सर्वश्रेष्ठ पशुओं आदि की खरीद के लिए 2 करोड़ रुपए तक की 50% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना के तहत संस्वीकृत 134 नस्ल वृद्धि फार्मों (BMF) में से, 34 BMF की स्थापना महिला उद्यमियों द्वारा की जा रही है।

BMF dh LFkkiuk dj vUrxZr tEeq ls efgyk ykHkkFkhZ

4- xkiky jRu iqjLdkj%

राष्ट्रीय गोकुल मिशन, डेयरी क्षेत्र में निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, अग्रणी भूमिकाओं को बढ़ावा देता है और विभिन्न समितियों तथा सहकारी समितियों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। गोपाल रत्न पुरस्कार पशुधन और डेयरी के क्षेत्र में सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार है। दिनांक 26 नवंबर 2025 को देशी गोपशु/भैंस पालन करने वाली सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान श्रेणी में दो महिला किसानों (कुमारी श्रद्धा सत्यवान, महाराष्ट्र और श्रीमती विजय लता, हिमाचल प्रदेश) को गोपाल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन श्रेणी में एक महिला AIT (श्रीमती अनुराधा चकली, आंध्र प्रदेश) को भी गोपाल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

xksiky jRu iqjLdkj fotsrk

xksiky jRu iqjLdkj fotsrk

****

अध्याय-11

vrjk”Vh; lg;kx

vrjk’Vh; lg;kx

अध्याय 11

11-1 vrjk"Vh; lnL;rk

पशुपालन और डेयरी विभाग पशु स्वास्थ्य एवं डेयरी से संबंधित निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का नियमित सदस्य है (वार्षिक सदस्यता अंशदान का भुगतान करता है)।

- (विश्व) पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH), (पूर्व में ऑफिस इंटरनेशनल डेस एपिजूटीज (OIE), पेरिस, फ्रांस।
- अंतर्राष्ट्रीय डेयरी परिसंघ (IDF), बेल्जियम।
- एशिया और प्रशांत क्षेत्र हेतु पशु उत्पादन और स्वास्थ्य आयोग (APHCA), बैंकॉक, थाईलैंड, एफएओ के तहत एक संगठन।

11-2 vf/kdkfj;k }kjk fon’k e dh xbZ çfrfu;fä@çf’k{k.k e lgHkkfxrk

जनवरी, 2025 से दिसंबर 2025 के दौरान, पशुपालन और डेयरी विभाग(DAHD)/अधीनस्थ कार्यालयों के 63 अधिकारियों को कुल 38 बैठकों/सम्मेलनों/प्रशिक्षणों/कार्यशालाओं आदि में भाग लेने के लिए विदेश में प्रतिनियुक्त किया गया। जनवरी 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के दौरान EU, UK, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, रूस, चिली, बेलारूस आदि देशों के विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ माननीय FAHD मंत्री और DAHD के वरिष्ठ अधिकारियों की कुल 24 बैठकें (वर्चुअल/वास्तविक दोनों) आयोजित की गईं।

11-3 DAHD }kjk vk;kftr vrjk"Vh; lEeyu@dk;Øe

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB), जो कि इस विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त निकाय है, ने दिनांक 29 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक स्टैंडर्डाइजेशन (ISO) एनालिटिकल सप्ताह, 2025 पर एनडीडीबी, आनंद में अंतर्राष्ट्रीय पशु रिकॉर्डिंग समिति (ICAR) और अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ (IDF)/अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) के वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की।

अध्याय-12

tho& tarq dY;k.k

tho&tUrq dY;k.k

अध्याय 12

जीव–जन्तु कल्याण विषय को कार्य आबंटन नियमों में संशोधन के पश्चात अधिसूचना सं. का.आ.1531 (अ) दिनांक 4 अप्रैल, 2019 के अनुसरण में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में हस्तांतरित कर दिया गया है। तदनुसार, भारतीय जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड (AWBI) और पशुओं पर परीक्षण के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के प्रयोजनार्थ समिति (CCSEA) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं। इन संगठनों के क्रियाकलाप इस प्रकार हैं–

12-1 Hkkjrh; tho&tUrq dY;k.k cksMZ

भारतीय जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड (AWBI) की स्थापना 1962 में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का 59) की धारा–4 के अनुसरण में की गयी थी। सुप्रसिद्ध मानवतावादी श्रीमती रुक्मिणी देवी अरुंडेल बोर्ड की संस्थापक सदस्य थीं।

बोर्ड में 28 सदस्य हैं, जिसमें 6 संसद सदस्य (लोकसभा से 4 और राज्य सभा से 2 –वर्तमान बोर्ड में अभी नामांकित किया जाना है) और अन्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से होते हैं, इन सभी को भारत सरकार द्वारा नामित किया जाता है। तीन साल में एक बार बोर्ड का पुनर्गठन किया जाता है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्तमान बोर्ड को दिनांक 15.05.2023 से प्रभावी तीन वर्षों के लिए पुनर्गठित किया गया था जिसमें वर्तमान में 21 सदस्य हैं। डॉ. मुथुकुमारसामी बी., भा.प्र.से., संयुक्त सचिव, DAHD को बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है।

भारतीय जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड के कार्य पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 9 के तहत परिभाषित किया गया है। संक्षेप में, AWBI का अधिदेश भारत में पशुओं के प्रति क्रूरता के निवारण के कानूनों का निरंतर अध्ययन करना और अधिनियम के तहत नियम बनाने, पशुओं के अनावश्यक दर्द अथवा पीड़ा को रोकने के लिए आवश्यक संशोधन हेतु केन्द्र सरकार को सलाह देना है।

12-2 o"kZ 2025 ds nkSjku fd;s x;s dk;Zdyki

¼i½ xkS'kkyk lfgr i'kq dY;k.k laxBuksa dks ekU;rk½

बोर्ड उन जीव–जंतु कल्याण संगठनों (AWO) को मान्यता प्रदान करता है जो बोर्ड के पास मान्यता के लिए आवेदन करते हैं। बोर्ड ने दिनांक 31.12.2024 तक 3807 जीव–जंतु कल्याण संगठनों (AWO) को मान्यता प्रदान की है। बोर्ड ने दिनांक 01.04.2024 से 31.12.2024 तक 41 गौशालाओं/जीव–जन्तु कल्याण संगठनों (AWO) को मान्यता प्रदान की है। इस प्रकार, बोर्ड द्वारा दिनांक 31.12.2025 तक कुल 3608 एडब्लूओ को मान्यता प्रदान की गई है।

¼ii½ ABC ifj;kstuk ekU;rk½

पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के नियम 3 के अनुसार, बोर्ड ने स्थानीय निकायों और जीव–जंतु कल्याण संगठनों को ABC परियोजना मान्यता प्रदान की है। अब तक, बोर्ड ने देश भर में पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम संचालित करने के लिए 76 एबीसी परियोजना मान्यताएं जारी की हैं।

¼iii½ djrc fn[kkus okys i'kqvksa dk iathdj.k

करतब दिखाने वाले पशु (पंजीकरण) नियम, 2001 के नियम 3 के अंतर्गत, बोर्ड पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए निर्धारित प्राधिकारी है। वर्ष 2025 के दौरान उक्त नियमों के अंतर्गत आठ पशुपालकों को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किए गए।

इसके अतिरिक्त, फिल्मों / विज्ञापनों / टीवी धारावाहिकों / वेब सीरीज आदि से संबंधित 1,069 मामलों संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जांच की गई और फिल्मों/विज्ञापनों/टीवी धारावाहिकों/वेब सीरीज आदि में पशुओं के उपयोग के लिए फिल्माने से पहले (PRE-SHOOT) अनुमति जारी करने के लिए 524 मामलों पर कार्रवाई की गई।

¼iv½ ldZl dk iathdj.k

बोर्ड ने करतब दिखाने वाले पशु (पंजीकरण) नियम, 2001 के तहत दिनांक 31.12.2025 तक 06 सर्कसों का पंजीकरण किया है जो प्रदर्शन के उद्देश्य के लिए करतब दिखाने वाले पशुओं का उपयोग कर रहे हैं।

¼v½ VQZ Dycksa esa mi;ksx gksus okys ?kksM+ksa dk iathdj.k

बोर्ड, रेस हॉर्स क्लबों में उपयोग होने वाले घोड़ों का भी पंजीकरण करता है। बोर्ड ने करतब दिखाने वाले पशु (पंजीकरण) नियम, 2001 के तहत दिनांक 31.12.2025 तक विभिन्न रेस हॉर्स क्लबों की दौड़ के लिए 6326 घोडों का पंजीकरण किया है।

¼vi½ d:.kkeuh i'kq ns[kHkkydrkZ ¼CACT½ dks çkf/kdkj i= tkjh djuk

देश के अधिकांश दयालु नागरिक अपने संबंधित स्थानीय क्षेत्रों में आवारा पशुओं को खिलाकर जीव–जन्तुओं के कल्याण में सहायता करते हैं। बोर्ड इन नागरिकों को आवारा पशुओं को खिलाने के लिए प्राधिकार पत्र जारी करता है। बोर्ड ने लगभग 9483 आवेदकों को CACT प्राधिकार पत्र जारी किये थे। वर्ष 2025 (दिनांक 31.12.2025 तक), के दौरान, बोर्ड ने 277 CACT प्राधिकार पत्र जारी किये हैं।

¼vii½ ekun tho tUrq dY;k.k çfrfuf/k dk ukekadu ¼iwoZorhZ vf/kdkjh½

बोर्ड पशुओं के प्रति क्रूरता के निवारण से संबंधित मामलों पर अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रशासन/कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ समन्वय करके सभी जीव–जंतु कल्याण मामलों को देखने के लिए मानद जीव जन्तु कल्याण प्रतिनिधियों (नामांकित प्रतिनिधियों को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के बाद) को भी नामित करता है। बोर्ड ने NALSAR विधि विश्वविद्यालय के माध्यम से 01 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें 25 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया था और 21 व्यक्तियों को मानद जीव जन्तु कल्याण प्रतिनिधि (HAWR) के रूप में नामित किया गया था।

¼viii½ Øwjrk lac/kh ekeyksa vkSj f'kdk;rksa ij dh xbZ dkjZokbZ

देश के विभिन्न हिस्सों से जीव–जंतुओं के प्रति क्रूरता से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें जांच और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के अधिकारियों, अर्थात् जिला कलेक्टरों/मजिस्ट्रेटों और जिला पुलिस अधीक्षकों को अग्रेषित किया गया। दिनांक 01.01.2025 से 31.12.2025) की अवधि के दौरान, बोर्ड ने 1,327 क्रूरता संबंधी शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया।

¼ix½ vnkyrh ekeys

दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक की अवधि के दौरान, बोर्ड के पास देश की विभिन्न अदालतों में पशुओं के कल्याण से संबंधित 296 मामले सक्रिय हैं।

¼x½ jkT; ljdkj ds lkFk cSBd

मंत्रालय पशुपालन और डेयरी विभाग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकारों के साथ नियमित रूप से क्षेत्रीय समीक्षा बैठक आयोजित कर रहा है, जिसमें जीव–जंतु कल्याण से संबंधित मामलों पर भी सभी राज्य सरकारों के साथ पीसीए अधिनियम और इसके तहत बनाए गए नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए चर्चा की गई है, जिसमें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकांश अधिकारियों ने भाग लिया है।

¼xi½ ekuoh; f'k{kk

i) दिनांक 27 फरवरी, 2025 को केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और श्री जॉर्ज कुरियन, पशुपालन विभाग (AHD) की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय, पशुपालन आयुक्त और एडब्ल्यूबीआई के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत मित्रा, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों, जीव–जंतु कल्याण संगठनों/गौशालाओं के प्रतिनिधियों और पशु प्रेमियों की उपस्थिति में 8 श्रेणियों के अंतर्गत 9 व्यक्तियों और जीव–जंतु कल्याण संगठनों को प्राणी मित्र और जीव दया पुरस्कार प्रदान किए गए।

ii) AWBI ने भारत में जीव–जंतु कल्याण के नियमों और दिशा–निर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए चार महत्वपूर्ण पुस्तकें जारी कीं। ये पुस्तकें पशु चिकित्सकों, नीति निर्माताओं और जमीनी अधिकारियों के लिए पशु कल्याण के लिए समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में सहायक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेंगी। इनमें पशु कल्याण कानूनों पर पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए पुस्तिका; पशु कल्याण कानूनों पर कानून प्रवर्तन पुस्तिका शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकायों के लिए पशु कानून पुस्तिका और आवारा कुत्तों की आबादी के प्रबंधन, रेबीज उन्मूलन और मानव–कुत्ते के संघर्ष को कम करने के लिए संशोधित पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) मॉड्यूल।

iii) दिनांक 23.08.2025 से 25.08.2025 तक NALSAR विश्वविद्यालय, हैदराबाद के समन्वय से तीन दिवसीय मानद जीव–जंतु कल्याण प्रतिनिधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

iv) युवा मामलों और खेल मंत्रालय के खेल विभाग द्वारा मनाए गए राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर AWBI ने दिनांक 29.08.2025 को स्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिकरी, बल्लभगढ़ में देशी खेलों का आयोजन किया।

v) दिनांक 30.08.2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, सिकरी, बल्लभगढ़, हरियाणा में योग जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

vi) स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के लिए AWBI द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद (DPSG), सिकरी, बल्लभगढ़, हरियाणा; स्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिकरी, बल्लभगढ़, हरियाणा जैसे विद्यालयों के समन्वय से विशेष अभियान 5.0 का आयोजन किया गया। एसएनडी पब्लिक स्कूल, पलवल, हरियाणा में क्रमशः दिनांक 03.10.2025, 27.10.2025 और 23.10.2025 को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छ हरित उत्सव – पर्यावरण के अनुकूल और शून्य अपशिष्ट उत्सव' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी छात्रों, शिक्षकों और गैर–शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

vii) पशु चिकित्सा स्नातकों और पैरा–पशु चिकित्सकों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दुवासु, मथुरा, उत्तर प्रदेश में 10 नवंबर, 2025 से 16 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया गया।

¼xii½ ,MCY;wchvkbZ dk v,uykbu iksVZy

बोर्ड ने AWO/गौशाला की मान्यता के लिए, विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता की मंजूरी के लिए, मानद जीव–जंतु कल्याण प्रतिनिधि को नामित करने के लिए, कॉलोनी जीव–जंतु देखभालकर्ता (CACT) को नामित करने, करतब दिखने वाले पशुओं के पंजीकरण के लिए, प्री–शूट अनुमति जारी करने, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, सर्कस और रेस हॉर्स क्लब में प्रदर्शन करने वाले घोड़ों के पंजीकरण के लिए और क्रूरता/शिकायतों आदि के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए आवेदन के ऑनलाइन प्रसंस्करण के लिए अपना ऑनलाइन पोर्टल (www.awbi.gov.in) तैयार किया है। इससे अनुमति प्रदान करने में लगने वाले समय में कमी आई है और इससे बोर्ड के कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत बातचीत से भी बचा गया है।

¼xiii½ cksMZ dh cSBd rFkk bldh fofHkUu lfefr;ksa dk iquxZBu

बोर्ड के और अधिक प्रभावी कार्यकरण के लिए बोर्ड समय–समय पर अपनी विभिन्न समितियों का पुनर्गठन

कर रहा है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक बोर्ड तथा इसकी विभिन्न समितियों की बैठकें आयोजित की गई हैं:

- बोर्ड की एक वार्षिक आम बैठक दिनांक 19.12.2025 को आयोजित की गई।
- बोर्ड की दो आम बैठकें दिनांक 09.01.2025 और दिनांक 13.08.2025 को आयोजित की गईं।
- कार्यकारी समिति की एक बैठक दिनांक 25.11.2025 को आयोजित की गई।
- मान्यता समिति की पाँच बैठकें दिनांक 09.01.2025, 14.05.2025, 18.07.2025, 03.09.2025 और 19.12.2025 को आयोजित की गईं।
- करतब दिखाने वाले पशुओं संबंधी समिति की 51 बैठकें दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक आयोजित की गईं।
- एबीसी परियोजना मान्यता समिति की छह बैठकें दिनांक 19.02.2025, 29.04.2025, 03.07.2025, 20.08.2025, 15.10.2025 और दिनांक 27.11.2025 को आयोजित की गईं।
- मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि समिति की दो बैठकें दिनांक 14.05.2025 और 03.09.2025 को आयोजित की गईं।
- पुरस्कार और आयोजन समिति की एक बैठक दिनांक 03.09.2025 को आयोजित की गई।
- वधगृह निरीक्षण समिति की एक बैठक दिनांक 15.05.2025 को आयोजित की गई।

¼xiv½ AWBI dh vkRefuHkZjrk dh fn'kk esa dne

AWBI को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए गए हैं। इस संबंध में, बोर्ड ने विभिन्न सेवाओं के लिए अपने प्रसंस्करण शुल्क में संशोधन किया है। बोर्ड द्वारा दिनांक 1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक एकत्रित की गई प्रसंस्करण शुल्क की राशि 2,87,56,000/–रुपये है।

12-3 miyfC/k;k ¼okLrfod@foÙkh;½

भारतीय जीव–जंतु कल्याण बोर्ड ने पशुओं के कल्याण को बढ़ावा देने और उनके प्रति क्रूरता की रोकथाम में 64 वर्ष की समर्पित सेवा पूरी कर ली है। बोर्ड के कार्यकलाप जम्मू–कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और यहां तक कि देश के दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में जारी रहे। वर्ष के दौरान बोर्ड की उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

i. बोर्ड ने दिनांक 31.12.2025 तक, 3608 जीव–जंतु कल्याण संगठनों (AWO) को मान्यता प्रदान की है। वर्ष 2025 के दौरान, बोर्ड ने 41 एडब्लूओ को मान्यता प्रदान की है।

ii. वर्ष 2025 के दौरान, अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 1069 फिल्मों/विज्ञापनों पर विचार किया गया और अपनी फिल्मों/विज्ञापनों में पशुओं का उपयोग करने के लिए प्री–शूट अनुमति प्राप्त करने के लिए 524 फिल्मों/विज्ञापनों पर विचार किया गया।

iii. वर्ष 2025 के दौरान, बोर्ड ने CACT के रूप में 277 आवेदकों को प्राधिकार पत्र जारी किए।

iv. वर्ष 2025 के दौरान, बोर्ड ने 21 मानद जीव–जंतु कल्याण प्रतिनिधियों को नामित किया जिन्होंने बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और अर्हक अंक प्राप्त किए।

v. वर्ष 2025 के दौरान, बोर्ड ने देश के विभिन्न भागों से प्राप्त 1327 क्रूरता संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई की/आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया।

vi. बोर्ड द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक एकत्रित किए गए प्रसंस्करण शुल्क की राशि 2,87,56,000/– रु. है।

12-4 ckM u i’kvk dk gkuu okyu vuko’;d nnl vkj ihMk dk jkdu d fy, fjikVl vof/k gr| jkT;k@l?k jkT; {k=k dk fuEufyf[kr ijke’kkl tkjh dh gl

i) वसंत पंचमी के अवसर पर दिनांक 14.01.2025 को जीव–जन्तु कल्याण पखवाड़ा और जीव–जन्तु कल्याण दिवस का आयोजन।

ii) दिनांक 10.02.2025 को 'पशुपालन और पशु कल्याण जागरूकता माह' के रूप में मनाना।

iii) अवैध वध और परिवहन को रोकने के लिए दिनांक 03.06.2025 और दिनांक 12.08.2025 को जारी परामर्शी।

iv) सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के डीजीपी को पत्र लिखकर पुलिस/ट्रैफिक अधिकारियों के लिए 'पशु कल्याण कानूनों' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध (दिनांक)

v) एबीसी नियम 2023 के नियम 9(3) के अनुसार समितियों के गठन का अनुरोध दिनांक 17.07.2025

vi) एबीसी नियम 2023 का कार्यान्वयन – स्थानीय निकायों, आरडब्ल्यूए और एओए के लिए दिशानिर्देश दिनांक 17.07.2025

vii) सभी चिकित्सा संस्थानों को पालतू कुत्तों और आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं को अलग–अलग रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी करने का अनुरोध दिनांक 04.08.2025

viii) देश के विभिन्न भागों में ग्रेहाउंड दौड़ के अवैध संचालन को रोकने और प्रतिबंधित करने के लिए परामर्श – दिनांक 04.08.2025

ix) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (वधगृह) नियम, 2001 (2010 में यथासंशोधित) का कड़ाई से अनुपालन और वध से पहले पशुओं को बेहोश करना अनिवार्य करने का अनुरोध – दिनांक 04.08.2025

x) पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के नियम 3 के तहत परियोजना मान्यता का अनिवार्य प्रमाण पत्र – दिनांक 04.08.2025

xi) घायल और रोगी पशुओं के लिए 24X7 हेल्पलाइन की स्थापना और आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवाओं के प्रावधान के लिए दिनांक 04.08.2025 की परामर्शी

xii) दिनांक 11.08.2025 के संशोधित ABC मॉड्यूल को मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के रूप में अपनाना

xiii) 28 सितंबर, 2025 को विश्व रेबीज दिवस के रूप में मनाना

xiv) 4 अक्टूबर, 2025 को विश्व पशु दिवस के रूप में मनाना

xv) दिनांक 27.11.2025 की स्वतः संज्ञान रिट याचिका (सिविल) संख्या 5/2025 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 07.11.2025 के निर्देशों के अनुपालन में मानक संचालन प्रक्रिया (SOP)।

12-5 i’kvk ij ijh{k.k d fu;=.k ,o i;Zo{k.k d ç;kstukFk lfefr ¼CPCSEA½

पशुओं पर परीक्षण के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के प्रयोजनार्थ समिति (CPCSEA), पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 15 के अंतर्गत गठित एक वैधानिक समिति है। CPCSEA में 20 सदस्य हैं और पशुपालन आयुक्त (AHC) CPCSEA के अध्यक्ष और संयुक्त आयुक्त (जीव–जंतु कल्याण) CPCSEA के सदस्य सचिव हैं।

CPCSEA ऐसे सभी उपाय करने के लिए बाध्य है

जो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो सकते हैं कि पशुओं पर प्रयोगों के प्रदर्शन से पहले, दौरान अथवा बाद में उन्हें अनावश्यक दर्द अथवा पीड़ा के अधीन नहीं किया जायेगा। इस उद्देश्य के लिए, समिति ने पशुओं पर प्रयोगों को विनियमित करने के लिए "पशुओं के अभिजनन और उन पर प्रयोग (नियंत्रण और पर्यवेक्षण) नियम, 1998" (2001 और 2006 में संशोधित) तैयार किए हैं। उपरोक्त नियमों के उपबंधों के अंतर्गत, जैव चिकित्सा अनुसंधान में लगी स्थापनाओं को स्वयं CPCSEA के पास पंजीकृत होना आवश्यक है, संस्थागत पशु आचार (एथिक्स) समिति (IAEC) का गठन करना है, अपने पशु सदन सुविधाओं का निरीक्षण करना है और साथ ही पशुओं पर अनुसंधान करने से पहले सीसीएसईए द्वारा मंजूरी दिये गये अनुसंधान के लिए विशिष्ट परियोजनाएं प्राप्त करना है। इसके अलावा, इस प्रकार के प्रयोगों के लिए पशुओं के प्रजनन और व्यापार को भी इन नियमों के अंतर्गत विनियमित किया जाता है। दिनांक 31.12.2024 तक, CPCSEA के पास 1697 प्रतिष्ठान पंजीकृत हैं।

12-5-1 dk;Z

क. पशुओं के प्रजनन में शामिल और पशुओं पर प्रयोग करने वाली स्थापनाओं का पंजीकरण और पंजीकृत स्थापनाओं का नवीनीकरण।

ख. संस्थागत पशु आचार समिति का गठन, पुनर्गठन और संशोधन।

ग. छोटे और बड़े पशुओं के लिए पशु गृह सुविधाओं का अनुमोदन।

घ. पशुओं पर प्रयोग के लिए अनुसंधान प्रोटोकॉल की जांच या बड़े पशुओं पर अनुसंधान प्रोटोकॉल की पूर्व–जांच और उनका अनुमोदन।

ङ. उन स्थापनाओं, संस्थानों और केन्द्रों की पशु गृह सुविधाओं की जांच करना जहां प्रयोगात्मक पशुओं को अनुसंधान, बायोफर्मास्यूटिकल्स के उत्पादन और प्रजनन उद्देश्य के लिए रखा जाता है।

च. प्रयोगशाला पशु कल्याण और नैतिकता के बारे में जागरूकता के लिए सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, नामांकित प्रशिक्षण आदि आयोजित करना तथा प्रयोगों और शिक्षण या प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए पशुओं के उपयोग के संबंध में प्रतिस्थापन, कमी और परिशोधन के सिद्धांतों को बढ़ावा देना और समिति के अधिदेश के अनुसार उपलब्ध गैर–पशु विधियों और गैर–पशु व्युत्पन्न जैविक उत्पादों को मान्यता देना।

छ. अनुसंधान संस्थानों, दवा कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रयोग के लिए रखे गए पशुओं के कल्याण के बारे में सरकार को सलाह देना।

ज. पशुओं के कल्याण के लिए पीसीए अधिनियम, 1960 के तहत समिति द्वारा बनाए गए नियमों और दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।

झ. समिति के नामांकित व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्टों का विश्लेषण करना और प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत संस्थागत पशु आचार समिति की बैठक के कार्यवृत्त की जांच करना।

ञ. प्रयोगशाला पशुओं को रखने वाले अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों को जोड़ने और उन्हें समिति के दायरे में लाने का प्रयास करना।

ट. पीसीए अधिनियम, 1960 के अनुसार सौंपे गए समिति के अधिदेशानुसार प्रयोगशाला पशु कल्याण से संबंधित कोई अन्य कार्य।

ठ. समिति के दिशा–निर्देशों का संशोधन, उनका प्रचार–प्रसार, कार्यान्वयन और निगरानी।

ड. पशु गृह सुविधाओं का उद्देश्यानुसार श्रेणीकरण, जैसे कि:–

(i) मेडिकल कॉलेज की स्थापना,

(i) फार्मेसी कॉलेज की स्थापना,

(iii) पशु चिकित्सा कॉलेज की स्थापना,

(iv) अनुसंधान संस्थान की स्थापना,

(v) फार्मा उद्योग की स्थापना,

(vi) वैक्सीन उद्योग की स्थापना,

(vii) जीव–विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना, और इसी प्रकार।

ढ. प्रयोगों, शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध गैर–पशु विधियों संबंधी डेटाबेस का रखरखाव।

12-5-2 miyfC/k;k ¼fnukad 01-04-2025 ls 31-12-2025 rd½

IAEC का पंजीकरण और गठन	39
IAEC का नवीनीकरण और पुनर्गठन	109
IAEC का संशोधन	267
पंजीकरण में संशोधन	40
CPCSEA की बैठकें	7
बड़े पशुओं के लिए अनुमोदित अनुसंधान प्रोटोकॉल	429
सीसीएसईए के नामितों के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	1
प्रशिक्षित किए गए CPCSEA के नामांकित व्यक्ति	76
''पशुओं पर प्रयोगों के दौरान अपनाई जाने वाली प्रयोगशाला पशु देखभाल/नैतिकता'' पर कार्यशालाएं/सम्मेलन/सेमिनार आयोजित करने के लिए CPCSEA के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को वित्तीय सहायता	4
बड़े पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति की जांच करने और समिति द्वारा अनुमोदित अनुसंधान प्रोटोकॉल की स्थिति की जांच के लिए प्रतिष्ठानों का मध्यावधि निरीक्षण	3

12-6 y[kkijh{kk iSjk

भारतीय जीव–जंतु कल्याण बोर्ड को वर्ष 2024 की रिपोर्ट 3, अध्याय 5, पैरा 5.1 के अनुसार नियंत्रक और महालेखा परीक्षक से निम्नलिखित लेखापरीक्षा पैरा प्राप्त हुए हैं

- बजट अनुमान तैयार न करना और योजना कार्यान्वयन का कम कवरेज
- जीव–जंतु कल्याण संगठनों द्वारा गलत उपयोगिता प्रमाण पत्र/प्रस्तुत करना/या ना प्रस्तुत करना
- जुर्माना/दंड का संग्रह न करना
- पशु क्रूरता मामलों के संबंध में शिकायतों के पंजीकरण और निपटान के लिए अप्रभावी तंत्र
- भर्ती नियमों और विनियमों का अभाव
- पशु जन्म नियंत्रण नियमों (एबीसी नियम, 2001) का पालन न करना

उपर्युक्त लेखापरीक्षा पैरा का उत्तर vuqcU/k **XIII** में दिया गया है।

***

अध्याय-13

_.k] foLrkj vkSj çpkj

_.k] foLrkj vkj çpkj

अध्याय 13

13-1 fl gkoykdu

ऋण, विस्तार और प्रचार (CE&P) प्रभाग विभाग के सभी विस्तार और प्रचार प्रसार कार्यों की देखरेख करता है। किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के अंतर्गत पशुपालन करने वाले किसानों को दी जाने वाली ऋण सहायता की निगरानी भी CE&P प्रभाग द्वारा की जाती है।

विस्तार प्रभाग किसानों को वित्तीय और तकनीकी सहायता, वैज्ञानिक अनुसंधान और पशुधन तथा पशुपालन में नई पद्धतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायता करता है। यह विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं और कार्यकलापों के माध्यम से प्रभावी विस्तार सेवाओं की स्थापना और संचालन में राज्य सरकारों का सहयोग भी करता है।

यह प्रभाग विभिन्न संचार प्लेटफार्मों का उपयोग करके विभाग के कार्यों का प्रचार करता है। यह PIB, प्रसार भारती, आकाशवाणी और केंद्रीय संचार ब्यूरो जैसे संगठनों के साथ मिलकर मीडिया अभियान तैयार और उनका संचालन करता है। यह व्यापक जनसमूह तक पहुंचने के लिए DAHD के प्लेटफार्मों के माध्यम से सोशल मीडिया का भी सक्रिय रूप से उपयोग करता है।

13-2 foLrkj vkj çpkj çlkj dk;ldyki

13-2-1 Hkkjr eMie] ubl fnYyh e 3 l 5 vçy] 2025 rd vk;kftr LVkVvi egkdHk 2025 e i’k/ku vkj M;jh {k= e uokpkjk ij vk;ktuA

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने दिनांक 3 से 5 अप्रैल, 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। सिल्वर सपोर्टिंग पार्टनर के रूप में, DAHD ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र में नवाचारों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए एक संवादात्मक पवेलियन स्थापित किया। DAHD ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र में कार्यरत 15 स्टार्टअप्स को स्टार्टअप पॉड्स उपलब्ध कराए, जहां उन्हें अपने उत्पादों/सेवाओं को प्रदर्शित करने और प्रमुख हितधारकों के साथ नेटवर्क बनाने का अवसर मिला, साथ ही भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में अपने प्रभाव को बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने का भी मौका मिला। इन स्टार्टअप्स ने कई नवाचार उत्पाद और तकनीके प्रदर्शित कीं, उदाहरण के लिए, डेयरी प्रसंस्करण में तापमान अनुपालन सुनिश्चित करना, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए AI निगरानी, मदचक्र का पता लगाने के लिए सेंसर–आधारित स्मार्ट कॉलर, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दूध में मिलावट का पता लगाने वाली किट, डेयरी आपूर्ति श्रृंखला के लिए एंड–टू–एंड SaaS प्लेटफॉर्म, कृत्रिम गर्भाधान (AI) गन, उत्पाद की ट्रेसबिलिटी में सुधार के लिए ब्लॉकचेन के माध्यम से डेयरी आपूर्ति श्रृंखला में डेटा एकीकरण आदि। DAHD की अपर सचिव सुश्री वर्षा जोशी ने पवेलियन का दौरा किया और कई स्टार्टअप्स से बातचीत की, और पशुधन प्रबंधन और डेयरी तकनीकों में उनके योगदान और नवाचारों की सराहना की।

इस पवेलियन में राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन और पशुपालन अवसंरचना विकास निधि जैसे प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने शिक्षाविदों, उद्योग जगत के हितधारकों और आम जनता की ओर से काफी रुचि दिखाई गई।

13-2-2 i;koj.k] ou vkj tyok;q ifjorZu ea=ky; ¼MoEFCC½ }kjk vk;kftr] *oSf'od Lrj ij IykfLVd çnw"k.k dk var* 'kh"kd vfHk;ku d vraxr fo'o i;koj.k fnol 2025A

पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालयों के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अभियान के तहत 'वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' विषय पर विभिन्न कार्यकलापों आयोजित किए गए।

DAHD u fuEufyf[kr dk;Zdyki dh%

क. शपथ समारोहः प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु सभी अधीनस्थ कार्यालयों में शपथ समारोह आयोजित किए गए।

ख. स्वच्छता अभियानः कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु विभाग और उसके अधीनस्थ कार्यालयों के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाए गए।

ग. पशु आहार और डेयरी उत्पादों के लिए पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया और इसी विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

घ. किसानों और डेयरीपालकों को प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में सूचित करने हेतु कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान चलाए गए।

ङ. सोशल मीडिया अभियानः अभियान से पूर्व की अवधि में 'वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' विषय पर केंद्रित सोशल मीडिया अभियान शुरू किया गया।

कुल मिलाकर, 17 अधीनस्थ कार्यालयों ने विभिन्न कार्यकलापों में भाग लिया। दिनांक 5 जून, 2025 को बुधवार वर्ष 2025 कृषि भवन में शपथ समारोह आयोजित किया गया। पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय ने कार्मिकों के साथ 'स्वच्छ भारत हरित भारत' की शपथ ली। DAHD के कार्मिकों ने पशुपालन क्षेत्र में 'वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का उन्मूलन' विषय पर भी चर्चा की।

13-2-3 **DAHD** us ^,d i`Foh] ,d LokLF;* dk c<+kok fn;k% ;ksx fnol 2025 ij ikjaifjd i'kq fpfdRlk çn'kZfu;ksa vkSj O;kid o`{kkjksi.k ds lkFk ijaijk vkSj fLFkjrk dk laxe

पशुपालन और डेयरी विभाग ने गुजरात सरकार के सहयोग से गुजरात के चार स्थानों – द्वारका, सोमनाथ, हाजिरा (वडोदरा) और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी – और पूरे भारत में "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" विषय के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन किया। माननीय केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने पटना में समारोह का नेतृत्व किया, जबकि क्रमशः आगरा और तिरुवनंतपुरम में माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और श्री जॉर्ज कुरियन ने भाग लिया। वडोदरा में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में 1,200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एक अतिरिक्त आकर्षण NDDB की प्रदर्शनी थी जिसमें पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित सतत पशु देखभाल को बढ़ावा देने वाली पारंपरिक पशु चिकित्सा पद्धतियों और आयुर्वेदिक पशुधन उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था।

नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में एक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय और मत्स्य विभाग के सचिव श्री अभिलक्ष लिखी सहित पशुपालन और डेयरी विभाग तथा मत्स्यपालन विभाग के वरिष्ठ कार्मिक स्टाफ उपस्थित थे। DAHD के अधीनस्थ कार्यालयों और देश भर में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा भी IDY 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जो स्वास्थ्य, स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश भर में आयोजित योग संगम कार्यक्रमों में 1.38 लाख से अधिक किसानों और 8,000 डेयरी सहकारी समितियों ने भाग लिया, जिसमें 12,000 से अधिक पौधे लगाए गए, जो स्वास्थ्य, सद्भाव और स्थिरता को बढ़ावा देते हैं।

पशुपालन और डेयरी विभाग
Department of Animal Husbandry and Dairying

13-2-4 ¼d½ lk>k lsok dsUæksa ¼CSC½ ds ek/;e ls if'peh vkSj nf{k.kh jkT;ksa@la?k jkT; {ks=ksa ds i'kqikydksa ds fy, opqZvy tkx:drk dk;ZØe

DAHD ने दिनांक 11 जुलाई, 2025 को साझा सेवा केंद्रों (CSC) के माध्यम से पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए एक वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने की। DAHD की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने इस कार्यक्रम को पशुपालकों के साथ सीधे जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने दूध उत्पादन बढ़ाने में विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए सेक्स सॉर्टेड सीमन (SSS) के उपयोग जैसी पहलों के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि SSS की कीमत में भारी कमी आई है, जिससे यह देश भर के किसानों के लिए अधिक सुलभ और किफायती हो गया है। उन्होंने किसानों से सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया, क्योंकि इससे उन्हें पशुपालन में व्यावहारिक उपयोग के लिए ज्ञान को 'प्रयोगशाला से खेत तक' पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने विभिन्न राज्यों के किसानों से भी बातचीत की और उनके पशुधन, पशु चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच और विभागीय योजनाओं के बारे में उनकी जागरूकता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

DAHD की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय ने पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने और रोगों के प्रसार को रोकने के लिए समय पर टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया और साथ ही जूनोसिस की अवधारणा पर चर्चा करते हुए रोग नियंत्रण उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने में उन्नत नस्ल सुधार तकनीकों की भूमिका पर भी बल दिया। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों को कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यों में सक्रिय रूप से लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे पशुपालन क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान हो सके।

इस कार्यक्रम में देश के पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 2000 CSC से 1 लाख पशुपालकों ने भाग लिया। गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली, गोवा, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के किसान इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पशुपालन के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे नस्ल सुधार, टीकाकरण, विदेशी रोगों पर नियंत्रण और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में SSS और टीकाकरण पर विशेषज्ञ सत्र रखे गए और शैक्षिक वीडियो दिखाए गए।

यह पहल पशुधन और डेयरी क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग के प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है तथा पशुपालकों और डेयरी किसानों से सीधे संपर्क स्थापित किया जा रहा हैं

13-2-4 ¼[k½ i'kqikyu vkSj Ms;jh foHkkx us jkT; ea=h çks- ,l-ih- flag c?ksy dh v/;{krk esa mÙkj] mÙkj&iwohZ jkT;ksa vkSj fcgkj esa lk>k lsok dsUæksa ¼CSC½ ds ek/;e ls opqZvy tkx:drk dk;ZØe vk;ksftr fd;kA

"पशुधन उत्पादकता संवर्धन" विषय पर दिनांक 23 जुलाई, 2025 को एक वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने की। पशुपालन और डेयरी विभाग (**DAHD**) की सचिव श्रीमी अलका उपाध्याय, DAHD की अपर सचिव सुश्री वर्षा जोशी और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सत्र में उपस्थित थे। यह एक विस्तार कार्यक्रम था जिसका उद्देश्य बिहार सहित उत्तर और उत्तर–पूर्वी राज्यों के पशुपालकों को सशक्त बनाना था। यह कार्यक्रम साझा सेवा केंद्रों (CSCs) के माध्यम

से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 4,000 CSC केंद्रों के माध्यम से 2 लाख से अधिक पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और लद्दाख सहित 16 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र के पशुपालकों ने इस सत्र में भाग लिया।

अपने संबोधन में प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने किसानों से सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने और कृत्रिम गर्भाधान, जीनोमिक चयन, जैव सुरक्षा उपायों और AHD किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। श्रीमती अलका उपाध्याय ने किसानों को सीधे सेवाएं प्रदान करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और पहाड़ी क्षेत्रों में पशुधन और डेयरी के विकास की अपार संभावनाओं की ओर इशारा करते हुए स्थानीय समुदायों से अपने प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठाने का आग्रह किया। संवाद के दौरान, सुश्री वर्षा जोशी ने सेक्स–सॉर्टेड सीमेन और IVF जैसी उन्नत प्रजनन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों को विज्ञान आधारित उत्पादकता सुधारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस जागरूकता कार्यक्रम में आधुनिक तकनीकों और सहायता योजनाओं के माध्यम से पशुधन उत्पादकता बढ़ाने पर विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्र और जानकारीपूर्ण वीडियो शामिल थे। इसने ज्ञान साझा करने, नीतिगत जागरूकता और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें ग्रामीण विकास में पशुपालकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। यह पहल देश भर के किसानों के साथ सीधे जुड़कर और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके पशुधन और डेयरी क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए DAHD के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

13-2-4 ¼x½ e/;] iwohZ] nf{k.kh vkSj mÙkjh jkT;ksa@la?k jkT; {ks=ksa ds 2]000 lk>k lsok dsaæksa ¼CSCs½ ds ek/;e ls 1 yk[k i'kqikydksa ds fy, opqZvy tkx:drk dk;ZØeA

दिनांक 20 अगस्त, 2025 को मध्य, पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के साझा सेवा केंद्रों (CSCs) के माध्यम से पशुपालकों के लिए एक वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने की। सुश्री वर्षा जोशी, अपर सचिव (CDD), श्री रमा शंकर सिन्हा, अपर सचिव (LH) और डॉ. मुथुकुमारसामी बी., संयुक्त सचिव (IT/NLM/SD) के साथ–साथ पशुपालन और डेयरी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने इस कार्यक्रम को पशुपालकों के साथ सीधे जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए टीकाकरण कार्यक्रम और सेक्स सॉर्टेड सीमन (SSS) के उपयोग जैसी पहलों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। माननीय राज्य मंत्री ने पशुपालकों से बातचीत की और उन्हें SSS(सेक्स सॉर्टिड सीमन) तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसके परिणामस्वरूप 90% से अधिक बछड़ियों का जन्म हुआ, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हुई। उन्होंने किसानों से सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया ताकि वैज्ञानिक ज्ञान को व्यावहारिक पशुपालन फार्मिंग के लिए 'प्रयोगशाला से खेत तक' पहुंचाया जा सके। उन्होंने टीकाकरण के महत्व पर भी बल दिया और किसानों को सलाह दी कि वे अपने पशुओं का नियमित टीकाकरण करवाएं और उपचार संबंधी सहायता के लिए विभाग के टोल–फ्री नंबर 1962 का उपयोग करें।

देश के मध्य, पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2,000 स्थानों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम में एक लाख पशुपालकों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दिल्ली और चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पशुपालन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे नस्ल सुधार, जूनोटिक रोगों नियंत्रण, जैव सुरक्षा और विभागीय योजनाओं के माध्यम से उद्यमिता विकास के बारे में जागरूक करना था। इसमें पशुधन उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता वीडियो और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्र शामिल थे।

यह पहल पशुधन और डेयरी क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग के प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है और पशुपालकों तथा डेयरी किसानों से सीधे संपर्क स्थापित किया जा रहा है।

13-2-5 **DAHD** us **UNDP** bafM;k ds lg;ksx ls fnukad 3 flrEcj 2025 dks vkxjk] mÙkj çns'k esa *lapkj j.kuhfr ds fodkl ij fgr/kkjd ijke'kZ* fo"k; ij ,d jk"Vªh; dk;Z'kkyk dk vk;kstu fd;k vkSj viuk vkf/kdkfjd 0gkV~l,i pSuy y‚Up fd;kA

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीन पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने UNDP इंडिया के सहयोग से दिनांक 3 सितंबर 2025 को आगरा, उत्तर प्रदेश में 'संचार रणनीति के विकास पर हितधारक परामर्श' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम DAHD और UNDP के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया गया था। माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर, ''पशुपालन और डेयरी विभाग'' भारत सरकार का आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य पशुपालकों को सरकारी योजनाओं, पशुपालन पद्धतियों, रोगों के प्रकोप, टीकाकरण कार्यक्रम, मौसम संबंधी चेतावनियों, चारे की उपलब्धता और पशुधन के बाजार मूल्यों सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी वास्तविक समय में उपलब्ध कराना है। यह चौनल विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले किसानों तक पहुंचने के लिए बनाया गया है। चौनल से जुड़ने के लिए, उपयोगकर्ता QR कोड स्कैन कर सकते हैं या निम्नलिखित लिंक पर क्लिक कर सकते हैं: https://whatsapp.com/channel/0029VbB7I•MCBt•8wvHZVi2oA

अपने संबोधन में, प्रोफेसर बघेल ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के प्रत्येक किसान तक सभी सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के महत्वता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के निदेशकों और नोडल अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जमीनी स्तर पर विस्तार कार्यकलाप और किसानों के लाभ के लिए पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

13-2-6 fnukd 12&13 flrcj] 2025 dk *dUotil iofy;u* ljl vkthfodk eyk 2025

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीन पशुपालन और डेयरी विभाग ने दिनांक 12 से 13 सितंबर, 2025 तक नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित दिल्ली SARAS आजीविका मेला 2025 में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह आयोजन ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

मेले के एक भाग के रूप में, भाग लेने वाले मंत्रालयों और विभागों को अपनी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित स्लॉट प्रदान करने हेतु एक 'कन्वर्जेंस पवेलियन' स्थापित किया गया था। इस मंच ने DAHD को अपने कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रभावी ढंग से प्रसारित करने और आगंतुक राज्यों, लाभार्थियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने में सक्षम बनाया, जिससे ग्रामीण आजीविका क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिला और पहुंच प्रयासों को बढ़ाया जा सका।

13-2-7 DAHD us i'kikydk dsfy, ,Fkuk oVjujh vk"kf/k ¼EVM½ ij opvy tkx:drk dk;Øe dk vk;ktu fd;k

'आयुर्वेद लोगों और ग्रह के लिए' विषय पर आयोजित 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, पशुपालन डेयरी पालन विभाग (DAHD) ने दिनांक 23 सितंबर 2025 को साझा सेवा केंद्रों (CSC) नेटवर्क के माध्यम से पशुपालकों के लिए एथनो वेटरनरी औषधि (EVM) पर एक वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग के सचिव श्री नरेश पाल गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 23 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र के 2,000 से अधिक CSC के एक लाख से अधिक किसानों ने भाग लिया। श्री गंगवार ने पशुधन के सतत स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) से निपटने के लिए आयुर्वेद को आधुनिक पशु चिकित्सा पद्धतियों के साथ एकीकृत करने पर जोर दिया और EVM को एक पर्यावरण अनुकूल और किफायती विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया।

DAHD की अपर सचिव सुश्री वर्षा जोशी ने बोवाईन में होने वाले मैस्टाइटिस के उपचार में म्टड के उपयोग पर प्रकाश डाला और एंटीबायोटिक औषधियों के उपयोग को कम करने में इसकी भूमिका पर बल दिया, जिससे एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (AMR) को कम किया जा सके। उन्होंने पशुपालकों को स्वस्थ पशुधन और दीर्घकालिक क्षेत्रीय स्थिरता के लिए पारंपरिक हर्बल उपचार अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम में आयुर्वेद आधारित पशु चिकित्सा पद्धतियों पर विशेषज्ञ सत्र शामिल थे, और यह DAHD के सतत पशुधन प्रबंधन, औशधीय पौधों के संरक्षण और किसानों के लिए किफायती स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को बढ़ावा देने के व्यापक मिशन के अनुरूप था।

13-2-8 ubZ fnYyh ds Hkkjr eMie esa vk;ksftr fo'o [kk| Hkkjr 2025 esa i'kqikyu vkSj Ms;jh foHkkx dh Hkkxhnkjh

पशुपालन और डेयरी पशु विभाग ने दिनांक 25 से 28 सितंबर 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में भाग लिया।

विभाग के पवेलियन में पशुधन और डेयरी क्षेत्रों की प्रमुख योजनाओं, पहलों और नवाचार तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत भर के 15 स्टार्टअप शामिल थे – जिनमें डेयरी उत्पाद इनोवेटर्स से लेकर पशुधन आधारित तकनीकी कंपनियां शामिल थीं। दिनांक 25 सितंबर को, माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने हैंगर 1 स्थित पवेलियन का दौरा किया, जहां 'सेल्फी पॉइंट' और स्टार्टअप द्वारा उत्पादों के लाइव प्रदर्शन ने विशेष ध्यान आकर्षित किया।

पवेलियन ने तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को उजागर किया, जिसे उद्यमियों, इनोवेटर्स और विदेशी प्रतिनिधियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। विभाग ने उद्घाटन दिवस पर CEO गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लिया और दिनांक 25 सितंबर को 'सतत पशुधन उत्पादनः गैर–बोवाईन क्षेत्र में उभरते अवसर' शीर्षक से एक ज्ञान सत्र का आयोजन किया। संयुक्त सचिव (DAHD) डॉ. मुथुकुमारसामी बी. की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में मिल्कस्टेशन मंत्रा, स्वाधा एग्री, डेलीफ्रेश फार्म टेक प्राइवेट लिमिटेड और DAHD के अधिकारियों ने वक्ताओं के रूप में भाग लिया। इसने सार्थक चर्चाओं को सुगम बनाया, जिससे हितधारकों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान–प्रदान को प्रोत्साहन मिला।

कुल मिलाकर, विभाग की भागीदारी ने पशुधन और डेयरी क्षेत्रों में नवाचारों को प्रदर्शित करने, संवाद को बढ़ावा देने और विकास की संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया।

13-2-9 fnukd 7 uocj] 2025 dk on ekrje dh 150oh o”kxkB d miy{; e vk;kftr Lej.kkRed dk;Øe

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने और हमारे राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व को सम्मानित करने के लिए, विभाग ने दिनांक 7 नवंबर, 2025 को कृषि भवन में माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल की अध्यक्षता में यह दिवस मनाया। यह समारोह विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालयों और डेयरी सहकारी समितियों सहित 119 संस्थानों में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 3,120 व्यक्तियों ने भाग लिया।

13-2-10 fnukd 12 uocj] 2025 dk ;'kkHkfe] ubl fnYyh e vk;kftr tutkrh; 0;kikj lEeyu 2025] fd;k x;kA

DAHD ने दिनांक 12 नवंबर 2025 को यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित 'जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025' प्रदर्शनी में भाग लिया। विभाग ने एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर इसमें भाग लिया, जिसमें विभाग द्वारा कार्यान्वित फ्लैगशिप योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया और साथ ही आगंतुकों को विभाग की सफलता की कहानियों से अवगत कराया गया।

इस मंच ने DAHD को अपने कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रभावी ढंग से प्रसारित करने और आने वाले राज्यों, लाभार्थियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने में सक्षम बनाया, जिससे ग्रामीण आजीविका क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिला और पहुंच प्रयासों को बढ़ाया जा सका।

13-2-11 44ok Hkkjrh; vrjk"Vh; 0;kikj eyk ¼IITF½ fnukd 14&27 uocj] 2025 rd Hkkjr eMie] ubZ fnYyh e vk;kftr gvkA

DAHD ने तकनीकी नवाचार और डेयरी उत्पादों से संबंधित 2 स्टार्टअप की भागीदारी के साथ भारत मंडपम, नई दिल्ली में दिनांक 14–27 नवंबर, 2025 तक आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF) में भाग लिया।

DAHD में नाम प्रदर्शनी स्टॉल में विभाग द्वारा कार्यान्वित फ्लैगशिप योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर आधारित DAHDस्टॉल में विभाग की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हितधारकों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, देशी नवाचार और साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने में टिकाऊ प्रथाओं के महत्व को उजागर करना था।

13-2-12 fnukad 1 uoacj] 2025 ls 15 uoacj] 2025 rd 5oa tutkrh; xkSjo fnol 2025 dk vk;kstu fd;k x;kA

DAHD ने दिनांक 1 नवंबर, 2025 से 15 नवंबर, 2025 तक विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालयों में 5वें जनजातीय गौरव दिवस 2025 के आयोजन में भाग लिया।

आदिवासी समुदायों को विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं और पशुधन क्षेत्र में अवसरों के बारे में सूचित करने के लिए विभिन्न जन जागरूकता अभियान चलाए गए, जिनका उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना, भागीदारी बढ़ाना और स्थानीय आदिवासी समुदायों के

बीच आजीविका जागरूकता को मजबूत करना था।

13-2-13 DAHD us fnukd 19 uoEcj] 2025 dks PM-KISAN ;kstuk dh 21oha fdLr ds forj.k lekjksg esa Hkkx fy;kA

DAHD ने अपने विभिन्न अधीनस्थ कार्यालयों के माध्यम से वर्चुअल रूप से अगस्त 2025 से नवंबर 2025 की अवधि के लिए PM-KISAN योजना की 21वीं किस्त के वितरण समारोह में भाग लिया, जिसे भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिनांक 19 नवंबर 2025 को पात्र किसानों को जारी किया गया था।

इस वर्चुअल कार्यक्रम के लिए कुल 129 स्थान निर्धारित किए गए थे, जिसमें 22,213 पशुपालकों और डेयरी सहकारी समितियों ने भाग लिया।

13-2-14 fnukd 26 uoEcj] 2025 dks ubZ fnYyh esa jk"Vªh; nqX/k fnol 2025 euk;k x;k] vkSj jk"Vªh; xksiky jRu iqjLdkj 2025 çnku fd, x,A

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, DAHD ने 25 नवंबर, 2025 को सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 2025 मनाया। इस कार्यक्रम में माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, FAHD माननीय राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन, DAHD सचिव श्री नरेश पाल गंगवार सहित DAHD के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने तीन श्रेणियों: देशी गोपशु/भैंस की नस्लों का पालन करने वाला सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन और सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति (DCS)/दूध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन में विजेताओं को राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान किए।

माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) के अंतर्गत रोपड़ मिल्क संघ द्वारा चालू किए गए 20 आधुनिक इंसुलेटेड दूध टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, यह कार्यक्रम JICA समर्थित परियोजना–घटक ख: सहकारी समितियों के माध्यम से दूध उत्पादन के तहत चलाया जा रहा है। इस अवसर पर 9 नस्ल वृद्धि फार्मों का भी उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, इस कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्य मंत्री ने निम्नलिखित का भी शुभारंभ किया:

- Hkkjr esa i'kq fpfdRlk volajpuk ds U;wure ekudksa ds fy, fn'kkfunsZ'k – ये दिशानिर्देश पशु चिकित्सा सेवा डिलीवरी के लिए एक समान चार–स्तरीय संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं, जिसमें प्राथमिक पशु चिकित्सा देखभाल केंद्र (PVC), ब्लॉक–स्तरीय पशु चिकित्सा अस्पताल, जिला–स्तरीय पशु चिकित्सा अस्पताल और राज्य–स्तरीय पॉलीक्लिनिक/रेफरल केंद्र शामिल हैं, ये दिशानिर्देश राज्यों को पशु चिकित्सा सेवा वितरण को बेहतर बनाने में सहायता करेंगे।

- eqyHkwr i'kqikyu lkaf[;dh (BAHS) 2025 – BAHS 2025 एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है जो पशुधन और डेयरी क्षेत्र पर व्यापक डेटा प्रदान करता है। BAHS–2025 एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (ISS) के परिणामों के वार्षिक आधार पर देश में दूध, अंडे, मांस और ऊन के उत्पादन का अनुमान जारीए जो पूरे देश में तीन ऋतुओं अर्थात् ग्रीष्म ऋतु (मार्च–जून), वर्षा ऋतु (जुलाई–अक्टूबर) और शीत ऋतु (नवंबर–फरवरी) में आयोजित किया जाता है।

अपने संबोधन में, माननीय राज्य मंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था में डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और बताया कि भारत सरकार के प्रयासों से प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो प्रतिदिन 485 ग्राम तक पहुंच गई है, जो वैश्विक औसत 329 ग्राम प्रतिदिन से अधिक है। उन्होंने डेयरी किसानों को प्रोत्साहित किया और कहा कि राष्ट्र की शक्ति गांवों में निहित है। माननीय मंत्री ने अपने भाषण में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं की

सराहना की और डेयरी क्षेत्र की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में 'पशु उत्पादकता बढ़ाना – तकनीकी विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों के साथ अनुभव साझा करना' विषय पर विचारोत्तेजक पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों ने अपने विचार, व्यावहारिक अनुभव, नवोन्मेशी पद्धतियां, नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना और जमीनी स्तर की रणनीतियां साझा कीं, जिनसे पशु उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं।

13-2-15 fnukad 29 uoacj] 2025 dks jk"Vªh; ehfM;k dsaæ] ubZ fnYyh esa fodflr Hkkjr ds fy, vkmVfjp vkSj lapkj ij dk;Z'kkyk dk vk;kstu fd;k x;kA

विभाग के सभी अपर सचिवों, पशुपालन आयुक्तों और संयुक्त सचिवों ने दिनांक 29 नवंबर को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विकसित भारत के लिए आउटरिच और संचार पर कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यशाला दिनांक 25 अक्टूबर, 2025 को आयोजित 'विकसित भारत के लिए आउटरिच और संचार में सुधार' विषय पर एक दिवसीय सचिव सम्मेलन के अनुवर्ती के रूप में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान सामने आए प्रमुख बिंदुओं और परिणामों को उजागर करना था।

13-2-16 fnukad 18 fnlacj] 2025 dks —f"k Hkou esa vk;kftr Jenku dk;ZØe ds fy, lks'ky ehfM;k vfHk;ku

दिनांक 16 दिसंबर से दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक मनाए जा रहे पाक्षिक स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत, जो 10वीं वर्षगांठ के कार्यान्वयन का प्रतीक है।

लगातार दूसरे वर्ष, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग ने 18 दिसंबर, 2025 को कृषि भवन, नई दिल्ली में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल के नेतृत्व में आयोजित किया

गया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए, माननीय राज्य मंत्री ने कार्यस्थल पर स्वच्छता और साफ–सफाई के महत्व पर जोर दिया और संगठनात्मक उत्पादकता बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि स्वच्छ कार्य वातावरण बनाए रखने से संस्थानों की प्रभावशीलता और दक्षता पर स्थायी प्रभाव पड़ता है और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान होता है।

13-2-17 fnukad 19 fnlacj] 2025 dks —f"k Hkou] esa Jenku xfrfof/k ij v,uykbu vfHk;ku

दिनांक 16 दिसंबर से दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक मनाए जा स्वच्छता पखवाड़े के लगातार दसवें वर्ष के कार्यान्वयन के उपलक्ष्य में, DAHD द्वारा दिनांक 19 दिसंबर, 2025 को कृषि भवन, नई दिल्ली में श्रमदान कार्यकलाप का आयोजन किया गया।

यह कार्यकलाप DAHD की अपर सचिव सुश्री वर्षा जोशी के नेतृत्व में संचालित किया गया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृषि भवन में चलाए गए स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

13-2-18 ,&gYi ¼i'kq/ku mRiknu ds LokLF; vkSj foLrkj ds fy, ekU;rk çkIr ,tsaV½

- भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (M/oFAHD) के अधीन पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) ने दिनांक 1 सितंबर, 2021 को एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए।
- MoU के अनुसार, पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) पशुधन संसाधन व्यक्तियों और प्राथमिक सेवा प्रदाताओं के रूप में पशुसखियों (स्वयं सहायता समूहों) के सदस्यों की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 'ए–हेल्प' (पशुधन उत्पादन के स्वास्थ्य और विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त एजेंट) नामक एक नए मान्यता प्राप्त मॉडल का उपयोग करेगा।
- यह कार्यक्रम वर्ष 2022 में शुरू किया गया था, और तब से अब तक 293 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और 908 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। NDDB द्वारा तैयार किए गए राज्यवार मास्टर ट्रेनरों का विवरण नीचे दिया गया है:

ekLVj Vsªusl dk;Øe dh lefdr fLFkfr			
Ø-l-	jkT;@la?k jkT; {ks=	vk;ksftr dk;Øeksa dh la[;k	mifLFkr çfrHkkfx;ksa dh la[;k
1	मध्य प्रदेश	5	60
2	जम्मू एवं कश्मीर	2	40
3	उत्तराखंड	4	59
4	झारखंड	4	59
5	महाराष्ट्र	3	59
6	बिहार	3	60
7	गुजरात	4	99
8	कर्नाटक	4	126
9	केरल	3	65
10	असम	2	40
11	राजस्थान	3	74
12	छत्तीसगढ़	3	61
13	मिजोरम	2	10
14	सिक्किम	1	5
15	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2	5
16	त्रिपुरा	2	10
17	ओडिशा	2	33
18	उत्तर प्रदेश	2	43
	dqy	51	908

- अर्थात् 16 राज्यों केरल, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड, झारखंड, असम, महाराष्ट्र, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, ओडिशा, त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ में कुल 293 ए–हेल्प फील्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों

में 7504 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम AHD प्रशिक्षण केंद्रों / RSETI / विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / NGO / ट्रस्ट / LDB प्रशिक्षण केंद्रों / निजी प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किए जाते हैं।

वन–हेल्प कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों का राज्य वार विवरण नीचे दिया गया है:

Ø-l-	jkT;@la?k jkT; {ks=	dk;Øeksa dh la[;k	çf'kf{kr çfrHkkfx;ksa dh la[;k
1	मध्य प्रदेश	41	1047
2	जम्मू और कश्मीर	24	599
3	बिहार	50	1246
4	गुजरात	21	486
5	कर्नाटक	18	542
6	झारखंड	12	294
7	उत्तराखंड	20	506
8	असम	6	150
9	केरल	15	438
10	महाराष्ट्र	24	651
11	मिजोरम	9	225
12	राजस्थान	3	70
13	सिक्किम	4	100
14	ओडिशा	37	928
15	त्रिपुरा	5	120
16	छत्तीसगढ	4	102
dqy		293	7504

13-3 tu tkx:drk dk;Øe

13-3-1 lpuk] f'k{kk vkSj lapkj ¼IEC½ lkexzh

- डिजिटल इकोसिस्टम, तकनीकी नवाचार, विस्तार कार्यकर्ता, विश्व का सबसे बड़ा खुरपका और मुंहपका टीकाकरण अभियान, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, DAHD के लाभार्थियों की सफलता की कहानियां और DAHD की उपलब्धियों पर 7 वीडियो तैयार किए गए हैं, जिन्हें दिनांक 1 से 7 जून 2025 तक ओसाका, जापान में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 में प्रदर्शित किया जाएगा।
- गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं पर आधारित 15 वीडियो तैयार किए गए हैं, जो प्रभावशाली कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मल्टीमीडिया दृष्टिकोण में योगदान करते हैं।

13-3-2 lks'ky ehfM;k

13-3-2-1 lks'ky ehfM;k fjiksVZ ¼vçSy 2025& fnlacj 2025½

